■ केरल : पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो कहा-अगली सरकार हमारी - 12

■ ईंधन, एलपीजी आपूर्ति के लिए सरकार ने तेज किए प्रयास - 12

■ पश्चिम एशिया में विश्वविद्यालय भी निशाने पर - 13

■ ब्रेक से तरोताजा होकर वापसी में मदद मिली : विराट कोहली- 14



एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी 07:09 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 30 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 218, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये

अमेरिका के सेंट पॉल में 'नो किंग्स' मार्च के दौरान मिनेसोटा स्टेट कैपिटल के बाहर नारे लगाते प्रदर्शनकारी।

अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ भड़का आक्रोश

'नो किंग्स प्रोटेस्ट' में पद से हटाने की मांग, यूरोप-ऑस्ट्रेलिया समेत 12 देशों में भी विरोध-प्रदर्शन

सेंट पॉल (अमेरिका), एजेंसी

50 अमेरिकी राज्यों में हुआ प्रदर्शन

3300 जगहों पर जुटे प्रदर्शनकारी

80 लाख लोग विरोध मार्च में शामिल

अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' हुआ। अमेरिका के सभी 50 राज्यों के अलावा यूरोप, आस्ट्रेलिया समेत 12 देशों में लाखों लोगों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

यह विरोध प्रदर्शन विशेष रूप से ईरान के साथ जारी युद्ध और कड़े इमिग्रेशन कानूनों के खिलाफ हो रहे है। अमेरिका में नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए। अमेरिका का मिनेसोटा प्रांत इस आंदोलन का मुख्य केंद्र बनकर उभरा, जहां हजारों लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए ट्रंप की सख्त आव्रजन नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। सेंट पॉल में कैपिटल लॉन में आयोजित मुख्य रैली में प्रसिद्ध गायक ब्रूस स्प्रिंगस्टीन भी शामिल हुए। ब्रूस और अन्य वक्ताओं ने भीषण सर्दी के बावजूद सड़कों पर उतरकर अमेरिकी आव्रजन एजेंसी की कार्रवाई का विरोध करने के लिए प्रांत के लोगों की सराहना की। ब्रूस स्प्रिंगस्टीन ने संघीय एजेंटों की गोलीबारी में रिनी गुड और एलेक्स प्रेट्टी की मौत पर विरोध प्रकट करते हुए अपना गीत स्ट्रीट्स ऑफ मिनियापोलिस प्रस्तुत किया। इस गीत के माध्यम से उन्होंने गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि मिनेसोटा के लोगों द्वारा आव्रजन एजेंसी के खिलाफ किया गया प्रतिरोध पूरे देश के लिए आशा की किरण बन गया है। उन्होंने कहा, आपकी ताकत और प्रतिबद्धता ने हमें यह एहसास कराया कि यह अब भी वही देश है। और यह रूढ़ीवादी भयावह दौर तथा अमेरिकी शहरों में इस तरह की कार्रवाई अधिक समय तक नहीं चलेगी। 85 लाख की आबादी वाले न्यूयॉर्क शहर से लेकर दो हजार से भी कम आबादी वाले ड्रिग्स कस्बे तक लोग सड़कों पर उतर आए। अमेरिका के अलावा, यूरोप, लातिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया समेत कम से कम 12 देशों में भी विरोध-प्रदर्शन हुए।

ब्रीफ न्यूज

100 रुपये के लेन-देन को लेकर व्यक्ति की पीट पीटकर हत्या

बड़वानी (मप्र)। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में महज 100 रुपये के लेन-देन के विवाद में 35 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार फूल सिंह (35) ने मनीष सोलंकी (23) को कुछ वक्त पहले 100 रुपये उधार दिए थे और जब उसने यह रकम वापस मांगी, तो शनिवार और रविवार की दरमियानी रात सोलंकी का उससे विवाद हो गया। सोलंकी ने अपने दो के साथ मिलकर फूल सिंह को बुरी तरह पीटा। छाती, गुप्तांग और अन्य अंगों में गंभीर चोटों से फूल सिंह की मौत हो गई।

श्रीलंका के राष्ट्रपति ने ईंधन भेजने के लिए पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति में उत्पन्न व्यवधान के बीच भारत द्वारा तेल से भरा टैंकर भेजने के लिए रविवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। आपातकालीन सहायता के रूप में, 20,000 मीट्रिक टन डीजल और 18,000 मीट्रिक टन पेट्रोल सहित 38,000 मीट्रिक टन ईंधन की एक खेप शनिवार को भारत से कोलंबो पहुंची। दिसानायके ने कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी से पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति में हो रही दिक्कतों के बारे में बात की थी।

नेपाल में 4.5 तीव्रता का आया भूकंप, काठमांडू से 80 किमी दूर था केंद्र

काठमांडू। नेपाल के सिंधुपालचौक जिले में शनिवार रात को 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। झटके काठमांडू तक महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी। भूकंप से किसी प्रकार की क्षति या जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। रात करीब 11.35 बजे आए भूकंप का केंद्र सिंधुपालचौक के नुलथला खारका क्षेत्र के पास स्थित था, जो काठमांडू से लगभग 80 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है।

युद्ध के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण संकट के राजनीतिकरण से बचें

मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी बोले- जंग से गहरा रहा पेट्रोल-डीजल का संकट

- भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आएं, सरकार की जानकारी पर ही भरोसा करें
- मोदी बोले- पश्चिम एशिया से उपजी चुनौतियों का मिलकर सामना करें देशवासी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी नागरिकों से पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध के कारण पैदा हुई चुनौतीपूर्ण स्थिति से पार पाने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। मोदी ने वर्तमान संकट का राजनीतिकरण करने वालों को आगाह करते हुए कहा कि मौजूदा हालात में स्वार्थ भरी राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि अफवाहें फैलाने वाले लोग देश को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध जारी है। यह निश्चित तौर पर चुनौतीपूर्ण समय है। मैं आज मन की बात के माध्यम से सभी देशवासियों से फिर यह आग्रह करूंगा कि हमें एकजुट होकर इस चुनौती से बाहर निकलना है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह देश के 140 करोड़ देशवासियों के हित से जुड़ा विषय है और इसमें स्वार्थ भरी राजनीति का कोई स्थान नहीं है।अफवाह फैला रहे लोग देश का बहुत बड़ा नुकसान कर रहे हैं। मैं सभी देशवासियों से अपील करूंगा कि वे जागरूक रहें, अफवाहों के बहकावे में न आएं। सरकार की तरफ से आपको जो निरंतर जानकारी दी जा रही है, उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मोदी ने कहा कि उन्हें हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर इन कठिन हालात से विजयी बनकर बाहर निकल जाएंगे। खाड़ी देशों में रह रहे और वहां काम कर रहे एक करोड़ भारतीयों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए वह उन देशों के अत्यंत आभारी हैं। युद्ध वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

मोटापे से बचने के लिए चीनी का सेवन करें कम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से चीनी का सेवन कम करने और खाना पकाने के तेल का उपयोग 10 प्रतिशत तक घटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे प्रयास लोगों को मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से दूर रखेंगे। मोदी ने कहा कि इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ के पोस्ट पर कई लोगों ने टिप्पणी की है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री से अपने पिता को चीनी का सेवन कम करने के लिए कहने का अनुरोध किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे खुशी है कि मेरी अपील का उनके पिता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि चीनी का सेवन कम करें, और जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, हमें खाना पकाने के तेल का उपयोग भी 10 प्रतिशत तक कम करना होगा। ये छोटे प्रयास आपको मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाएंगे।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभाव पूरे भारत में

नई दिल्ली। मोदी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों पर प्रकाश डाला और कहा कि इसका प्रभाव देश के हर कोने में देखा जा रहा है। घरेलू छतों पर सौर ऊर्जा लगाने की यह योजना, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी ऐसी पहल कहा जाता है, का लक्ष्य मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा की आपूर्ति करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई आज किसी भी शहर, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, का दौरा करे तो उसे निश्चित रूप से एक बदलाव नजर आएगा कि बड़ी संख्या में घरों की छतों पर सौलर पैनल लगाए गए हैं।

अमेरिका के 2500 सैनिक पश्चिम एशिया पहुंचे, हमले में सऊदी में अमेरिकी एयरबेस को बड़ा नुकसान

ईरान के हमले में ध्वस्त हुआ अमेरिका का अत्याधुनिक ई-3 सेंट्री विमान।

दुबई, एजेंसी

- 1000 अमेरिकी पैराट्रूपर्स जल्द पहुचेंगे अत्याधुनिक अमेरिकी ई-3 सेंट्री विमान तबाह
- इजराइली व अमेरिकी विश्वविद्यालयों को निशाना बनाने की धमकी

पश्चिम एशिया में एक माह से जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के लगभग 2,500 मरीन सैनिक युद्ध क्षेत्र में पहुंच गए हैं और इसके साथ ही यहां पिछले दो दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती हो गई है। इसके अलावा, 82वीं 'एयरबोर्न डिवीजन' के 1,000 'पैराट्रूपर्स' को भी पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया गया है, जो दुश्मन के इलाके में उतरकर अहम ठिकानों और हवाई पट्टियों को सुरक्षित करने में सक्षम हैं।

वहीं, ईरान ने शुक्रवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन से बड़ा जवाबी हमला किया। ईरानी मीडिया का दावा है कि इस हमले में अमेरिका का अत्याधुनिक ई-3 सेंट्री विमान काफी हद तक नष्ट हो गया। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अमेरिका जमीनी बल उतारने के साथ ही अपने सभी उद्देश्यों को हासिल कर सकता है। इस बीच, रविवार को ईरान ने क्षेत्र में स्थित इजराइली और अमेरिकी विश्वविद्यालयों को निशाना बनाने की धमकी दी। ऐसा पहली बार है जब ईरान ने शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाने की खुले तौर पर धमकी दी है। अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने चेतावनी दी कि यदि ईरानी विश्वविद्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो क्षेत्र में मौजूद इजराइली विश्वविद्यालयों और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के परिसर को सीधे तौर पर निशाना बनाया जाएगा।

पाकिस्तान ने मिस्र और तुर्किये से जारी तनाव पर की चर्चा

इसलामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने चतुर्भुज शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को यहां मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों से मुलाकात कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और क्षेत्र में शांति वार्ता के प्रयासों पर चर्चा की। विदेश कार्यालय ने बताया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती, डार के निमंत्रण पर इस्लामाबाद की यात्रा पर हैं। विदेश कार्यालय ने रविवार को कहा कि डार और अब्देलत्ती के बीच हुई बैठक के दौरान पाकिस्तान और मिस्र ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की।

इरबिल में ड्रोन हमले तेज अमेरिकी ठिकाने निशाने पर

दुबई। जारी युद्ध के बीच उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र की राजधानी इरबिल में शनिवार रात भर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास एवं अन्य स्थानों को निशाना बनाकर कई ड्रोन हमले किए गए लेकिन उन्हें उनके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले की रोक दिया गया। इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों ने हाल के दिनों में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले तेज कर दिए हैं। इरबिल भी लगातार इन हमलों का निशाना बन रहा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी हालात और अधिक संवेदनशील हो गए हैं। अमेरिका ने एक बयान में ईरान समर्थित सशस्त्र समूहों के हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें घृणित आतंकी हमले बताया।

दो और एलपीजी जहाज होर्मुज से सुरक्षित पार

नई दिल्ली। दो और भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर युद्ध-प्रभावित होर्मुज से सुरक्षित निकल चुके हैं और कुछ दिन में भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद है। इन पर एक दिन के इस्तेमाल का रसोई गैस का भंडार है।

- एक दिन की रसोई गैस का भंडार, जल्द भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद
- बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम जहाज में है 94,000 टन एलपीजी

दो एलपीजी जहाज बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम, में 94,000 टन एलपीजी हैं। बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, वहीं बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर जा है और इसके एक अप्रैल को आने की उम्मीद है। होर्मुज मार्ग खाड़ी देशों से दुनिया में तेल और गैस के निर्यात का रास्ता है। हालांकि, ईरान ने पिछले सप्ताह कहा था कि जो देश शत्रु नहीं हैं उनके जहाज ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय के बाद इस मार्ग से निकल सकते हैं। इससे पहले चार भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर सुरक्षित रूप से इस मार्ग से निकल चुके हैं।

नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्रियों की संपत्तियों की जांच को आयोग गठित

काठमांडू। नेपाल की नवगठित सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी 100 सूत्री कार्य योजना के तहत पूर्व प्रधानमंत्रियों की संपत्तियों की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया है। इस समिति में कानून, वित्त, राजस्व और अनुसंधान के विशेषज्ञ शामिल हैं। सीआईएए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के अधीन कार्य करेगा। पहले चरण में, 2006 की नेपाल क्रांति के बाद सार्वजनिक पदों पर आसीन सभी लोगों की जांच की जाएगी और आयोग 15 दिनों के भीतर जांच पूरी करेगा। इसके बाद सरकार चार पूर्व प्रधानमंत्रियों - शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली, प्रचंड और माधव कुमार की संपत्तियों की जांच शुरू करेगी।

यूपी मेंआज से गेहूं खरीद शुरू 48 घंटे में होगा भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2.24 लाख किसानों ने कराया पंजीकरण 50 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य

अमृत विचार : रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश में गेहूं खरीद आज यानी सोमवार से शुरू होकर 15 जून तक चलेगी। खरीद शुरू होने से पहले ही अब तक 2.24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रदेश में खोले जाने वाले कुल 6500 क्रय केंद्रों में से 3574 क्रय केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं।

सरकार ने इस वर्ष गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये अधिक है। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए हैं कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुगम रहे तथा किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। प्रदेश में खाद्य एवं रसद विभाग समेत कुल आठ एजेंसियों के माध्यम से

6500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाने हैं। सभी क्रय केंद्र सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक संचालित होंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल और बैठने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। इस बार किसानों को गेहूं बिक्री पर अतिरिक्त सुविधा देते हुए उतराई, छनाई और सफाई के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल अलग से दिए जाएंगे।

कार्यक्रम संकट के समय दुष्प्रचार राष्ट्रहित के खिलाफ, लोगों से सतर्क रहने की अपील, 665 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को मिले नियुक्ति पत्र

जनता ने नकार दिया तो अब बन गए हैं अफवाहबाज : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता द्वारा नकारे जाने के बाद कुछ लोग अब अफवाह और दुष्प्रचार के सहारे समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से ऐसे लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि संकट के समय दुष्प्रचार करना राष्ट्रहित के खिलाफ है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को लोक भवन में आयोजित 665 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने डीजल-पेट्रोल और रसोई गैस को लेकर अफवाह और दुष्प्रचार फैलाने वाले

लखनऊ : लोकभवन में एक अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी।

विपक्षी नेताओं पर तीखा प्रहार किया। वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में आर्थिक अस्थिरता और संकट की स्थिति है, पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थिति नियंत्रित है। केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कमी कर 145 करोड़ देशवासियों को राहत दी है, जिसका लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है। योगी ने अफवाहों के उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ लोग गैस सिलेंडर में कम गैस मिलने या देश में लॉकडाउन लगने जैसी झूठी बातें फैला रहे हैं। उन्होंने इसे बचकानी हरकत बताते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें केवल भ्रम पैदा करती हैं, जबकि प्रदेश में सभी कार्य सामान्य रूप से चल रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि बिना आवश्यकता पेट्रोल-डीजल या गैस के लिए लाइन में न लगें और अफवाहों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि जब टंकी भरी है तो बार-बार लाइन में खड़े होने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान सरकार ने हर स्तर पर जनता की सहायता की थी। आज भी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ लोगों के साथ खड़ी है। ऐसे में अफवाह फैलाने वालों के बहकावे में आने के बजाय सरकार के मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए।

नौ लाख युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। पूरी प्रक्रिया मेरिट और आरक्षण के नियमों के अनुसार पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई है। उन्होंने कहा कि अब भर्ती प्रक्रियाएं इतनी निष्पक्ष हैं कि न्यायालयीय हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं पड़ती।

अपराध के साथ भ्रष्टाचार पर भी जीरो टॉलरेंस

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति सिर्फ अपराध के प्रति ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ भी है। भर्ती प्रक्रिया में मानव हस्तक्षेप को समाप्त कर पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है और देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

लखनऊ के लोक भवन में आयोजित 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

अभ्यर्थियों ने पारदर्शी चयन प्रक्रिया को सराहा

मुख्यमंत्री योगी के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर भावुक हुए अभ्यर्थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राजधानी लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों की खुशी देखते ही बन रही थी। मंच से एक-एक कर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्पक्षता की सराहना की।

अभ्यर्थियों ने कहा कि अब सरकारी भर्तियों में मेहनत और योग्यता को ही प्राथमिकता मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जाति, धर्म और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर सभी को समान अवसर दिया जा रहा है। इस नियुक्ति प्रक्रिया ने युवाओं के बीच सिस्टम के प्रति विश्वास को मजबूत किया है। चयनित अभ्यर्थियों की बातों से साफ झलकता है कि अब सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता और निष्पक्षता नई पहचान बन चुकी है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा अमित घोष, लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, केजीएमयू वाइस चांसलर डॉ. सोनिया नित्यानंद आदि उपस्थित थे।

> पारदर्शी परीक्षा के कारण मुझे प्रथम रैंक हासिल करने का अवसर मिला। परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष रही। मुख्यमंत्री से मिलना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है।
> – प्रियंका सिंह (मोहनलालगंज, लखनऊ)

> दो चरणों में हुई परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी रही। इसमें वही सफल हुए जो वास्तव में योग्य थे। यह मेरे जीवन का गौरवपूर्ण क्षण है।
> – संध्या सिंह (सुल्तानपुर)

> परीक्षा केंद्रों पर इतनी कड़ी सुरक्षा थी कि किसी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना ही नहीं थी। यह सरकार की ईमानदार और पारदर्शी व्यवस्था का उदाहरण है।
> – अनामिका यादव (मैनपुरी)

> पहले मेरे मन में उत्तर प्रदेश को लेकर गलत धारणा थी, लेकिन अब राज्य तेजी से विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बदलाव साफ दिखता है।
> – शरिमा सिद्दीकी

> नियुक्ति पत्र मिलना मेरे जीवन का सबसे गर्वपूर्ण क्षण है। पारदर्शी प्रक्रिया से योग्य उम्मीदवारों को ही अवसर मिला।
> – आकांक्षा

न्यूज ब्रीफ

वादा करें नोएडा एयरपोर्ट नहीं बेचेंगे

अमृत विचार, लखनऊ: अखिलेश यादव की गौतमबुद्ध नगर के दादरी में आयोजित रैली से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। सपा प्रमुख ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इसका उद्घाटन "बेचने के लिए" किया गया है और सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि एयरपोर्ट का निजीकरण नहीं होगा। उन्होंने किसानों को उनकी जमीन का बाजार भाव से मुआवजा न मिलने का आरोप लगाते हुए वादा किया कि सपा सरकार बनने पर विकास परियोजनाओं के लिए ली जाने वाली जमीन का उचित मूल्य दिया जाएगा। दादरी के सम्राट मिहिर भोज कॉलेज मैदान में हुई रैली में अखिलेश यादव ने कहा कि सपा शासनकाल में किसानों को बेहतर मुआवजा मिलता था, जबकि वर्तमान सरकार में उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

बसपा सरकार में पड़ी थी नोएडा एयरपोर्ट की नींव

अमृत विचार, लखनऊ : जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर बसपा प्रमुख मायावती का दावा है कि इस परियोजना की आधारशिला उनकी बसपा सरकार के दौरान ही रखी गई थी। जरूरी बुनियादी कार्य बसपा सरकार के समय ही शुरू हो गए थे, लेकिन बाद में केंद्र की कांग्रेस सरकार के असहयोग से इसमें देरी हुई। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में आरोप लगाया कि उस समय केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस परियोजना में बाधाएं डालीं। अगर, व्यवधान न खड़े किए गए होते तो यमुना एक्सप्रेसवे की तरह यह परियोजना भी उनकी सरकार में ही पूरी हो सकती थी।

संगठन के विस्तार में जुटी आरपीआई (ए)

अमृत विचार, लखनऊ: रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के केंद्रीय नेता रामदास अठावले के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेशभर से लोगों का पार्टी से जुड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में संगठन विस्तार को लेकर बैठक हुई। बैठक में कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। लखनऊ पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को ग्राम पंचायत, ब्लॉक और बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। आने वाले समय में रैलियों और बैठकों के माध्यम से जनसमस्याओं को गहराई से समझा जाएगा।

कन्या सुमंगला योजना से नई उड़ान

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कन्या सुमंगला योजना बेटियों के सशक्तीकरण का मजबूत आधार बनती जा रही है। इसी क्रम में अमेठी जिले की 23 छात्राओं को स्नातक स्तर पर प्रवेश के बाद योजना की अंतिम किश्त जारी की गई, जिससे उनके उच्च शिक्षा के सपनों को नई मजबूती मिली है। योजना के तहत बेटियों को जन्म से लेकर स्नातक स्तर तक छह चरणों में आर्थिक सहायता दी जाती है। वर्ष 2024-25 में इस सहायता राशि को बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया गया है, जो सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है।

नए बजट की हर स्वीकृति पर रहेगी वित्त विभाग की नजर

विधानमंडल से स्वीकृत बजट 2026-27 लागू करने का शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अंतिम तिमाही में फिजूल खर्च पर रोक, योजनाओं में चरणबद्ध किया जाएगा भुगतान
- पेंशन-छात्रवृत्ति सीधे खातों में नई योजनाओं पर बिना अनुमति खर्च नहीं

अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लागू करते हुए खर्च और वित्तीय स्वीकृतियों पर कड़ा नियंत्रण लागू कर दिया है। वित्त विभाग की ओर से जारी विस्तृत शासनादेश में साफ कहा गया है कि अब विधानसभा से पारित अनुदान और विनियोग को ही अंतिम बजट माना जाएगा और सभी विभाग उसी के अनुरूप खर्च करेंगे।

अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने स्पष्ट किया है कि नई योजनाओं, नई सेवाओं या अतिरिक्त व्यय से जुड़े किसी भी प्रस्ताव पर बिना वित्त विभाग की सहमति के स्वीकृति नहीं दी जाएगी। वहीं, पहले से चल रही योजनाओं में प्रशासनिक विभागों को सीमित अधिकार दिए गए हैं, लेकिन उन्हें भी तय नियमों का पालन करना होगा। शासनादेश में सामाजिक योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। वृद्धावस्था पेंशन, किसान पेंशन, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगजन को मिलने वाली सहायता अब सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाएगी। इसी तरह छात्रवृत्ति की धनराशि भी सीधे छात्रों तक पहुंचेगी, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी।

निर्माण कार्यों में अनियमितता रोकने के लिए भी सख्त प्रावधान किए गए हैं। पांच करोड़ तक की परियोजनाओं में पूरी धनराशि कार्य की गुणवत्ता से संतुष्टि के बाद ही जारी होगी, जबकि बड़ी परियोजनाओं में चरणबद्ध किस्तों में भुगतान किया जाएगा। 25 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं में तीन चरणों में धनराशि दी जाएगी और हर चरण में गुणवत्ता की जांच जरूरी होगी। सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि लागत सीमा से बचने के लिए परियोजनाओं को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटने की अनुमति नहीं होगी। वहीं 50 करोड़ से अधिक लागत वाले भवन निर्माण कार्य ईपीसी मोड से कराए जाएंगे, जिससे समय और लागत दोनों पर नियंत्रण रहेगा।

नए नियम एक नजर में

- विधानसभा से पारित बजट ही अंतिम, उसी के अनुसार खर्च
- नई योजनाओं पर वित्त विभाग की अनुमति जरूरी
- पेंशन और छात्रवृत्ति सीधे खातों में ट्रांसफर
- निर्माण कार्यों में चरणबद्ध भुगतान और गुणवत्ता जांच अनिवार्य
- अंतिम तिमाही में खर्च की सीमा तय
- एकमुश्त निकासी पर रोक, जरूरत के अनुसार ही धन जारी
- एसएनए-स्पर्श से केंद्र योजनाओं का संचालन
- सभी स्वीकृतियां ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

खर्च पर नियंत्रण के लिए कड़े निर्देश

खर्च पर नियंत्रण के लिए वित्त विभाग ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। वित्तीय वर्ष के अंतिम तीन महीनों में कुल बजट का 30 प्रतिशत से अधिक और अंतिम महीने में 15 प्रतिशत से ज्यादा खर्च की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही एकमुश्त धन निकासी पर रोक लगाते हुए जरूरत के अनुसार ही धनराशि निकालने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि राज्य के कैश मैनेजमेंट पर दबाव न पड़े। केंद्र प्रायोजित योजनाओं के संचालन के लिए एसएनए स्पर्श प्रणाली को लागू किया गया है। इस व्यवस्था के तहत केंद्रांश सीधे आरबीआई में खुले खाते में आएगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भुगतान प्रक्रिया तेज होगी।

वार्षिक कार्ययोजना के अनुरूप खर्च रहेगा संतुलित

वित्त विभाग ने सभी विभागों को वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने और खर्च को पूरे साल संतुलित रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी वित्तीय स्वीकृतियों को अनिवार्य रूप से सरकारी पोर्टल पर अपलोड करना होगा, जिससे निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आज सौगात देंगे मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्मार्टफोन व ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस दिए जाएंगे और नियुक्ति पत्र भी
- नए केंद्रों व परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास-लोकार्पण भी करेंगे योगी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मुख्य सेविकाओं को कई बड़ी सौगातें देंगे। प्रदेश में कुल 69,794 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन दिए जाएंगे, जिससे डिजिटल मॉनिटरिंग और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। साथ ही, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के इस कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण, बाल विकास और रोजगार सृजन से जुड़ी कई योजनाओं की शुरुआत होगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आंगनबाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित करेंगे। इसमें स्टैडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर और मदर-चाइल्ड वेटिंग स्केल शामिल हैं। प्रदेश भर में कुल 1,33,282 स्टैडियोमीटर, 10,553 इन्फैंटोमीटर और 58,237 वेटिंग स्केल वितरित किए जाएंगे, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की निगरानी और अधिक सटीक हो सकेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम की भी शुरुआत करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। वहीं, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से 46 जिलों में 739 कार्यकर्ताओं और 42 जिलों में 15,203 सहायिकाओं को भी नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री इस अवसर पर नए आंगनबाड़ी केंद्रों के डिजाइन का विमोचन भी करेंगे। साथ ही 13 जिलों में 633 केंद्रों, 28 जिलों में 71 बाल विकास परियोजना कार्यालयों और 27 जिलों में 69 अन्य केंद्रों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। दूसरी ओर, 70 जिलों में 2,468 आंगनबाड़ी केंद्रों और 29 जिलों में 69 परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण भी किया जाएगा।

गन्ना विभाग और यूपीएसआरएलएम के बीच एमओयू

- महिला समूहों को मिलेगा रोजगार, करेंगी मार्केटिंग

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर गन्ना विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया गया है। इसके तहत अब महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी गन्ना उत्पादन से लेकर वैल्यू एडिशन तक बढ़ाई जाएगी।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़ना है। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, प्रदेश में करीब 47.5 लाख गन्ना किसान हैं, जिनमें लगभग 2.95 लाख महिला किसान शामिल हैं। वहीं, 57 हजार से अधिक महिलाएं 3,000 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गन्ने की उन्नत किस्मों की पौध तैयार कर रही हैं। एमओयू के तहत महिलाओं को केवल पौध उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें गन्ना प्रसंस्करण, जैविक उत्पाद निर्माण, गुड़ और अन्य वैल्यू एडेड उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

पांच करोड़ के स्टाम्प घोटाले में उप-लेखाकार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

आरोपी राजेश सगर

अमृत विचार: बदायूं के दातागंज उप कोषागार में हुए 5.08 करोड़ के स्टाम्प शुल्क की हेराफेरी में उप-लेखाकार को ईओडब्ल्यू की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने आठ वर्ष से फरार चल रहे आरोपी राजेश सगर को बदायूं के सिविल लाइन इलाके से दबोचा। स्टाम्प शुल्क घोटाले के समय वह दातागंज उपकोषागार में उप-लेखाकार के पद पर तैनात था।

ईओडब्ल्यू के अधिकारी के मुताबिक, दातागंज उप-कोषागार में स्टाम्प बिक्री से प्राप्त करीब 5,08,98,110 रुपये की धनराशि सरकारी कोष में जमा नहीं किया गया। इन रुपये का बंदरबांट किया गया था। इस मामले में वर्ष 2019 में दातागंज थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिसकी विवेचना बाद में शासन के निर्देश पर ईओडब्ल्यू को सौंपी गई। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कि तत्कालीन अधिकारी और कर्मचारियों ने मिलकर सुनियोजित तरीके से सरकारी धन का गबन किया। आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज है।

दुग्ध उत्पादन से दो वर्ष में कमाए 67 लाख

अमृत विचार, लखनऊ: सोनभद्र की विनीता ने दुग्ध उत्पादन को अपनाकर महज दो वर्षों में 67 लाख रुपये की कमाई की और आज 'लखपति दीदी' के रूप में पहचान बना ली है। महिला सशक्तीकरण और आजीविका योजनाओं का लाभ उठाकर विनीता ने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया। विनीता, जो पहले पति अविनाश के साथ 10-12 दुधारू पशुओं के जरिए काम करती थीं। निजी डेयरियों पर निर्भरता के कारण उन्हें समय पर भुगतान और उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। हालात बदलने के लिए उन्होंने काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़ने का निर्णय लिया। यहां उन्हें न केवल उचित मूल्य मिला, बल्कि तकनीक और प्रशिक्षण का लाभ भी मिला।



लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में लोगों को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व सांसद राकेश राठौर।

पूर्व सपा नेता अरुणेश यादव समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस की नीतियों और जन मुद्दों पर राहुल गांधी के संघर्ष से प्रेरित होकर सीतापुर के पूर्व सपा नेता अरुणेश यादव ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान परिवर्तन समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने भी अपने साथियों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। माल एवन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी। सांसद राकेश राठौर ने कहा कि अरुणेश यादव के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा।

झूठ और समाज को बांटने की राजनीति कर रही सपा : पंकज चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दादरी में दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का भाषण झूठ, भ्रम, हताशा और समाज को बांटने की राजनीति का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जनता ने सपा की कुशासन, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को नकार दिया था और 2027 में भी प्रदेश की जनता भाजपा को ही चुनेगी। पंकज चौधरी ने आरोप लगाया कि पीडीए के नाम पर सपा सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि राजनीतिक भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।

खुलासा

दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर स्क्राइब (श्रुत लेखक) के रूप में सॉल्वर बैठाने का मामला

दस वर्ष से चला रहे थे गिरोह, बैंक परीक्षा में भी किया था खेल

इंद्र भूषण दुबे, लखनऊ

- एसटीएफ पुराने रिकार्ड खंगालने में जुटी, गिरोह के सदस्यों की तलाश में दबिश

अमृत विचार: प्रतियोगी परीक्षाओं में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर स्क्राइब (श्रुत लेखक) के रूप में सॉल्वर बैठाने वाले गिरोह की जांच कर रही एसटीएफ का मानना है कि उक्त गिरोह पिछले दस वर्षों से सक्रिय है। गिरोह ने इसी तर्ज पर बैंक पीओ की परीक्षा में भी खेल किया। करीब पांच दर्जन से अधिक युवक व युवतियों को नौकरी लगवा दी है। एसटीएफ ऐसे सभी अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी जुटाकर संबंधित बैंक को सूची भेजने की तैयारी कर रही है। ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक, पुलिस जांच में ऐसे गिरोह का पर्दाफाश हुआ है, जो विकलांग प्रमाण पत्र बनवाकर व पेशेवर स्क्राइब उपलब्ध कराकर अभ्यर्थियों को परीक्षाओं में पास कराने का काम करता था। इस गिरोह के जरिए बैंकिंग परीक्षाओं में चयन कराकर लाखों रुपये की उगाही की जा रही थी। पूछताछ के दौरान अभिषेक यादव ने खुलासा किया कि वह बीए स्नातक है और उसके परिचितों के माध्यम से फर्जी लो विजन (40 प्रतिशत दिव्यांगता) का प्रमाण पत्र बनवाया गया था। इस प्रमाण पत्र के आधार पर उसने विभिन्न परीक्षाओं में स्क्राइब की मदद ली। उसने बताया कि ईएमआरएस परीक्षा के टियर-1 और टियर-2 दोनों चरणों में फर्जी स्क्राइब के जरिए परीक्षा दी गई। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के सदस्य अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जुटाकर उन पर हस्ताक्षर कराते थे। मौके से विभिन्न परीक्षाओं के दर्जनों प्रवेश पत्र बरामद हुए, जिनकी प्रिंट कॉपी लेकर पुलिस ने कब्जे में लिया है।

एसटीएफ के मुताबिक पूछताछ में आकाश अग्रवाल ने बताया कि वह पिछले करीब दस वर्ष से अपने साथियों सौरभ सोनी और मनीष मिश्रा के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा कर रहे थे। उसने बताया कि वह झांसी में पीडब्ल्यूडी विभाग में कार्यरत है और शहर में संपर्कों का फायदा उठाकर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाता था, स्क्राइब उपलब्ध कराकर अभ्यर्थियों को पास कराता था। इसके एवज में मोटी रकम वसूली जाती थी।

बैंक पीओ के लिए वसूले थे 30-30 लाख

एसटीएफ की पूछताछ व जांच में सामने आया कि आरोपियों ने बैंक पीओ की परीक्षा पास कराने व नौकरी दिलाने के नाम पर गिरोह ने अभ्यर्थियों से 30-30 लाख रुपये वसूले थे। इसके बदले में बैंक ऑफ बड़ौदा व केनरा बैंक के पीओ पद पर अभ्यर्थियों का चयन कराया था। आकाश अग्रवाल, सौरभ सोनी और मनीष मिश्रा ने कुबूल किया था कि इन लोगों ने एक महिला अभ्यर्थी को बैंक ऑफ बड़ौदा में पीओ की नौकरी दिलाई। वह लखनऊ में ट्रेनिंग कर रही है। इसके अलावा एक महिला को केनरा बैंक में पीओ पद पर चयन कराया था। इसके बदले में दोनों ने 30-30 लाख रुपये दिये थे। इसी तरह करीब एक दर्जन से अधिक युवक व युवतियों की बैंक पीओ की नौकरी लगवाई है।

खेत बेचकर एक लाख में बनवाया प्रमाण पत्र

पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों में शामिल झांसी के भरोसा मोंठ निवासी राजकिशोर ने नौकरी के लालच में आकाश, मनीष व सौरभ सोनी से संपर्क किया। तीनों ने नौकरी दिलाने का लालच दिया। उसे दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कहा। इसके लिए युवक ने खेत बेचकर एक लाख रुपये दिए। जिसके बदले में झांसी से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया था। इसके बाद स्क्राइब की मदद से परीक्षा दी थी। लेकिन परीक्षा के समय वह विकासनगर स्थित केंद्र से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से मिले दस्तावेजों और डिजिटल डाटा की जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा है। जल्द ही इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मन की बात में पीएम ने की यूपी मॉडल की प्रशंसा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- वाराणसी में रिकॉर्ड पौधरोपण और मेरठ का सोलर मॉडल बना प्रेरणा

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में वाराणसी में हुए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का उल्लेख करते हुए देशवासियों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत करते हैं। साथ ही मेरठ के सौर ऊर्जा मॉडल की विशेष सराहना की। इससे उत्तर प्रदेश की पर्यावरण और ऊर्जा क्षेत्र की पहलों की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन गई।

वाराणसी में एक घंटे में 2.51 लाख से अधिक पौधे लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया, जिसे प्रधानमंत्री ने "जनशक्ति और पर्यावरण चेतना का अद्भुत संगम" बताया। वहीं मेरठ के निवासी अरुण कुमार की सौर ऊर्जा पहल को भी सराहा गया। उन्होंने अपने घर पर सोलर पैनल लगाकर न सिर्फ आत्मनिर्भरता हासिल की, बल्कि अतिरिक्त बिजली ग्रिड को देकर आय का स्रोत भी बनाया, जिससे वे 'ऊर्जादाता' के रूप में पहचान बना रहे हैं।

मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग उप्र. एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हरित विकास और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जो उत्तर प्रदेश को सतत और आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश में जनभागीदारी आधारित विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

165 आवेदन निरस्त, पात्रता के बाद भी 208 को सीट नहीं मिली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। निशुल्क बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई 12 (1) (सी) के तहत तृतीय चरण की ऑनलाइन लॉटरी निकाल दी गई है। इसमें 356 बच्चों को निजी स्कूलों का आवंटन हो गया है। इसके तहत उनको फ्री पढ़ाई का लाभ मिलेगा। तीनों चरणों में कुल 165 आवेदन निरस्त किए गए हैं जबकि पात्रता के बाद भी 208 बच्चों को सीट नहीं मिल सकी। हालांकि अब तक जिले में सबसे अधिक 969 बच्चों का चयन योजना के तहत हुआ है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि तीसरे व अंतिम चरण में निर्धारित समय 25 मार्च तक कुल 458 ऑनलाइन आवेदन आए। बीईओ की ओर से कुल 42 आवेदन कई कमियों के चलते अस्वीकृत किए गए। 416 आवेदनों का सत्यापन किया गया। तृतीय चरण की लॉटरी प्रक्रिया में 356 विद्यार्थियों का चयन हुआ जबकि 60 बच्चे पात्र होने के बाद भी वंचित हो गए। बीएसए कार्यालय के मुताबिक फरवरी से शुरू हुई इस प्रक्रिया में जनपद के कुल 969 बच्चों का चयन हुआ है। इसमें पहले चरण में 322 और दूसरे चरण के 291 बच्चे शामिल हैं। शनिवार को अंतिम चरण की लॉटरी भी निकल गई। कुल 208 बच्चे तीनों चरण में अचयनित रहे। 165 आवेदन कई कमियों के चलते निरस्त कर दिए गए। बीएसए ने बताया कि पहले व दूसरे चरण में चयनित बच्चों का आदेश सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को भेज दिया गया है। इन सभी के एडमीशन आरटीई के तहत 31 मार्च तक करने व उसकी सूचना 01 अप्रैल तक भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

बिक्री कम आमद ज्यादा फिर भी एलपीजी को भटका रहे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- होम डिलीवरी के नाम पर छला जा रहा, डीएसी नंबर आने के बाद भी सुविधा नहीं दे रहे
- आपदा बताकर कनेक्शनधारकों से अवैध कमाई कर रहे लोग, आम लोग हो रहे परेशान

अमृत विचार। जनपद में एलपीजी (रसोई गैस सिलेंडर) की बिक्री कम है और आमद अधिक हो रही है इसके बाद भी कनेक्शनधारक रिफिल के लिए भटक रहे हैं। होम डिलीवरी के नाम पर उनको छला जा रहा है। डीएसी नंबर आने के बाद भी सुविधा नहीं दी जा रही है।

जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र की माने तो जिले की सभी 28 गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस का रविवार को प्रारंभिक स्टॉक 16,466 रिफिल है। इससे एक दिन पहले कुल बिक्री 5,700 रिफिल तथा आमद 7,485 सिलेंडरों की रही। उनके मुताबिक इस प्रकार जनपद में ईंधन एवं घरेलू एलपीजी का स्टॉक संतोषजनक है। ईंधन की मांग के सापेक्ष आपूर्ति की स्थिति सामान्य है। डीएसओ के मुताबिक ईंधन की मांग एवं उपलब्धता की लगातार समीक्षा की जा रही है। हालांकि अफसरों के दावों को लेकर जमीनी हकीकत इससे इतर है। ऑनलाइन बुकिंग के बाद डीएसी नंबर आने के बाद भी कनेक्शनधारकों को गैस सिलेंडर मुहैया नहीं हो रहे हैं। चर्चा है कि आपदा में गलत तरीके से कमाई की जा रही है।

सरायमीरा रोडवेज बस स्टेशन के निकट खड़े रिक्शे में रखे गैस सिलेंडर।

पेट्रोल, डीजल भी भरपूर

- डीएसओ के अनुमसार जिले में संचालित 82 पेट्रोल पंपों का सम्मिलित प्रारंभिक डीजल का स्टॉक 1140 किलोलीटर तथा पेट्रोल का 929 किलोलीटर है। इससे एक दिन पहले डीजल की कुल बिक्री 420 किलोलीटर एवं पेट्रोल की 164 किलोलीटर हुई है।

न्यूज ब्रीफ

चचेरे भाई को लाठी डंडों से पीट कर किया घायल

सौरिख। दावत में चचेरे भाई ने युवक को लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत करते हुए जांच शुरू की। थाना क्षेत्र के गांव ऊलर निवासी संजीव कुमार जाटव पुत्र ज्ञान सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया, 26 मार्च को परिवार में दावत थी जिसमें वह सम्मिलित हुआ। झंडा चढ़ाने के दौरान परिवार के चचेरे भाई मोहित पुत्र राम रतन बेवजह गालीगलौज करने लगा। जब गाली देने से मना किया तो वह लाठी डंडों से उसे पीटने लगा। उसने शोर मचाया तो गांव के लोग आ गए। इस पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। मारपीट में उसके सिर व शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

तिर्वा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरुआहर निवासी विजय कुमार नौरंगपुर नगरिया गांव के बाहर पानी की टंकी के पास मकान बना कर रह रहा है। शनिवार रात उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी कर दी। रात करीब 11 बजे किसी चोर ने बाइक चुरा ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

खोखा दुकान का ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी

छिबरामऊ। कोतवाली क्षेत्र के प्रेमपुर गांव में एक छोटी दुकान (खोखा) में चोरी हुई है। दुकानदार राम मोहन तिवारी पुत्र भवानी प्रताप तिवारी ने प्रेमपुर चौकी प्रभारी को लिखित शिकायत में बताया कि शनिवार रात चोरों ने उसके सुल्तानपुर फरीदपुर रोड स्थित खोखे का ताला तोड़कर चोरी कर ली। रविवार सुबह दुकान खोलने पर देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने गल्ले से लगभग 200 रुपये नकद राशि तथा कॉपी-किताबें, मसाला, साबुन और अन्य परचून का सामान चुरा लिया।

विवाहिता ने लगाया फंदा, हत्या का आरोप

तिर्वा। घरेलू विवाद के चलते विवाहिता ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या करली। पचोर चौकी क्षेत्र के रसूलपुर निवासी सोनाली (22) का पति मनोज कुमार से कई दिनों से विवाद हो रहा था। शनिवार दोपहर को मनोज अपने खेत में पानी लगाने गया था। जब शाम को घर आया तो दरवाजे की कुंडी अंदर से बंद मिली। काफी देर तक खटखटाने के बाद दरवाजा नहीं खुला तो दूसरे मकान कि छत पर चढ़ कर अपने घर गया। जैसे ही वह कमरे में घुसा तो पंखे में सोनाली को फंदे से लटका देखा। कुछ देर में पड़ोसी आ गए। सूचना मिलते ही पचोर चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तथा प्रारंभिक जांच के उपरांत शव को नीचे उतरवाया। मनोज ने पत्नी के मायके भोलेपुर फतेहगढ़ सूचना दी। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है।

आज से 41 केंद्रों पर गेहूं खरीद किसानों को मिलेगी सहूलियत

जिलाधिकारी ने बैठक लेकर दिए निर्देश, कहा-बिचौलियों की न हो कोई संलिप्तता

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले के कुल 41 क्रय केंद्रों पर आज यानी 30 मार्च से गेहूं की सरकारी खरीद की जाएगी। इसको लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि किसानों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए। साथ ही किसी भी हालत में बिचौलियों की भूमिका नहीं होना चाहिए

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जनपद में 30 मार्च से 15 जून 2026 तक गेहूं की सरकारी खरीद की जाएगी। इस संबंध में रविवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिसमें 20 रुपये प्रति क्विंटल उतराई/छनाई के मद में अतिरिक्त देय होगा।

निर्देश दिए कि सभी क्रय केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, सुगम एवं किसान हितैषी हो। प्रत्येक क्रय केंद्र पर किसानों के बैठने, पेयजल, छाया आदि की समुचित व्यवस्था रहे तथा बैनर प्रदर्शित किए जाएँ, जिन पर टोल फ्री नम्बर एवं संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नम्बर अंकित हों। क्रय केंद्र ऐसे स्थानों पर हों जहां किसानों को आवागमन में असुविधा न हो और उन्हें अपनी उपज विक्रय हेतु भटकना न पड़े।

बताया कि स्थापित कुल 41 क्रय केंद्रोंमें खाद्य विभाग के 15, पीसीएफ के 23 तथा भारतीय खाद्य निगम के 03 केन्द्र शामिल हैं। विकासखण्ड कन्नौज में 03, जलालाबाद में 01, गुगरापुर में 01, उमर्दा में 12, हसेरन में 05, सौरिख में 07, छिबरामऊ में 07 तथा तालग्राम में 05 क्रय केंद्र खोले गए हैं। साथ ही प्रत्येक तहसील में एक-एक मोबाइल क्रय केंद्र भी संचालित किया जाएगा। क्रय केंद्र प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक खुले रहेंगे।

गेहूं खरीद से संबंधित किसी भी समस्या या जानकारी हेतु किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी, कन्नौज के मोबाइल नम्बर 9956199399 पर संपर्क कर सकते हैं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री वैशाली सहित समस्त उपजिलाधिकारी, उप कृषि निदेशक, उप निदेशक (कृषि), जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अपर जिला कृषि अधिकारी, प्रबंधक (क्रय) भारतीय खाद्य निगम, समस्त क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, समस्त क्रय संस्थाओं के जिला प्रभारी एवं सभी क्रय केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।

पंजीकरण सत्यापन की व्यवस्था गत वर्ष धान खरीद की भांति लागू रहेगी

- किसान खाद्य विभाग की वेबसाइट fcs.up.nic.in पर जनसेवा केंद्र, साइबर कैफे अथवा सीधे क्रय केंद्रों के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। खरीद प्रक्रिया ई-पॉप के माध्यम से किसान अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत की जाएगी। पंजीकरण सत्यापन की व्यवस्था गत वर्ष धान खरीद की भांति लागू रहेगी। गेहूं बेचने वाले किसानों का भुगतान आधार से लिंक बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से 48 घंटे के भीतर किया जाएगा।

नम आंखों से बेटी को अंतिम विदाई व्यवस्थाएं सुधारने में जुटा स्कूल प्रशासन

अमृत विचार Follow UP

संवाददाता सौरिख

छात्रा के घर के बाहर बैठे गमगीन परिजन। अमृत विचार

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव निवारी में आत्महत्या करने वाली छात्रा को नम आंखों से अंतिम विदाई दी घई। स्कूल में व्यवस्थाएं सुधारने की कवायद शुरू कर दी गई।

रविवार को निधि का अंतिम संस्कार गांव के पास ईशन नदी किनारे गड्ढा खोदकर किया गया। यहां मां आरती देवी और पिता अजय कुमार का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मां बार-बार बेटी को याद कर बेसुध होती रही, वहीं पिता खामोशी से आंखों में आंसू लिए खड़े रहे। घर में छोटे भाई-बहनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस के अनुसार, मामले में चार शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फांसी (हैंगिंग) बताया गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जयंती गंगवार का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि विद्यालय में डांट से आहत होकर कक्षा 5 की छात्रा ने घर पहुंचकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद परिजनों ने स्कूल में शव रखकर प्रदर्शन किया था। अब प्रशासन द्वारा स्कूल व्यवस्थाओं में सुधार और मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया गया है। वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उदयभान सिंह ने बताया घटना में शिक्षकों को बेवजह फंसाया जा रहा है। घटना की सक्षम अधिकारी से जांच कराई जाए। उधर, ग्राम सचिव दिनेश चंद्र यादव ने विद्यालय पहुंचकर खराब पड़े नल को ठीक कराया, वहीं सुबह सफाई कर्मियों द्वारा पूरे स्कूल परिसर की साफ-सफाई कराई गई।

- आरोपियों तक नहीं पहुंची पुलिस, पोस्टमार्टम में हैंगिंग की पुष्टि

बाइक व चेन की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को निकाला

संवाददाता सौरिख

अमृत विचार। शादी के पांच वर्ष बाद अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

कायमपुर निवासिनी दुर्गा देवी ने बताया कि उसकी शादी 26 जून 2021 को फर्रुखाबाद के आनंद कुमार पुत्र स्व. दिनेश चंद्र के साथ हुई थी। ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में एक हीरो मोटरसाइकिल, सोने की चेन की मांग करने लगे। यह भी आरोप लगाया कि पति गुजरात में ठेकेदारी करता है। उसका प्रेम प्रसंग जेठानी प्रियंका की छोटी बहन के साथ चल रहा था। एक साल पूर्व गुप्त तरीके से उसके साथ पति ने शादी कर ली और गुजरात में ही रह रहा है। जब उसे इस शादी की जानकारी हुई तो विरोध किया। फिर पति आनंद, सास मीना देवी, जेठ आसाराम, जेठानी प्रियंका अतिरिक्त दहेज की मांग कर उसका उत्पीड़न करने लगे और मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्रेजुएशन डे समारोह में नन्हे मुन्नों का दिखा जलवा

संवाददाता, छिबरामऊ

अमृत विचार। गीतापुरम कॉलोनी स्थित एक स्कूल में ग्रेजुएशन डे समारोह हर्षोल्लास संग मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में तालग्राम ब्लॉक प्रमुख राजीव सिंह, प्रसिद्ध कथावाचक प्रशांतानंद तथा शान्तनु दुबे उपस्थित रहे। राजीव सिंह ने कहा, "ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कारों की पाठशाला है।" अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना कर निदेशक हिमांशु वर्मा एवं पूरे स्टाफ को बधाई दी। विद्यालय के एमडी रामानंद वर्मा ने संबोधित किया। प्री-प्राइमरी के सभी बच्चों को ज्ञाना चैंपियन मेडल दिए गए। प्राइमरी सेक्शन में कक्षा 1 में अक्षिता दुबे प्रथम, गर्वित गुप्ता द्वितीय एवं क्रिशा अरोड़ा तृतीय रही। कक्षा 2 में ईशान्वी दुबे प्रथम, याम्या वर्मा द्वितीय एवं मानवी दुबे तृतीय रहीं। कक्षा 3 में प्रवरा मिश्रा प्रथम, शिवाज्ञा मिश्रा द्वितीय एवं दिव्यांशी यादव तृतीय स्थान पर रहीं।

नहीं हो रहा समाधान, स्मार्ट मीटर उपभोक्ता परेशान

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- पूरा बिल पेड होने के बाद भी नही आ रही बिजली
- विभाग ने कहा, ऊपर से समय पर बिल अपडेट नहीं हो रहे

अमृत विचार। बिजली विभाग के अधिकारी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की समस्या का निदान नहीं कर पा रहे हैं। उपभोक्ता विभागीय अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। पूरा बिल जमा हो जाने के बाद भी कई-कई घंटे बिजली मीटर से नहीं आ रही है। विभागीय अधिकारी ऊपर से बिल अपडेट न होने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं।

स्मार्ट मीटर समस्या बन गया है। बिल बकाया हुआ तो बिजली कट जाती है। बिल पेड कर दो तो कई कई दिन बिल जमा अपडेट नहीं होता है। इससे सप्लाई बहाल नहीं की जाती है। उपभोक्ता विभागीय अधिकारियों के पास पहुंचता है तो वे मिलते ही नहीं है। बाबू कंप्यूटर खोल कर लेजर देखते हैं। इसमें घंटों लग जाते हैं। यदि दिख भी गया तो जमा बिल की भुगतान शो नहीं करता है। इस पर बताया जाता है कि अभी भुगतान लखनऊ से अपडेट नहीं किया गया है। जैसे ही अपडेट होगा तो बिजली आ जायेगी। स्मार्टमीटर से बिजली ले रहे उपभोक्ता परेशान हैं। उनका कहना है कि वह बकाया बिल दे चुके हैं। इस के बाद भी दो-दो दिन से बिजली नहीं पहुंच रही है। विभागीय अधिकारियों के पास शिकायत करों तो वह भी हाथ खड़े कर देते हैं। शनिवार को विभाग के दफ्तर में पूरे दिन उपभोक्ताओं की भीड लगी रही। पर समस्या का निदान नहीं किया जा सका था।

दफ्तर में कक्ष का दरवाजा बंद कर बैठे रहे जेई

- कन्नौज। समस्या का निदान विभाग के जेई के पास न होने से वह एसडीओ कार्यालय मकरंद नगर में दरवाजा बंद कर बैठे रहे। उपभोक्ता अधिकारियों की खोजते रहे। विभागीय जेई का कहना था कि अधिक भीड़ होने से वह विभागीय काम नही कर पा रहे हैं।

एसडीओ विद्युत के कार्यालय में समस्या लेकर पहुंचे स्मार्ट मीटर उपभोक्ता।

यहां भी देरी

गोलक से हजारों रुपये का चढ़ावा व सोलर लाइट भी पार कर दी

पुलिस बूथ से सटे मंदिर से चोरी, नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 10 मार्च को हुई खाटू श्याम मंदिर में वारदात, नहीं सुन रही खाकी

अमृत विचार। चोरों ने ईश्वर के दर को भी नहीं छोड़ा। हजारों रुपये चढ़ावा व सोलर लाइट पार कर दी।

रामदास उर्फ रामनाथ।

खास बात तो यह है कि वारदात पचोर चौकी पुलिस के सहायता बूथ से सटे खाटू श्याम मंदिर में 20 दिन पहले हुई जिसकी रिपोर्ट अब तक नहीं लिखी गई है।

ईशन नदी के निकट स्थित खाटू श्याम मंदिर व पुलिस सहायता बूथ। अमृत विचार

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव नौरंगपुर नगरिया निवासी रामदास उर्फ रामनाथ ने जन सहयोग से ईशन नदी धोबीघाट पुल के निकट बाबा खाटू श्याम मंदिर बनवाया है। यहीं पर माता दुर्गा रानी की प्रतिमा भी विराजमान हैं। रामदास ने पुलिस को दिए पत्र में कहा है कि 10 मार्च को सुबह करीब पांच बजे चोरों ने मंदिर में लगी सौर ऊर्जा प्लेट 150 वॉट की चोरी कर ली। पीतल के पांच घंटे व लकड़ी की गोलक भी पार कर दी जिसमें तीन महीने का चढ़ावा जमा था। यह घटना उस समय हुई जब वह मंदिर परिसर में सफाई कर रहा था। जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी। अब तक न तो चोर पकड़े गए और न ही सामग्री व नकदी बरामद हुई। चर्चा है कि 20 दिन बाद भी तिर्वा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इस कार्यशैली को लेकर तरह- तरह की बातें भी हो रहीं हैं। कहा जा रहा है कि मंत्री असीम अरुण ने 45 मिनट की देरी को लेकर जब नाराजगी जताई तो अफसर उनके आगे- पीछे घूमने लगे लेकिन पीड़ित की रिपोर्ट 20 दिन यानि 480 घंटे बाद भी नहीं लिखी गई।

नहीं रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय पौल


संजय पौल।

छिबरामऊ। पीपल वाली गली निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय पौल का रविवार सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। पौल प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव, भारतीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन ट्रस्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश कौमी तंजीम के प्रदेश उपाध्यक्ष थे। रविवार सुबह य उन्हें दिल का दौरा पड़ा। उन्हें तुरंत सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनका पार्थिव शरीर सोमवार सुबह फर्रुखाबाद स्थित चर्च रवाना होगा, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा।

विद्या मंदिर के प्रबंधक बने त्रिलोकीनाथ

संवाददाता तिर्वा

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की नव निर्वाचित कार्यकारणी। अमृत विचार

अमृत विचार। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंध समिति के त्रिवार्षिक चुनाव में त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी प्रबंधक तथा ध्रुव प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए।

रविवार को उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा/सरस्वती शिक्षा परिषद की विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव कराया गया। चुनाव प्रक्रिया विद्या भारती कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद के मार्गदर्शन में हुई। चुनाव अधिकारी भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत द्वारा नामित रविशंकर चौहान, पर्यवेक्षक के रूप में रत्नेश अवस्थी प्रधानाचार्य, दामोदर नगर कानपुर तथा जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक शिव मोहन सिंह कुशवाह (प्रधानाचार्य, राजकीय हाई स्कूल गंगधरापुर) एवं प्रबंध संचालक सुनील चतुर्वेदी (प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज भोजपुर निगोह) की उपस्थिति रही। चुनाव की समस्त कार्यवाही साधारण सभा के सदस्यों के मतों के आधार पर विधिवत कराई गई।

चुनाव परिणाम घोषित करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति के लिए डॉ. के.पी. विश्वास को अध्यक्ष, हर स्वरूप गुप्ता एवं नरेश चंद्र कटियार को उपाध्यक्ष, त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी को प्रबंधक, योगेश कुमार गुप्ता को सह-प्रबंधक तथा ध्रुव प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत किया है।

न्यूज ब्रीफ

पावर लिफ्टिंग में अमन को गोल्ड मेडल मिला

छिबरामऊ। बिशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडरा निवासी अमन राजपूत उर्फ अमन लोधी ने हाथरस में आयोजित राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।प्रतियोगिता के दौरान कड़े मुकाबले में अमन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 140 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं हाथरस के ही तरुण इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रहे। यह पहली बार नहीं है जब अमन ने जीत दर्ज की है ; वे पूर्व में भी कई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा चुके हैं। अमन की इस उपलब्धि पर कुंडरा गांव और आसपास के क्षेत्रों में जश्न का माहौल है। परिजनों और ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया ।

सहायिकाओं को आज मिलेंगे नियुक्ति पत्र

कन्नौज। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि 30 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में विकास खंड क्षेत्र गुगरापुर की 15 आंगनबाड़ी केंद्रों की सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे। लखनऊ से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद के चार आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण भी किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण भी सुना व देखा जाएगा। नवनियुक्त सहायिकाओं को निर्धारित पीली रंग की यूनिफार्म दी जाएंगी। इसमें डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, विधायक कैलाश राजपूत व जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया समेत कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी शामिल होंगे।

जरूरत पर मिलेगा कमर्शियल सिलेंडर

फर्रुखाबाद। जनपद में शादी-विवाह और अन्य आयोजनों को लेकर गैस सिलेंडर के उपयोग पर जारी सख्त निर्देशों के बीच आम लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय से स्पष्ट किया है कि जिन परिवारों के घरों में शादी या कोई अन्य बड़ा कार्यक्रम आयोजित होना है, उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रशासन द्वारा उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव ने बताया कि ऐसे आयोजनों के लिए घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग प्रतिबंधित है, लेकिन जरूरतमंद व्यक्ति कार्यालय को एक प्रार्थना पत्र देकर कमर्शियल गैस सिलेंडर की मांग कर सकता है। इसके बाद विभाग द्वारा संबंधित व्यक्ति को नजदीकी गैस एजेंसी के माध्यम से कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे आयोजन में किसी प्रकार की बाधा न आए। इस प्रक्रिया के जरिए नियमों का पालन भी सुनिश्चित होगा और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा भी नहीं होगी।

विधायक आज करेंगे मार्ग चौड़ीकरण के कार्य का शिलान्यास

फर्रुखाबाद। जहानगंज-कमालगंज मार्ग के दिन अब बदलने जा रहे हैं। वर्षों से क्षेत्रीय जनता इस सडक़ की मरम्मत और चौड़ीकरण की मांग कर रही थी, जिसे अब शासन स्तर पर मंजूरी मिलने के बाद धरातल पर उतारा जा रहा है। सोमवार को भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर इस महत्वपूर्ण मार्ग के चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास करेंगे। करीब 9 .24 किलोमीटर लंबे इस प्रमुख मार्ग के निर्माण पर लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत निर्धारित की गई है।

नाली बंद होने से जलभराव

फर्रुखाबाद। ग्राम सभा सोता बहादुरपुर के पांचाल घाट क्षेत्र स्थित पराग डेयरी के सामने मौनी आश्रम रोड पर नालियों का पानी बंद होने से गंभीर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। बताया जा रहा है कि एक ओर मकान निर्माण कार्य चल रहा है, वहीं दूसरी ओर नाली बंद होने के कारण पिछले करीब एक सप्ताह से क्षेत्र में पानी जमा है। जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने पांचाल घाट चौकी में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का आरोप है कि एक व्यक्ति द्वारा मकान निर्माण के दौरान नाली बंद कर दी गई,जिससे पूरे मोहल्ले में जलभराव की स्थिति बन गई है। शिकायतकर्ताओं में शिवम, अजय सिंह, संतोष कुमार और मनोज कुमार सहित कई लोगों ने बताया कि जलभराव के कारण आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। साथ ही मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और क्षेत्र में गंदगी फैल रही है।

चोरों ने दो गोदामों से उड़ाया लाखों का माल व नकदी

दरवाजे का ताला तोड़कर उखाड़ा छत पर लगा जाल

संवाददाता गुरसहायगंज

अमृत विचार। चोरों ने कोल्डड्रिंक व परचून की गोदाम को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये का सामान व नकदी चोरी कर ली। चोरों ने दरवाजे पर लगे ताले तोड़ व छत पर लगा जाल उखाड़ कर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

शनिवार की रात चोरों ने नगर के तिर्वा रोड इन्द्रा नगर स्थित प्रदीप गुप्ता की गोदाम की छत पर लगे जाल को उखाड़ कर 20 बोरी मखाना, पारले बिस्कुट व चावल सहित करीब दो लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। विशाल गुप्ता की गोदाम की छत के जीने व कमरे का ताला तोड़ कर लगभग 25 हजार की स्टिंग ड्रिंक, 65 हजार रुपये की एनर्जी ड्रिंक सहित गोलक में रखे 01 लाख 80 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। चोरों ने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ कर नष्ट कर दिया। रविवार की सुबह गोदाम पर पहुंचे दुकानदारों को इसकी जानकारी हुई। दुकानदारों ने डायल 112 सहित कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

टूटा ताला दिखाता दुकानदार।

लूट का आरोपी व किशोर गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। पूर्व सैनिक की वृद्ध मां के साथ हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के साथ एक किशोर को भी गिरफ्तार कर लूट कुंडल व घटना में प्रयोग की गयी बाइक को बरामद किया है। बीती 25 मार्च को कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम बिजाधरपुर पाल नगला निवासी पूर्व सैनिक संतोष पाल की मां रामजानकी (85) के कुंडल बदमाशों ने उस समय लूट लिए थे जब वह घर से बाहर सडक़ पर टहलने के लिए निकली थीं। शनिवार को पुलिस गांव राजा नगला निवासी निखिल कटियारर के साथ ही एक किशोर को भी गिरफ्तार किया है।

36 पीएचसी पर आरोग्य मेला

कन्नौज। जनपद के समस्त 32 ग्रामीण एवं 04 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें कुल 1584 मरीजों ने सेवाएं लेकर लाभ उठाया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता के निर्देशन में नोडल अधिकारी आरोग्य स्वास्थ्य मेला डॉ. बृजेश कुमार शुक्ला, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा नामित निरीक्षणकर्ता अधिकारियों/ कर्मचारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले में कुल 1584 मरीजों (738 पुरुष, 615 महिलाएं एवं 231 बच्चे) को स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत 123 गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किए गए। बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का नियमित टीकाकरण, परिवार कल्याण परामर्श, हैपेटाइटिस "बी" एवं "सी" की जांच, टीबी संभावित रोगियों की स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण तथा अन्य सामान्य रोगों की जांच की गई।

बच्चों का दाखिला कराने छुट्टी में गली-मोहल्ला घूमे शिक्षक

स्कूल चलो अभियान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं वाला पर्चा लिए खड़े बच्चे, अभिभावक व अध्यापक।

- स्कूल चलो अभियान के तहत घूमी चार अध्यापकों की टीम
- नामांकन बढ़ाने के लिए एक अप्रैल से निकलेंगी रैलियां

अमृत विचार। परिषदीय स्कूलों में बच्चों का दाखिला कराने के लिए रविवार को छुट्टी के बाद भी शिक्षक- शिक्षिकाएं गली- मोहल्ला घूमे। अभिभावकों को बेसिक शिक्षा विभाग का पर्चा भी दिया जिसमें सभी सरकारी योजनाओं व लाभ लिखे हैं। हालांकि जिलेभर के सभी प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र को लेकर 01 अप्रैल से स्कूल चलो अभियान की रैलियां भी निकाली जाएंगी।

हम बनेंगे हुनरमंद टीम के सदस्य व सदर विकास खंड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय हैवतपुर कटरा की सहायक अध्यापक स्नेहलता द्विवेदी, प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर उज्जैना की प्रधानाध्यापक गुंजन भदौरिया, प्राथमिक विद्यालय नसरापुर की प्रधानाध्यापक शैली मिश्रा व जलालाबाद ब्लॉक इलाके के कंपोजिट विद्यालय फतेहपुर जसोदा के सहायक अध्यापक पंकज त्रिवेदी ने रविवार को घर-घर दस्तक दी। उन्होंने अपने घर के आसपास भी अभिभावकों को जागरूक किया। साथ ही शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने के लिए पहल की। अभिभावकों को शिक्षा का महत्व बताकर बच्चों का नाम सरकारी स्कूलों में लिखवाने की बात कही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि शिक्षकों का यह प्रयास उनके विद्यालय एवं समाज के प्रति समर्पण को प्रदर्शित करता है। निश्चित ही स्कूल चलो अभियान के तहत हम शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराने में सफल होंगे।

दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल, तीन गंभीर

संवाददाता छिबरामऊ

- छिबरामऊ-ताजपुर रोड पर रविवार शाम दो बाइकें भिड़ीं

अमृत विचार। छिबरामऊ-ताजपुर रोड पर रविवार शाम दो बाइकों के बीच हुई सीधी भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

ग्राम ताजपुर रठौरा निवासी रुचित (20) अपने मित्र अमित (22) और आकाश (25) के साथ छिबरामऊ मार्केट से कपड़े खरीदकर घर लौट रहे थे। ताजपुर रोड पर सामने से आ रहे विजय कुमार (35) निवासी जहाजपुर बंजारा की बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और चारों युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुँची 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को तत्काल सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया।

अस्पताल के डॉक्टरों ने विजय कुमार, अमित और आकाश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया है। वहीं रुचित का उपचार स्थानीय अस्पताल में ही चल रहा है। घायल रुचित ने बताया कि उनके चचेरे भाई शिवशरन की शादी आगामी 15 अप्रैल 2026 को होनी तय है। इसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी और कपड़ों की खरीदारी के लिए वे बाजार आए थे लेकिन घर लौटते समय यह हादसा हो गया।

'शिक्षा है व्यक्ति के सामाजिक और आर्थिक विकास का आधार'

संवाददाता गुरसहायगंज

अमृत विचार। शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तिगत, सामाजिक व आर्थिक विकास का मुख्य आधार है। यह बात रविवार को ग्राम मुरादगंज स्थित शिक्षण संस्थान के शुभारंभ अवसर पर समाजसेवी व नगर पालिका परिषद के प्रत्याशी रहे आसिफ जमाल उर्फ पप्पी ने कहीं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा इंसान की बुद्धि के विकास, सकारात्मक विचार, चरित्र निर्माण और आत्मविश्वास को बढ़ा कर एक बेहतर इंसान बनाती है। इससे पहले फीता काट कर शिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया।

इस दौरान पूर्व प्रधान मझपुर्वा वकील अहमद सिद्दीकी, शाहिद जमाल उर्फ राजू, मो. जुबैर, मो. परवेज, समीम खान, नसीम अख्तर, प्रोफेसर आफताब अहमद, मो. शोएब, अजहर खान, मा. सलीम, फैयाज खान, फरहान, शमशाद, गुलाम जिलानी, मो. जावेद, इस्तखार सिद्दीकी, मौलाना महताब आदि लोग रहे।

शिक्षण संस्थान का शुभारंभ करते समाजसेवी आसिफ जमाल उर्फ पप्पी।

- मुरादगंज स्थित शिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया गया

मंत्री ने रुदौली में सुनी पीएम के 'मन की बात'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात का 132वां प्रसारण रविवार को हुआ। कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या- 102, श्रीराम मंदिर परिसर स्थित प्राथमिक विद्यालय रुदौली में कार्यक्रम देखा व सुना गया।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण समेत इस कार्यक्रम में स्थानीय लोग, किसान और कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने प्रधानमंत्री के सामाजिक, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जागरूकता और दैनिक जीवन से जुड़े संदेशों को सुना और जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि मन की बात जनजागरण का सशक्त माध्यम है ।और इसके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

लोगों को संबोधित करते मंत्री।

सहयोगी दलों के साथ की चर्चाः कन्नौज। भाजपा जिला कार्यालय में एनडीए यानि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन दलों के सदस्यों के साथ मंत्री ने बैठक की। इसमें विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। सरकारी योजनाओं को मजबूती से लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया भी मौजूद रहे।

साप्ताहिक बंदी रही बेअसर

कायमगंज। नगर में रविवार को घोषित साप्ताहिक बाजार बंदी का असर देखने को नहीं मिल रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार रविवार को बाजार बंद रहने की उम्मीद थी, लेकिन सुबह से ही कई दुकानदार दुकानों को खोलकर व्यापार करते नजर आए। इससे साप्ताहिक बंदी के नियमों का खुलेआम उल्लंघन होता दिखा। इस संबंध में जब मार्केटिंग इंस्पेक्टर एस.के. सिंह से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि वह किसी आवश्यक कार्य से नगर से बाहर हैं, जिसके चलते आज बाजार का निरीक्षण नहीं किया जा सका। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले रविवार को बाजार का सघन निरीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि अगले सप्ताह भी बाजार खुला पाया गया, तो नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दूसरा गंभीर

संवाददाता अमृतपुर/राजपुर।

अमृत विचार। अमृतपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गुडेरा संपर्क मार्ग स्थित अमैयापुर पुलिया पर रविवार को बाइक और मोपेड की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

अखिलेश।

अखिलेश अपनी बुआ के घर से अमैयापुर लौट रहा था। दोपहर करीब 12:15 बजे पुलिया के पास उसकी बाइक की सामने से आ रहे वाहन से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने कई बार एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन करीब एक घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। इसके बाद परिजन घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया।

लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान अखिलेश (पुत्र छविनाथ) की हालत नाजुक बनी रही। डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया, लेकिन कन्नौज के पास पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई ।हादसे में घायल दूसरे युवक जैतपाल (निवासी कालिकागंज, थाना मिर्जापुर, जनपद शाहजहांपुर) का इलाज लोहिया अस्पताल में जारी है। उसकी हालत गंभीर है।

थानाध्यक्ष रक्षा सिंह ने बताया कि युवक की मौत की सूचना प्राप्त हो चुकी है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

विद्यालयों की मनमानी के विरोध में प्रदर्शन आज

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में निजी विद्यालयों की मनमानी के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन 30 मार्च सोमवार को किया जाएगा।

भईयन मिश्रा ने कहा है कि निजी विद्यालयों ने शिक्षा को लूट-खसोट का माध्यम बना लिया है। अगर सामूहिक विरोध न हुआ तो इन्हें रोक पाना मुश्किल होगा। इस संबंध में जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। 30 मार्च को प्रातः 11 बजे प्रशासन की आंख और कान खोलने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में लोगों के साथ प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होने लोगों से इस जनहित के संघर्ष में शामिल होने की अपील की है।

जिला उद्योग व्यापार मंडल का विस्तार कई उपाध्यक्ष व मंत्री किए गए मनोनीत

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। लोहाई रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के सभागार में जिला उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट की बैठक जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया इसके अलावा कुछ विशेष बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने बताया कि इस मौके पर मनोज राठौर को मंत्री, तोषित प्रीत सिंह को उपाध्यक्ष, विकास दुबे को मंत्री, नवनीत सिंह, आलोक अवस्थी को उपाध्यक्ष, विनय रस्तोगी, अशोक गुप्ता, प्रशांत वर्मा, अनिल सक्सेना सभी को मंत्री बनाया गया।

बैठक में व्यापारी हित में संघर्ष करने के लिए आवाज बुलंद करने की बात कही गई।वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम ने कहा कि व्यापारी हित में संघर्ष बराबर जारी रहेगा उन्होंने कहा कि तमाम ऐसी समस्याएं हैं जोजनसाधारण को परेशान करती हैं इसके लिए व्यापार मंडल संघर्ष करेगी, उन्होंने कहा कि गैस की जो किल्लत है उसमें व्यापारी जन सहयोग करें क्योंकि यह राष्ट्रीय नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर का मामला है। उन्होंने गैस एजेंसी मालिकों व हाकरो से अपील की कि सुगमता से गैस उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए ताकि गैस तक कृत्रिम अभाव न दिखाई दे। बैठक में जिला महामंत्री नरेश चंद्र पालीवाल, गोविंद अवस्थी,संजय रस्तोगी, नवनीत मिश्रा समेत जिला कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

उद्योग व्यापार मंडल के नवमनोनीत पदाधिकारीगण। अमृत विचार

आयोजन | परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

स्कूल की वार्षिक पत्रिका 'अभ्युदय' का विमोचन

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में वार्षिक पत्रिका 'अभ्युदय' का भव्य विमोचन, वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संगठन मंत्री रजनीश पाठक, जिला प्रचारक मानवेंद्र सिंह विद्यालय अध्यक्ष शिव विलास त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान, सहप्रबंधक सुधाकर चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, पूर्व प्रबंधक अजय पुरवार प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह जी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अतिथि परिचय प्रदीप अवस्थी, व संचालन रामानंद पांडे जी द्वारा किया गया

पत्रिका का विमोचन करते प्रधानाचार्य व शिक्षक। अमृत विचार

विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह जी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात वार्षिक पत्रिका 'अभ्युदय' का विमोचन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की रचनात्मकता, लेख, कविताएं एवं विद्यालय की गतिविधियों का सुंदर संकलन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान वार्षिक परीक्षा परिणाम परीक्षा प्रमुख प्रदीप शर्मा द्वारा घोषित किए गए, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विवान मिश्रा, अनंत भारद्वाज, आशुतोष अवस्थी ने विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित किए एवं अन्य सभी भैया बहनों को भी सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

उजरामऊ में बधाई मांगने के अधिकार को लेकर किन्नरों में विवाद, दो हिरासत में

संवाददाता अमृतपुर

- स्थानीय और गैर जनपद से आए किन्नरों के बीच चल रहा विवाद

अमृत विचार। थाना राजेपुर क्षेत्र अंतर्गत उजरामऊ गांव में किन्नरों के बीच बधाई मांगने की परंपरा को लेकर चल रहा विवाद अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। लंबे समय से चल रहे इस विवाद में पुलिस की एंट्री होने के बाद इलाके में हलचल बढ़ गई है। बदायूं जनपद के थाना आलापुर के उजरामऊ गांव से दो किन्नरों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है, जिससे किन्नर समाज में नाराजगी भी देखी जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, किन्नरों के बीच 'बधाई' मांगने की परंपरा को लेकर अधिकारों का विवाद काफी समय से चला आ रहा था। स्थानीय किन्नरों का आरोप है कि गैर-जनपद से आए कुछ किन्नर उनके क्षेत्र में आकर बधाई मांगते हैं, जिससे उनका पारंपरिक अधिकार प्रभावित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर बाहरी किन्नरों का कहना है कि उन्हें भी बधाई मांगने का समान अधिकार है। इसी तनातनी के चलते कई बार आपसी कहासुनी और विवाद की स्थिति भी बन चुकी थी। किन्नरों के ठिकाने पर पहुंचकर पुलिस ने दो किन्नरों को हिरासत में लिया और उन्हें पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई।

घटना की जानकारी मिलते ही उजरामऊ गांव और आसपास के क्षेत्रों से करीब एक दर्जन किन्नर एकत्र होकर थाना राजेपुर पहुंचे। यहां उन्होंने थाना अध्यक्ष संदेश कुमार से मुलाकात कर अपनी नाराजगी जाहिर की और पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। किन्नरों ने यह भी कहा कि बिना पूरी जानकारी के कार्रवाई किए जाने से उनके समाज में असंतोष फैल रहा है।

थानाध्यक्ष राजेपुर संदेश कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया दो किन्नरों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामला दूसरे जनपद से संबंधित है, इसलिए संबंधित थाना ही जांच कर रहा है। फिलहाल पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

67 केंद्रों पर होगी गेहूं की खरीद

30 मार्च से 15 जून तक चलेगा गेहूं खरीदने का अभियान : डीएम, खरीद से पूर्व पंजीकरण व सत्यापन आवश्यक

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार । जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं क्रय केंद्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में गेहूं खरीद अभियान 30 मार्च से प्रारंभ होकर 15 जून तक संचालित किया जाएगा। सभी क्रय केंद्र प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे। रविवार एवं राजपत्रित अवकाश के दिन बंद रहेंगे। कुल 67 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर अभिलेखों का समुचित संधारण, निरीक्षण पंजिका एवं शिकायत पंजिका अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहेगी। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष जनपद का गेहूं खरीद लक्ष्य बढ़ाया गया है। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई साथ ही किसानों को गेहूं उतराई, छंटाई आदि के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गेहूं खरीद से पूर्व किसानों का पंजीकरण एवं सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। जिन किसानों का सत्यापन लंबित है, उनका शीघ्र सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। सभी क्रय केंद्रों पर एम-पॉस मशीन के माध्यम से उपस्थिति की मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रातः 10 बजे के बाद उपस्थिति दर्ज कराने वाले केंद्र प्रभारियों को अनुपस्थित माना जाएगा तथा लगातार तीन दिन अनुपस्थित रहने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

मंडी परिषद को निर्देशित किया गया कि सभी क्रय केंद्रों पर कांटे पूर्ण रूप से तैयार रहें तथा आवश्यक उपकरण जैसे पावर डस्टर एवं एनालिसिस किट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि मंडियों में पर्याप्त स्थान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो और गेहूं की खरीद एवं आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके। बैठक में उप कृषि निदेशक आरएन सिंह और समस्त बिक्री केंद्र के प्रभारी उपस्थित थे।

डीएम ने गौशालाओं की स्थिति पर जताई नाराजगी

■ इटावा। जिलाधिकारी ने गौशालाओं की वर्तमान स्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर लगातार असंतोष व्यक्त किया जा रहा है कि पशुधन विभाग की स्थिति अत्यंत दयनीय है। जनपद में संचालित लगभग 70 गौशालाओं के बावजूद अपेक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित नहीं की जा रही हैं, जो अत्यंत गंभीर विषय है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौशालाओं में साफ-सफाई, भूसा, दाना, हरा चारा, पेयजल एवं छाया की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है, इसके बावजूद यदि लापरवाही सामने आती है तो इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होने बताया कि बढ़पुरा में 11, महेवा में 11, भरथना में 11, चकरनगर में 6, जसवंतनगर में 6 तथा ताखा में 8 गौशालाएं संचालित हैं । सभी स्थानों पर हरे चारे पानी, छाया, दाना की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, डीएसटीओ रमेशचंद और समस्त विकास खंड अधिकारी उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह 19 अप्रैल को

परशुराम सेवा समिति की बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

● परशुराम सेवा समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

अमृत विचार । परशुराम सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष अनुपम तिवारी के आवास पर पत्ता बाग फ्रेंड्स कॉलोनी में संपन्न हुयी ।

बैठक की अध्यक्षता संरक्षक अरविन्द तिवारी ने की तथा संचालन प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा ने किया। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने अशोकनगर निवासी सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा को समिति का संरक्षक मनोनीत किया । बैठक में सर्व सम्मति से तय किया गया कि परशुराम जन्मोत्सव पर 19 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से माँ चामुंडा देवी मन्दिर परिसर प्रकाश कोल्ड स्टोर इकदिल में आयोजित किया जायेगा। उक्त वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह कार्यक्रम में 11 महिलाओं सहित 51 वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाण पत्र, पट्टीका व परशुराम जी की प्रतिमा देकर परशुराम सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। बैठक में संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, गोपालजी मिश्रा, रविशंकर चौधरी, आशुतोष त्रिपाठी, शुभम पाठक, श्याम मिश्रा रहे।

न्यूज ब्रीफ

पेड़ पर फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

भरथना। थाना क्षेत्र के गांव लहरिया पुरा में रविवार सुबह एक व्यक्ति का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लहरियापुरा निवासी 53 वर्षीय पूरन सिंह पुत्र बाबूराम का शव रविवार सुबह करीब दस बजे खेतों में बबूल के पेड़ पर अंगौछे के सहारे लटका मिला। खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने जब शव देखा तो तुरंत मृतक के परिजनों को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही मृतक का बड़ा बेटा मोहर सिंह एवं पत्नी नीलम रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह पुलिस बल एवं फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बताया गया है कि मृतक शराब पीने का आदी था। मृतक के बड़े बेटे के अनुसार परिवार में सब कुछ सामान्य चल रहा था, लेकिन अचानक उन्होंने यह कदम उठा लिया। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रों एवं विवाहित पुत्री शिल्पी को रोता-बिलखता छोड़ गया है।

फाल्गुनी ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में मारी बाजी

इटावा। सिटी पब्लिक स्कूल ब्रह्मनगर की होनहार छात्रा कु. फाल्गुनी शर्मा कक्षा 5 ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में वरीयता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा को सम्मानित करते हुए समाजसेवी हरी शंकर पटेल ने कहा कि छात्र जीवन सीढ़ी के समान होता है एक के बाद एक सफलता प्राप्ति के बाद वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करता हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीप बिसारिया ने छात्रा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विद्यालय के अध्यापकों ने भी छात्रा को सम्मानित किया।

9 अप्रैल को कोर्ट में हाजिर होने के आदेश

इटावा। विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कोर्ट ने लखना निवासी रिषभ शंकर शुक्ला को 9 अप्रैल को कोर्ट में हाजिर होने के आदेश दिए है। बताया गया है कि लखना निवासी कपिल दोहरे ने वाद दायर किया था जिसमें लखना निवासी रिषभ शुक्ला पर मारपीट गाली गलौज व जाति सूचक गालियां देने के साथ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इस सम्बंध में कोर्ट ने रिषभ शुक्ला के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। लेकिन वह हाजिर नहीं हुए। इस पर कोर्ट ने बकेवर थाना पुलिस की कार्यशैली पर भी नाराजगी व्यक्त की । कोर्ट ने रिषभ शंकर शुक्ला को नौ अप्रैल को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है।

जैनाचार्य विहसंत सागर महाराज ससंघ का हुआ नगर प्रवेश

इटावा। शहर के आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सरायशेख से इस वर्ष महावीर जयंती महोत्सव के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिए जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में आचार्य विराग सागर महाराज के प्रिय शिष्य, मेडिटेशन गुरु मुनि विहसंत सागर महाराज ससंघ का भिंड से पदविहार करते हुए शहर में नगर प्रवेश हुआ। नगर प्रवेश यात्रा पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर नशिया से प्रारंभ होकर बजरिया चौराहा, पचराहा, सीओ सिटी चौराहा, कोतवाली चौराहा, सरायशेख जैन मंदिर, तिकोनिया, पक्की सराय आदि प्रमुख मार्गों से होती हुई माया मैरिज होम पहुंची, जहां आगवानी की गई। महोत्सव के अंतर्गत आज 30 मार्च दिन सोमवार को प्रात: 7 बजे सरायशेख जैन मंदिर से भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसका समापन माया मैरिज होम में होगा।

दो सगे भाइयों पर जान लेवा हमला

ताखा। पिता द्वारा उधार लिए गए रुपये वापस न कर पाने की रंजिश में दबंगों ने दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। पहले कार से उनकी बाइक में टक्कर मारी, फिर पीछा कर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार को भी बरामद कर लिया। फिल्मी अंदाज में कार सवार युवकों ने बाइक सवार दो भाइयों का पीछा किया। सरला गेस्ट हाउस के समीप कार से बाइक में टक्कर मार दी गई। टक्कर लगते ही बाइक सवार अंकित और रॉक्सी जान बचाने के लिए भागे, लेकिन हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से पहले टक्कर मारी और फिर जान से मारने की नीयत से हमला किया। जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मेधावियों को प्रमाणपत्र व शील्ड देकर किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार । पांन कुअंर इंटरनेशल स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज कुमार सिंह तहसीलदार सदर मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ की गई। विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ ज्ञान की देवी का आह्वान किया। इसके पश्चात कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियाँ प्रारंभ हुईं, जिनमें विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया।

इस विशेष अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ उपस्थित रहे। वर्षभर की कठिन मेहनत, लगन एवं अनुशासन का परिणाम आज विद्यार्थियों के रूप में देखने को मिला। विद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण भी किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया।

चैयरमैन कैलाश यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि वह 25 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत हैं और उनका उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक बल्कि खेलकूद, संगीत, विज्ञान एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट बनाना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का लक्ष्य प्रत्येक विद्यार्थी को एक बेहतर नागरिक बनाना है, जो समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सके। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर से सभी आए अतिथियों का आभार जताया।

मेधावियों के साथ तहसीलदार व चैयरमैन कैलाश यादव। अमृत विचार

● पांन कुंअर स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

एसएसपी ने लुटेरों को शीघ्र गिरफ्तार करने के दिए निर्देश

बकेवर। शनिवार को लवेदी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लखना-चकरनगर मार्ग पर लालपुल के पास दंपती से सोने की चेन लूट की घटना के मामले में पीड़ित की तहरीर पर थाना लवेदी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं देर रात एसएसपी बृजेश कुमार ने घटना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और मामले का शीघ्र खुलासा करने के लिए थानाध्यक्ष लवेदी को निर्देश दिए। विदित हो कि प्राविधिक शिक्षा से अवकाश प्राप्त शिक्षक विनोद कुमार तिवारी अपनी पत्नी कमला तिवारी के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे लखना-चकरनगर मार्ग पर लालपुल के पास पहुंचे, तभी दो मोटरसाइकिल सवार लुटेरों ने चलती बाइक पर ही उनकी पत्नी के गले से करीब दो तोले की सोने की जंजीर खींच ली और भाग निकले। एसएसपी से घटना स्थल का नरीक्षण कर लुटेरों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निदेर्श दिए।

सेवन हिल्स कॉलेज में हुई टीचर ट्रेनिंग वर्कशॉप

टीचर ट्रेनिंग वर्कशॉप में उपस्थित शिक्षक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार ।विद्यालयी शिक्षकों को नई शिक्षा नीति एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का ज्ञान कराने को लेकर सेवन हिल्स इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय टीचर ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के प्रथम दिवस गाजियाबाद से आई सीबीएसई सर्टिफाइड ट्रेनर रिचा सूद ने विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ को नेशनल एजूकेशन पॉलिसी नेशनल कैरीकुलम फ्रेमवर्क के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में समाज तेजी से बदल रहा है, इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में भी पठन-पाठन के तरीकों में बदलाव आना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने रटने की परंपरागत शिक्षा पद्धति को छोड़कर "लर्निंग बाय डूइंग" को अपनाने पर विशेष बल दिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से चेयरमैन शिव किशोर दुबे तथा ट्रस्टी सुनील कुमार राजपूत ने इस टीचर प्रशिक्षण कार्यक्रम को शिक्षकों के कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां बेटा व बेटी घायल

बकेवर। नेशनल हाईवे पर ओवरब्रिज पर अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार मां बेटा व बेटी घायल हो गए।

बसरेहर थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसा किल्ली निवासी हवलदार सिंह ने बताया उनकी ससुराल औरैया जनपद के अजीतमल थाना क्षेत्र के ग्राम भरसान में उनकी ससुराल में साले रामू की शादी थी। शादी के बाद उसका पुत्र ऋषि 20 वर्ष , रविवार की दोपहर अपनी मां मिथलेश बहन जान्हवी 11 साल के साथ अपने घर सिरसा किल्ली जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक बकेवर थाना क्षेत्र के कानपुर आगरा नेशनल हाईवे पर बकेवर बाईपास ओवरब्रिज के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने उसकी बाइक में कट मार दिया। जिससे तीनों घायल हो गए। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर में भर्ती कराया।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की गई जान

संवाददता भरथना इटावा

अमृत विचार । थाना क्षेत्र के गांव बनामई में शनिवार देर रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन महिला को अचेत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बनामई निवासी विष्णु यादव की 27 वर्षीय पत्नी निशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। बताया गया कि महिला लंबे समय से बीमार चल रही थी और उसका इलाज जारी था। शनिवार दिन में भी उसकी तबीयत बिगड़ी थी, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था। उपचार के बाद राहत मिलने पर वह घर लौट आई थी। देर रात करीब साढ़े दस बजे अचानक फिर उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया गया है कि वर्ष 2021 में विष्णु यादव का विवाह फिरोजाबाद तहसील क्षेत्र के समीप स्थित भाउपुर गांव निवासी निशा के साथ हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार निशा लंबे समय से टीबी (क्षय रोग) से पीड़ित थी और उसका इलाज भी चल रहा था। निशा अपने पीछे डेढ़ माह की मासूम बेटी निष्ठा को छोड़ गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

रुरा असवा के बीच 80 करोड़ की लागत से यमुना पर बनेगा पुल

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार । जिले के कचौरा और पारपट्टी क्षेत्र को एक नये मार्ग से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में यमुना नदी पर पुल बनाया जा रहा है। यह पुल गांव रुरा और असवा गांव के बीच बनेगा, जो ऐतिहासिक पिलुआ महावीर मंदिर के पास में है। इसके लिए राज्य सरकार से मंजूरी मिल गई है और 80 करोड़ रुपये भी भी जारी कर दिये गये हैं। विधायक सरिता भदौरिया ने यह जानकारी दी ।

उन्होंने पत्रकारों को बताया कि इस पुल के निर्माण के लिए 79 करोड़ 8 लाख 85 हजार रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृत सरकार ने दी है । यह रकम चालू वित्तीय वर्ष में दी गई है और जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। सदर विधायक ने बताया कि पिछले 9 साल से अपने विधायक काल के दौरान वे लगातार इस पुल के निर्माण की मंजूरी के प्रयास में जुटीं थीं और अब इसमें सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि इससे आधा सैकड़ा से अधिक गांव से जुड़े लोगों को लाभ होगा। उदी से होकर लंबा रास्ता तय करना पड़ता था अब वह रास्ता इस पुल के माध्यम से कम दूरी का हो जाएगा। इसके साथ ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु पिलुआ महावीर के दर्शन करने के लिए आते हैं उन्हें भी आवागमन में सुविधा होगी। पुल निर्माण से यहां श्रद्धालुओं का आना-जाना बढ़ जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पीडब्ल्यूडी ब्रिज कॉरपोरेशन इसका निर्माण कराएंगे और 2 साल के अंदर यह पुल बनकर तैयार हो जाएगा। निर्माण का कार्य भी जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। सदर विधायक ने बताया कि इसके अतिरिक्त दो अन्य महत्वपूर्ण कार्य भी इटावा के लिए स्वीकृत किए गए हैं और इनका निर्माण कार्य भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस के समीप खाली पड़ी जगह पर एक कंपोजिट विद्यालय बनाया जाएगा जिसमें कक्षा एक से कक्षा 12 तक की पढ़ाई होगी।

पत्रकारों को जानकारी देतीं सदर विधायक।

● आधा सैकड़ा से अधिक गांव के लोग होंगे प्रभावित

सड़क पार कर रहे ढाबा मालिक के पुत्र को कार ने रौंदा

संवाददता बकेवर इटावा

अमृत विचार । थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर ग्राम सरायमिट्ठे के सामने महाकाल ढाबा के संचालक के 26 वर्षीय बेटे को सड़क पार करते समय इटावा की ओर तेजगति से आ रहे कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा तभी पीछे से आ रहा दूसरा कार चालक उसे रौंदता हुआ निकल गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। बिजौली चौकी पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भेज दिया।

ग्राम सरायमिट्ठे गोविंद पाल उर्फ कल्लू ने बताया कि उनका 26बर्षीय छोटा बेटा सुखबीर उर्फ बंधन पाल शनिवार की रात करीब 8.30 बजे आगरा कानपुर नेशनल हाईवे को पार कर रहा था कि उसी समय इटावा की ओर से तेजगति से आ रहे अज्ञात कार ने उसको टक्कर मार दी , जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। तभी पीछे से आ रहा दूसरा कार चालक उसको रौंदता हुआ निकल गया। जिससे बेटे सुखबीर उर्फ बंधन पाल की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना पर बिजौली चौकी इंचार्ज शोभित प्रजापति मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और मृतक युवक के शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक सुखबीर तीन भाई थे एक बहिन है जिसमें बडा भाई राहुल पाल दूसरे नम्बर का सोनू व सबसे छोटा मृतक स्वंय था। वहीं पुलिस कार को ढूंढने का प्रयास कर रही है।

आस्था

आमंत्रण यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, लोगों से कार्यक्रम में आने की अपील

श्याम नाम के जयघोष से गूंजा भरथना

संवाददता भरथना इटावा

अमृत विचार । भरथना नगर में 30 मार्च को आयोजित होने वाले द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर शनिवार को श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा भव्य आमंत्रण यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे नगर में श्याम नाम के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो उठा।

आमंत्रण यात्रा का शुभारंभ ॐ श्री पागल बाबा गंगा सागर धाम, बकेवर रोड से हुआ। दोपहर करीब 12 बजे निकली यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु "हारे के सहारे, बाबा श्याम हमारे" के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। यात्रा में ढोल-नगाड़े और भक्ति गीतों की मधुर धुनों ने सभी का मन मोह लिया। युवाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लिया और पूरे नगर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

आयोजकों ने बताया कि 30 मार्च को जवाहर रोड स्थित भैरोमल राइस मिल में द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें बाबा श्याम का भव्य दरबार सजेगा और देश के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह की मौजूदगी में यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। श्री श्याम मित्र मण्डल ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

इस दौरान ॐ श्री पागल बाबा गंगा सागर धाम के मुख्य न्यासी श्याम सुंदर चौरसिया, पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवाल, अरविन्द चौरसिया, अतुल पोरवाल, विनोद यादव, अनुराग पोरवाल 'छुन्ना', अभिनव दीक्षित, राजू महेश्वरी, राजेश चौहान, राहुल यादव, रामजी तोमर, रोहित भंसाली, विशाल चौबे, अमित यादव, राजेंद्र पोरवाल 'रज्जू', सुनील शारदा, राजीव पोरवाल, संतोष वर्मा, ऋतिक जादौन, संजीव यादव सहित अनेक श्याम भक्त मौजूद रहे।

शोभायात्रा में शामिल भक्तगण। अमृत विचार

सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार । महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक सुदृढ़ीकरण, व्यक्तित्व विकास और सांगठनिक मजबूती के लिए कराया जा रहा है।

उन्होंने सदर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इसी क्रम में एक अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण अभियान भाजपा का एक प्रमुख वैचारिक और सांगठनिक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य पार्टी को वैचारिक रूप से मजबूत रखना है। प्रशिक्षण अभियान को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं और उनकी सक्रियता से ही योजनाएं धरातल पर प्रभावी रूप से लागू होती हैं। सदर विधानसभा की सभी 5 मंडलों में एक साथ उद्घाटन सत्र आयोजित हुए। इटावा प्रथम मंडल की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी ने व उद्घाटन महिला कल्याण निगम अध्यक्ष कमलावती सिंह ने किया। इटावा द्वितीय मंडल की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष कृपा नारायण तिवारी व उद्घाटन कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह ने किया। बसरेहर मंडल की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रमाकांत शर्मा व उद्घाटन सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया। इकदिल मंडल की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा व उद्घाटन जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं कमलावती सिंह साथ में जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता।

न्यूज ब्रीफ

ट्रॉली का पहिया निकला, हादसा बचा

अछल्दा (औरैया)। कस्बे से मौरंग, सीमेंट और सरिया लादकर तेहराजपुर जा रहा एक ट्रैक्टर शनिवार रात हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गया। घटना गांव आशा बाग के पास रात करीब 8:20 बजे की बताई जा रही है। रास्ते में अचानक ट्रैक्टर की ट्रॉली का पहिया निकलकर दूर जा गिरा, जिससे ट्रॉली सड़क पर ही गिर गई। हादसे के बाद चालक ने काफी देर तक पहिए की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिल सका। इसके बाद दूसरे ट्रैक्टर को मौके पर बुलाकर लदा हुआ मौरंग, सीमेंट और सरिया सुरक्षित रूप से दूसरी ट्रॉली में शिफ्ट किया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा बच गया।

111 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर लौटाए

औरैया। पुलिस की स्वाट/सर्विलांस टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए गुमशुदा 111 मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को वापस कर दिया। बरामद किए गए मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 17 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में स्वाट और सर्विलांस टीम द्वारा लगातार तकनीकी माध्यमों से गुम हुए मोबाइलों की तलाश की जा रही थी। टीम ने विभिन्न सर्विलांस तकनीकों की मदद से मोबाइलों को ट्रेस कर उन्हें बरामद किया।

भंडारे के बाद हुआ मूर्ति विसर्जन का आयोजन

फफूंद, औरैया। कस्बा में चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिरों में माता रानी की जयकारों की आवाज गूंजी। कटरा हेमनाथ में मां की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसका नवमी पर भव्य भंडारा और दसमी पर मूर्ति विसर्जन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माता के भक्तों ने माता रानी की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर हजारों लोगों ने भंडारे में प्रसाद छका। मंदिर परिसर में विशेष सजावट और फूलों से सजी माता रानी की प्रतिमा ने वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया था। इस अवसर पर प्रमोद तिवारी, महेश शुक्ला, बाबू जी शुक्ला, अमित तिवारी ललित शुक्ला आशीष अग्निहोत्री, अन्ना तिवारी, ओमकार शुक्ला, संतोष तिवारी, आदि प्रमुख लोग शामिल रहे।

दशमी पर किया गया भव्य रात्रि मेला का आयोजन

ऐरवाकटरा, औरैया। कस्बा थाने के पास स्थित प्राचीन मां दुर्गा मंदिर में दशमी के पावन अवसर पर भव्य रात्रि मेले का आयोजन किया गया। स्व. मनमोहन राय प्रधान के जमाने से लग रहा यह मेला इस बार भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना। इस अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने पहुंचे। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानों, झूलों एवं खान-पान की व्यवस्थाओं ने लोगों का खूब मन मोह लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने मेले का भरपूर आनंद उठाया। रात्रि में भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन ने भी पुख्ता इंतजाम किए थे। यह रात्रि मेला क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था, उत्साह और आनंद का केंद्र बन गया है।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस सतर्क:डीआईजी

डीआईजी ने किया पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण

संवाददाता औरैया

अमृत विचार। डीआईजी हरीश चंदर ने जनपद औरैया में वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में रखे अभिलेखों, दस्तावेजों एवं रजिस्टरों की गहनता से गहन जांच-पड़ताल की। उन्होने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह से सतर्क है।

रजिस्टर चेक करते डीआईजी। अमृत विचार

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने अभिलेखों के रखरखाव, उनकी अद्यतन स्थिति और कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी रिकॉर्ड सुव्यवस्थित रखे जाएं और समय-समय पर अपडेट किए जाएं। साथ ही लंबित कार्यों के शीघ्र निस्तारण और रिकॉर्ड प्रबंधन को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के उपरांत डीआईजी ने प्रेस वार्ता भी की।

इस दौरान उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था की स्थिति और अपराध नियंत्रण को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। डीआईजी ने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

दीवार से सीसीटीवी उखाड़ ले गए चोर

फफूंद। फपूंद थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब वे सुरक्षा के लिए लगाए गए उपकरणों को ही निशाना बनाने लगे हैं।

ताजा मामला ग्राम केशमपुर का है जहाँ स्थित एक एम. पैलेस से बीती रात शातिर चोर ने दीवार पर लगा सीसीटीवी कैमरा चोरी कर लिया। घटना से क्षेत्र के व्यवसायियों में असुरक्षा का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम केशमपुर निवासी लल्लन बब्बू ने अपने एम. पैलेस की सुरक्षा और देखरेख के लिए परिसर में आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। शनिवार की दरमियानी रात किसी शातिर चोर ने पैलेस की बाउंड्री वॉल के अंदर प्रवेश किया और दीवार पर लगा एक कीमती सीसीटीवी कैमरा उखाड़ लिया। चोरी की इस वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। रविवार सुबह जब संचालक पैलेस पहुंचे और कैमरा गायब देखा, तो उनके होश उड़ गए। घटना के संबंध में पीड़ित लल्लन बब्बू ने थानाध्यक्ष फफूँद को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बचपन स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

संवाददाता बिधूना, औरैया

अमृत विचार। नगर की सर्वाधिक प्रख्यात शिक्षण संस्था बचपन स्कूल का 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें अधिकांश बच्चों ने बेहतर अंक प्राप्त कर अपना और स्कूल का मान बढ़ाने का काम किया है।

बचपन स्कूल के द्वारा वार्षिक रिपोर्ट कार्यक्रम का आयोजन गजेंद्र सिंह पब्लिक पीजी कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की चेयरमैन रचना सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शायरा के द्वारा पीजी से प्ले ग्रुप के बच्चों के परीक्षा परिणाम को घोषित किया गया।इस अवसर पर बच्चों को साथ उनके नाम से संबोधित करते हुए डेक्स पर आमंत्रित किया गया। स्कूल की चेयरमैन रचना सिंह एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं को शील्ड, मेडल एवं रिपोर्ट कार्ड प्रदान किया। इस मौके पर मौजूद बच्चों के माता-पिता के द्वारा भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। बच्चों ने अपने अभिभावकों एवं कक्षा की शिक्षिकाओं के साथ सेल्फी पॉइंट पर पहुंचकर फोटो भी खिंचवाई गई।

रिपोर्ट कार्ड के साथ बच्चे। अमृत विचार

- चेयरमैन रचना सिंह ने बच्चों का किया उत्साहवर्द्धन

वार्षिक रिपोर्ट कार्यक्रम के दौरान स्कूल की चेयरमैन रचना सिंह ने कहा कि बचपन स्कूल की सारे भारत में ब्रांच है और उसी की शाखा का 2018 में उनके द्वारा बिधूना में शुरुआत की गई । तब से लेकर अब तक विद्यालय सुचारू रूप से संचालित है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि नन्हे-मुन्ने बच्चों को शिक्षा की दौड़ में सहजता और सरलता से आगे लाया जाए और यही प्रयास आज सार्थक होता साबित हुआ है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल की सभी शिक्षिकाएं भी लगातार सहयोग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर जो बच्चे रहे हैं।

उनके उज्जवल भविष्य की वह कामना करती हैं। साथ ही जो बच्चे किसी कारण वश पिछड़ गए हैं वह निराश न हों आगे से और मेंहनत करके उन्हें भी अच्छा परिणाम लाना है। उन्होंने सभी अभिभावकों के द्वारा बच्चों की शिक्षा में स्कूल के साथ सहभागी बनने और बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में कार्य करने के लिए सभी की सराहना की।

नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा जिला अध्यक्ष। अमृत विचार

मंजू चौहान बनीं भाजपा की जिला उपाध्यक्ष

संवाददाता अछल्दा, औरैया

- अछल्दा की महाराणा प्रताप संस्था की उपप्रबंधक को मिली नई जिम्मेदारी

अमृत विचार। कस्बे की महाराणा प्रताप संस्था की उपप्रबंधक मंजू चौहान को भारतीय जनता पार्टी की मुख्य इकाई में जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

मंजू चौहान इससे पहले पार्टी के महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष के पद पर कार्य कर चुकी हैं। उन्होंने पार्टी संगठन के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नए दायित्व मिलने पर कस्बे के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रसन्ना सिंह, प्रतिमा पोरवाल, सिलोचना प्रजापति और सौम्य राजपूत सहित कई प्रमुख लोगों ने मंजू चौहान को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। सि मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

ऑटो बचाने के प्रयास में पलटा ट्रक, चालक व क्लीनर घायल

अछल्दा, औरैया। थाना क्षेत्र के महेवा मार्ग पर रविवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। ऑटो को बचाने के प्रयास में एक ट्रक अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया, जिससे चालक और क्लीनर घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, शाम करीब 5 बजे चिमकुनी की ओर से अछल्दा आ रहा ट्रक छछुंद गांव के गपकापुर रोड के पास अचानक सामने आए ऑटो को बचाने के दौरान संतुलन खो बैठा और सड़क किनारे खेत में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक राजू (34 वर्ष), पुत्र बादशाह, निवासी गणेश का अड्डा, तथा क्लीनर विकास (30 वर्ष), पुत्र डील चन्द्र, निवासी रामगढ़ सराय पुख्ता घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ट्रक में एल्युमीनियम तार लदा हुआ था, जो पलटने के बाद खेत में बिखर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक नशे की हालत में था, जिससे हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

पार्टी कार्यालय में पीएम के संवाद को सुनते भाजपाई। अमृत विचार

भाजपाइयों ने पीएम के 'मन की बात' को सुना

औरैया। रविवार को मन की बात कार्यक्रम का 132 वा संस्करण में देशवासियों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात करते हुए कहा है कि भारत को टीम इंडिया की शानदार जीत पर गर्व ।

देश में पेट्रोल डीजल एलपीजी की कोई समस्या नहीं है ,लोग अफवाहों के बहकावे में ना आए सरकार की जानकारी पर विश्वास करें। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के समग्र विकास, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण और युवाओं की सक्रिय भागीदारी जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए।प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम से देशवासियों से सकारात्मक सोच, जन भागीदारी और राष्ट्रहित में निरंतर योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संकल्प लिया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। भाजपा जिले की प्रभारी आनंद सिंह ने बिधूना देहात ग्राम बनसाई की बूथ नंबर 274 पर एवं जिला अध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने दिबियापुर मंडल के उसरारी बूथ नंबर 194 पर तथा जिले के रजनीश पांडे , यशवीर सिकरवार, योगेंद्र कैथवार ,विशाल शुक्ला ,भूरे चौबे ,मनु राजपूत, इंद्रपाल पाल अमरचंद राठौर, मंजू सिंह चौहान, ॠषि पांडे, माधव राजपूत, आशीष दुबे, आदर्श ठाकुर, वासुदेव प्रजापति, रविन्द्रीय शाक्य, दीक्षित सहित सभी पदाधिकारी ने मन की बात सुनी।

खेत में बकरी जाने को लेकर भिड़े दो गांवों के लोग, हंगामा

संवाददाता अयाना

- पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर प्राथमिकी की दर्ज

अमृत विचार। खेत में बकरियां जाने को लेकर शनिवार देर शाम को पाकर का पुरवा व फरिहा गांव के लोग आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, इसमें दोनों पक्षों से करीब 15 लोग घायल हो गए।

फरिहा निवासी मोहित सेंगर ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि शनिवार शाम को वह अपने खेतों में काम कर रहा था। इसी दौरान पाकर का पुरवा निवासी जय प्रकाश पाल, इंदल पाल, महारूप पाल, तहसीलदार अपनी बकरियों का झुंड उसके खेत में खड़ी फसल में चराने लगे। विरोध करने पर आरोपी मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर लोग मौके पर आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसी बीच आरोपियों के साथी अंकित पाल, शिवम पाल, सुनील, राजा, पान सिंह, अंकेश, पंकज आदि लोग कुल्हाड़ी व धारदार हथियार लेकर आए और उसके, उसके साथी संतोष भदौरिया, विपिन, भानू प्रताप, निहाल, किशोर, सोनू, लल्लू के ऊपर हमला कर दिया। इससे वह सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से तेज सिंह पाल की बेटी दीप्ती ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि शनिवार शाम को वह खेतों प र शौच के लिए गई थी। वहां मौजूद फरिहा निवासी मोहित सिंह, निहाल सिंह गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने धमकी देते हुए उसके सिर पर कुल्हाड़ी मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। । इसी दाऊ प्रहलाद सिंह, रणजीत सिंह, हरवंश को जान से मारने की नीयत से ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया। जब वह लोग जान बचाकर भागे तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने उसकी भाभी जगवती देवी, वीर सिंह, गुड्डी देवी को घायल कर दिया गया।

फाटक खराब, एंबुलेंस में महिला ने दिया बेटे को जन्म

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

अमृत विचार। कस्बा स्थित शुक्रवार को रेलवे फाटक खराब होने से मानवीय संवेदनाओं की मिसाल देखने को मिली। फाटक बंद होने के कारण प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका, ऐसे में 102 एंबुलेंस कर्मियों ने एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराकर महिला और नवजात की जान बचाई।

ग्राम पूर्वा उदई दशहरा निवासी आरती देवी पत्नी पुष्पेंद्र को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 102 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही ईएमटी विकास श्रीवास्तव और चालक महावीर मौके पर पहुंचे और महिला को अस्पताल ले जाने लगे।

एंबुलेंस में इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

इसी दौरान सुबह करीब 7:50 बजे अछल्दा रेलवे फाटक खराब मिला, जो काफी देर तक नहीं खुल सका। स्थिति गंभीर देखते हुए ईएमटी ने तत्काल निर्णय लेते हुए एंबुलेंस में ही प्रसव कराया। उनकी सूझबूझ से महिला ने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। जाम से लोग रहे परेशान रहे। उधर, दिल्ली–हावड़ा रेलमार्ग पर स्थित अछल्दा के 13-बी रेलवे क्रॉसिंग की मोटर शुक्रवार शाम करीब 7:55 बजे फेल हो गई, जिससे फाटक समय पर नहीं खुल सका। फाटक बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जाम की स्थिति बन गई।

- रेलवे फाटक की मोटर फेल होने से लगा जाम
- 102 एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ से सुरक्षित डिलीवरी

सड़क हादसे में युवक की मौत पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता औरैया

अमृत विचार। सड़क हादसे में मौत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, घटना 14 मार्च 2026 की रात करीब 10:50 बजे की है। अमित कुमार अपने दोस्त शिवदत्त शर्मा के साथ मोटरसाइकिल से उमरदा में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वे बिधूना-बेला रोड पर बांधमऊ पूर्वा दूजे के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था और उसने हॉर्न भी नहीं बजाया, जिससे यह हादसा हो गया। टक्कर के बाद दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल बेला के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, । हालत में सुधार न होने पर 22 मार्च को उन्हें हैलट अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसी रात करीब 11:45 बजे अमित कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई डेविड जॉनसन की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को अज्ञात ट्रैक्टर चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत मसगवाँ विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्रांक :–मेमो/ग्रा0पं0/गौशाला/2025–26 दिनाँक– 29 मार्च 2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद्द्वारा जनपद के समस्त भूसा/चौकर/हरा चारा/आटा चोकर / साइलेज / पशु आहार व्यवसायियों दुकानदारों एवं ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/कृषको को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मसगवाँ विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद हमीरपुर की गौशाला में संरक्षित गौवंशीय पशुओं के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति किये जाने के लिये सील बन्द निविदाए दिनाँक 30.03.2026 से दिनांक 06.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत मसगवाँ विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद–हमीरपुर में आमंत्रित की जाती है, जो उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत मसगवाँ में 06.04.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओ की बिक्री दिनाँक 30.03.2026 से दिनाँक 05.04.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत मसगवाँ में की जायेगी। निविदा के साथ ठेकेदारों/फर्मो की निविदा मूल्य की धनराशि नगद रूप में कार्यालय में जमा करते हुये उसकी रसीद के प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यो से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो आदि की जानकारी ग्राम पंचायत मसगवाँ कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न है:–

क्र0सं0	सामग्री का विवरण	गौवंश की अनुमानित संख्या	निविदा शुल्क
1.	भूसा	121	1000 + 180
	हरा–चारा		
	साइलेज		
2.	आटा–चोकर	121	225 + 41
	पशु–आहार		

नियम व शर्ते:–
1. गौवंशीय पशुओं के भरण–पोषण हेतु संख्या 01 एवं 02 में उल्लिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा अलग–अलग डाली जा सकती है।
2. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत–मसगवाँ
विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–मसगवाँ
विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पहल — डिवाइडर पर लगी सुरक्षा जाली से बदला कस्बे का स्वरूप

बिधूना में डिवाइडर का हो रहा सौंदर्यीकरण

संवाददाता बिधूना, औरैया

अमृत विचार। कस्बे की सड़कों को सुरक्षित और सुंदर बनाने के साथ डिवाइडर पर लगे पेड़ पौधों को सुरक्षित रखने के लिए नगर पंचायत ने एक बड़ी पहल की है। दिबियापुर और किशनी रोड पर स्थित डिवाइडरों के बीच अब लोहे की मजबूत सुरक्षा जाली (ग्रिल) लगाई जा रही है। इस कदम से न केवल कस्बे का सौंदर्यीकरण हो रहा है, बल्कि यातायात व्यवस्था में भी अभूतपूर्व सुधार देखने को मिलेगा। सुरक्षा जाली लगने से डिवाइडरों के मध्य लगे पेड़ पौधे भी सुरक्षित रह सकेंगे वहीं अनावश्यक रूप से आवारा जानवरों से भी निजात मिलेगी। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि नगर पंचायत बिधूना द्वारा दिबियापुर रोड पर 650 मीटर और किशनी रोड पर लगभग 1350 मीटर लंबे डिवाइडर पर ग्रिल लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। कुल मिलाकर करीब 2 किलोमीटर लंबे इस खंड को सुरक्षित जालियों से कवर किया जा रहा है। कहा इससे न सिर्फ दुर्घटनाओं पर लगाम लगेगी बल्कि डिवाइडर भी सुरक्षित और हरे भरे दिखाई देंगे। अक्सर देखा जाता था कि राहगीर और स्थानीय लोग जल्दबाजी में डिवाइडर लांघकर सड़क पार करते थे, जिससे तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक आने से हादसे का डर बना रहता था। जाली लग जाने से अचानक सड़क पार करने की प्रवृत्ति पर रोक लगी है। वाहनों की गति अबाधित रहेगी और हादसों की आशंका न्यूनतम हो जाएगी।

डिवाइडर पर लगाई जाती जाली। अमृत विचार

- सुरक्षित होगा आवागमन, लोगों को मिलेगी राहत

ट्रैफिक जाम की समस्या से भी स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष के अनुसार, यह परियोजना 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अंतर्गत पूर्ण की जा रही है। इसकी कुल अनुमानित लागत लगभग 85 लाख रुपए है। दिबियापुर रोड पर प्रकाश पोरवाल की चक्की से लेकर मंडी समिति गेट तक एवं किशनी रोड पर मौजीलाल होटल से लेकर सुधर्मा पेट्रोल पंप तक कार्य किया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष आदर्श कुमार मिश्रा ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देना है। जाली लगने से डिवाइडर लांघने की समस्या खत्म होगी, जिससे राहगीर और वाहन चालक दोनों ही सुरक्षित रहेंगे।

एसपी ने थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण

औरैया। शनिवार देर रात पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने दिबियापुर थाने का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न अनुभागों की स्थिति देखी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने सीसीटीएनएस कार्यालय, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, बैरक, महिला हेल्प डेस्क और शस्त्रागार का गहन निरीक्षण किया। साथ ही थाना परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर करने पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने थाने में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन, मिशन शक्ति केंद्र और बैरकों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा करते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

युवक लापता, परिजन परेशान

बिवांर (हमीरपुर)। थानाक्षेत्र के छानी खुर्द गांव निवासी जगमोहन पुत्र बच्चा कुशवाहा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पुत्र अभिषेक दिल्ली में रहकर कंपनी में कार्य करता है। अपने साथी अंकित शैलेंद्र के साथ नोएडा में रहता है। बीते 13 फरवरी को बिना जानकारी दिए हुए दिल्ली चला गया था। वहां से 10 मार्च को एसआई की परीक्षा देने के लिए प्रयागराज गया। लेकिन वहां से वापस न आने पर उसके साथी अंकित ने फोन से परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने रिश्तेदारों में तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग रहा है। माता पिता ने उसके साथ अनहोनी घटना होने का शक जाहिर करते हुए थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि मामला बाहर का है, उसके माता पिता को नोएडा के थाने में तहरीर देने की सलाह दी है।

एफडी किए गए रुपये न देने का आरोप

बिवांर (हमीरपुर)। थानाक्षेत्र के बांधुर बुजुर्ग गांव निवासी शिवदयाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव का जोलन पाण्डेय एफडी कराने का दबाव बनाता रहा है। एफडी के कराने का लालच देते हुए रुपये दोगुना हो जाने की बात को कहता रहा। विश्वास व लालच में आकर उसको 36 हजार रुपये दे दिए थे। आठ साल का समय बीत जाने पर उससे वापस रुपये मांगे तो नहीं दे रहा है। मांगने पर टालमटोल करता चला आ रहा है। रुपयों के मांगने पर देने से इनकार कर कंपनी के बंद होने की बात को कह रहा। उसने परेशान होकर थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसआई जगत नारायण ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

चौथी बार घर से भागी पत्नी, पति ने पुलिस से लगाई खोजने की गुहार

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के एक मोहल्ले से 50 वर्षीय महिला चौथी बार घर से लापता हो गई है। महिला के पति ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस से पत्नी को खोजने की गुहार लगाई है। एक गांव निवासी सुरेश ने बताया कि उनकी पत्नी शनिवार को अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में बिना बताए घर से चली गईं। उन्होंने अपनी पत्नी की सभी संभावित स्थानों पर तलाश की। लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। सुरेश के अनुसार यह पहली बार नहीं है जब उनकी पत्नी घर से लापता हुई हैं। उन्होंने बताया कि पत्नी इससे पहले भी तीन बार घर से भाग चुकी हैं। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया महिला की तलाश की जा रही है।

निर्माणाधीन मकान में करंट से मजदूर झुलसा, हालत गंभीर

मौदहा (हमीरपुर)। क्षेत्र के ग्राम पिपरौंदा में रविवार को निर्माणाधीन मकान में काम करते समय एक मजदूर करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी के अनुसार प्रेमजीत (35) पुत्र दीनदयाल गांव के ही सुरेन्द्र कुमार के मकान में छत डालने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान वह सरिया का जाल बांधते समय अचानक करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों व ग्रामीणों की मदद से घायल मजदूर को तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत भुगतान लंबित

सुमेरपुर (हमीरपुर)। रविवार को कौशल विकास केंद्र संचालक ने प्रेस वार्ता कर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लंबित भुगतान का मुद्दा उठाया। प्रबंधक ने बताया कि जनपद सहित प्रदेश के सैकड़ों केंद्रों ने युवाओं को प्रशिक्षण दिया, लेकिन लंबे समय से भुगतान नहीं हुआ है। ब्रजेश मेमोरियल प्राइवेट आईटीआई के प्रबंधक नीरज गुप्ता ने कहा कि आर्थिक संकट के चलते किराया, बिजली बिल, प्रशिक्षकों का वेतन और अन्य खर्च वहन करना कठिन हो गया है, जिससे कई केंद्र बंद होने की कगार पर हैं। इसके कारण नए प्रशिक्षण बैच भी शुरू नहीं हो पा रहे हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। प्रबंधक ने बताया कि कई बार शासन-प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं निकला। इसके विरोध में चार अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर पर महापड़ाव किया जाएगा। बताया कि केंद्र चलाने वाले प्रबंधकों ने लंबित भुगतान तत्काल जारी किए जाने एवं भुगतान प्रक्रिया को समयबद्ध व सरल बनाए जाने की मांग की है।

सड़क किनारे खड़े युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

राठ-हमीरपुर हाईवे में स्वासा मोड़ के पास हुआ सड़क हादसा

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

अमृत विचार। हमीरपुर राठ हाईवे में स्वासा मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे बाइक के पास खड़े युवक को टक्कर मार दी। बाइक ट्रक में फंसकर काफी दूर तक घसीटती चली गई। वहीं ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने घायल को छानी अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

रामकुमार।

ललपुरा थानाक्षेत्र के कलौलीजार गांव निवासी रामकुमार (40) पुत्र बौरा शनिवार को बाइक से अपनी ससुराल मोराकांदर गया था। रविवार को सुबह करीब 7:30 बजे साले लखन के साथ गांव कलौलीजार लौट रहा था। बाइक लखन चला रहा था। तभी राठ हाईवे स्वासा मोड़ के पास सोनी पेट्रोल पंप के करीब बाइक खड़ी करके लखन पेशाब करने चला गया। रामकुमार बाइक के पास खड़ा हो गया। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मारते हुए काफी दूर तक बाइक को घसीटता हुआ भाग गया। ट्रक की टक्कर से रामकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने घायल को छानी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची ललपुरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

प्रधान प्रतिनिधि लाल दिवान ने बताया बड़ी लड़की आरती की सगाई हो गई थी। शादी की तारीख तय नहीं हुई थी। पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। मृतक का साले लखन ने बताया बहनोई के करीब एक बीघे जमीन है, वह मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।

भाजपा नेता की कार में ट्रक ने मारी टक्कर बाल-बाल बचा परिवार

सुमेरपुर (हमीरपुर)। विंध्यवासिनी माता के दर्शन करके शनिवार की रात वापस लौट रहे भाजपा नेता का पूरा परिवार एक हादसे में बाल-बाल बच गया। कस्बे के उद्योग नगरी में पुलिस चौकी के समीप अज्ञात ट्रक ने भाजपा नेता की कार में टक्कर मार दी थी। कस्बे निवासी भाजपा नेता दिग्पाल सिंह चंदेल का परिवार शनिवार को मां विंध्यवासिनी माता के दर्शन करने गिरवा बांदा गया हुआ था। देर रात पूरा परिवार बांदा से बुंदेलखंड एक्सप्रेस से होकर खन्ना टोल प्लाजा से नेशनल हाईवे 34 में उतरा और कस्बे में आ रहा था। रात करीब 11:30 बजे फैक्टरी एरिया में पुलिस चौकी के समीप कार में तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। एयरबैग खुल जाने से कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। कार में भाजपा नेता की पत्नी रानी, पुत्र मानवेंद्र सिंह, बहू बबीता, नाती राघव, नातिन आराध्या व यशिका सिंह सवार थे। सभी सुरक्षित बच गए है। कार को पुत्र मानवेंद्र सिंह चंदेल चला रहा था।

अज्ञात कारणों के चलते युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दी

बिवांर (हमीरपुर)। अज्ञात कारणों के चलते उमरी गांव में युवक ने दोपहर को कमरा में अंगौछा को धन्नी में बांधकर गले में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। उसको मृत पाकर परिजनों में कोहराम मच गया।

थानाक्षेत्र के उमरी गांव निवासी दिनेश (22) पुत्र कामता प्रसाद प्रजापति के परिजन रविवार को खेत में खड़ी फसल की कटाई करने के लिए सुबह सपरिवार चले गए थे। घर में युवक अकेला था। तभी 11 बजे के करीब अज्ञात कारणों के चलते उसने कमरे में जाकर अपने अंगौछा को खपरैल की धन्नी में बांधकर गले में फांसी के फंदा बनाकर लटक कर आत्महत्या कर ली। मां उसको खाना देने के लिए खेत से वापस घर आई तो कमरे में देखा तो वह फांसी के फंदे में लटका मिला। मां ने खेत में जाकर परिजनों को जानकारी दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पिता ने थाना में तहरीर दी है। एसआई अंकित बैसला ने जाकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक दो भाइयों के होने पर छोटा अविवाहित था जो राजस्थान में रहकर मजदूरी का कार्य करता था। मृतक दो दिन पहले वापस गांव लौटा था।

मेधावी बच्चों को सम्मानित करतीं विधायक। अमृत विचार

संस्था ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

07 साल तक बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाएगी संस्था

अमृत विचार। शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय संस्था सृजन एक सोच द्वारा संचालित ग्रामीण प्रतिभा खोज जीटीएसई के अंतर्गत चयनित 10 मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह जलालपुर रोड़ स्थित एक विवाह घर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चयनित छात्रों को न केवल सम्मानित किया गया बल्कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए बड़ी घोषणा भी की गई।

संस्था ने इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगामी 7 वर्षों तक सीबीएसई स्कूल की संपूर्ण फीस, कोचिंग शुल्क, अध्ययन सामग्री और अन्य शैक्षिक जरूरतों का खर्च उठाने का संकल्प लिया है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के होनहार बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उनके सपनों को साकार करना है कार्यक्रम में विधायक मनीषा अनरागी, एसडीएम अभिमन्यु कुमार, सीओ राजीव प्रताप सिंह, उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल, प्रमोद बजाज, वंदना मिश्रा, डॉ. संतोष सिंह एवं संस्था के सीओओ विनय गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस दौरान अभिषेक, अल्फिशा, अनज, दीक्षा, हामिद, राज, राशि, संकेत कुमार साहू, वेदांश गुप्ता और श्रेष्ठ शामिल हैं। सभी विद्यार्थियों को परीक्षाफल, कैप और बैग देकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने कहा यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम है, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रेरणादायक उदाहरण भी है।

देवी विसर्जन के दौरान मारपीट का वीडियो वायरल

हमीरपुर। युवाओं के बीच मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो की पड़ताल में पता चला कि सदर कोतवाली क्षेत्र के केसरिया का डेरा इलाके में देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस दौरान कुछ युवक फरसा, डंडा और तलवार लेकर एक-दूसरे पर हमला करने लगे। हमले में एक युवक को तलवार लगने से चोट आई है। घायल युवक अजीत ने बताया कि शनिवार शाम विसर्जन के दौरान दो युवक आपस में झगड़ रहे थे। वह और उसके साथी के बीच-बचाव करने पहुंचे तो हमलावरों ने उन पर ही हमला कर दिया। इसी दौरान एक युवक ने तलवार से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। अजीत ने केसरिया डेरा निवासी उमेश निषाद पुत्र दीपक, अनुज निषाद पुत्र रमाकांत, आशीष निषाद पुत्र हरपाल एवं मनीष निषाद पुत्र हरपाल के खिलाफ तहरीर दी है। मारपीट का वीडियो सामने आने और तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर डाक्टरी परीक्षण व उपचार कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

मातृशक्ति सम्मेलन में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग। अमृत विचार

ब्राह्मण मातृशक्ति ने की कुरीतियों से लड़ने पर चर्चा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे के श्री कुंवर विद्यालय में रविवार को ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने समाज के उत्थान पर अपने विचार व्यक्त किए हैं।

महिला वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज में भेदभाव, दहेज प्रथा, कन्याओं की अशिक्षा को दूर करके विभिन्न कुरीतियों से लड़ते हुए ब्रह्म समाज को नई दिशा प्रदान करने पर जोर दिया है। इस सम्मेलन में ब्राह्मण एकता परिषद की राष्ट्रीय संरक्षिका एवं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष स्मिता त्रिपाठी, चित्रकूट मंडल अध्यक्ष गायत्री, हमीरपुर जिला अध्यक्ष दीपा त्रिपाठी, पूर्व ब्लाक प्रमुख मौदहा वीणा पाण्डेय, पूर्व चेयरमैन चंचला पालीवाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही हैं। संचालन सुनील त्रिपाठी ने एवं आयोजन रामचंद्र शुक्ल व जय प्रकाश त्रिपाठी ने किया है।

कॉलेज की नवनिर्वाचित प्रबंध समिति को दिलाई गई शपथ

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- राठ के बीएनवी इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार। कस्बे के बीएनवी इंटर कॉलेज की नवनिर्वाचित प्रबंध कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने समिति के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शनिवार शाम मुख्य अतिथि एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष भारत सिंह, उपाध्यक्ष जगदीश चंद्र, प्रबंधक डॉ. उमाकांत सिंह, उप प्रबंधक महेंद्र कुमार और कोषाध्यक्ष बाबूराम गुप्ता को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

सदस्यों में महिपाल सिंह, द्वारिका प्रसाद, मदनमोहन साहू, सूरज सिंह, आदेश कुमार, चरन सिंह और नरेंद्र कुमार भी शामिल थे जिन्होंने शपथ ली। बता दें कि बीएनवी इंटर कॉलेज प्रबंध समिति का चुनाव बीते 15 फरवरी को संपन्न हुआ था।

शपथ ग्रहण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, प्रधानाचार्य नरेश चंद्र आर्य, पूर्व कृषि निदेशक डॉ. डीपी सिंह, ब्रह्मानंद महाविद्यालय के सचिव डॉ. कमलेश सक्सेना, अमर सिंह बाबा, आकाश त्रिपाठी, राजेश राजपूत, शिक्षक सुदर्शन सिंह, रतनलाल, शैलेश खेवरिया, शिवकुमार, महेंद्र सिंह, सुरजन सिंह, चंद्रकांत सिंह, राजनारायण, भरत सिंह, आनंद सक्सेना सहित कई गणमान्य लोग रहे। प्रबंधक डॉ. उमाकांत सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 30 मरीजों का उपचार किया

कुरारा (हमीरपुर)। क्षेत्र के पारा पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 30 मरीजों का उपचार किया गया। क्षेत्र के पारा पीएचसी में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर विहीन होने पर फार्मासिस्ट के सहारे चल रहे है। वही आरोग्य मेले में 30 मरीजों का उपचार किया गया। पांच लोगों की शुगर की जांच की गई। 12 लोगों की खून जांच की गई। आरोग्य मेले में फार्मासिस्ट आनंद स्वरुप, स्टॉफ नर्स रश्मि आदि मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हरिया विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्रांक:—मेमो/ग्रा0पं0/गौशाला/2025—26 दिनाँक— 29 मार्च 2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद्द्वारा जनपद के समस्त भूसा/चौकर/हरा चारा/आटा चोकर / साइलेज / पशु आहार व्यवसायियों दुकानदारों एवं ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/कृषको को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुम्हरिया विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद हमीरपुर की गौशाला में संरक्षित गौवंशीय पशुओं के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2025—26 के लिये विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति किये जाने के लिये सील बन्द निविदाए दिनाँक 30.03.2026 से दिनांक 06.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हरिया विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद—हमीरपुर में आमंत्रित की जाती है, जो उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हरिया में 06.04.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओ की बिक्री दिनाँक 30.03.2026 से दिनाँक 05.04.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कुम्हरिया में की जायेगी। निविदा के साथ ठेकेदारों/फर्मो की निविदा मूल्य की धनराशि नगद रूप में कार्यालय में जमा करते हुये उसकी रसीद के प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यो से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो आदि की जानकारी ग्राम पंचायत कुम्हरिया कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न है:—

क्र0सं0	सामग्री का विवरण	गौवंश की अनुमानित संख्या	निविदा शुल्क
1.	भूसा	90	1000 + 180
	हरा—चारा		
	साइलेज		
2.	आटा—चोकर	90	225 + 41
	पशु—आहार		

नियम व शर्ते:—
1. गौवंशीय पशुओं के भरण—पोषण हेतु संख्या 01 एवं 02 में उल्लिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा अलग—अलग डाली जा सकती है।
2. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी कियी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत—कुम्हरिया, विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत—कुम्हरिया, विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

मंडल स्तर से हो सदस्य के मौत की जांच

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। इलाज में लापरवाही से कोरी समाज संगठन के कार्यकर्ता की मौत के मामले में कार्यवाही न होने से आहत संगठन के कार्यकर्ताओं ने सदर विधायक मनोज प्रजापति को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने मंडल स्तरीय जांच टीम से घटना की जांच कराने सहित पीड़ित परिवार को कांशीराम आवास दिलवाने और आर्थिक मदद दिलाने की मांग की है।

विधायक को ज्ञापन सौंपते कोरी समाज संगठन के कार्यकर्ता। अमृत विचार

कोरी समाज महासंस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश कोरी की अगुवाई में रविवार को दिए ज्ञापन में बताया कि बीते 22 मार्च की देर रात्रि उनके संगठन के जिला उपाध्यक्ष रामहेत अनुरागी की अचानक तबीयत बिगड़ने पर एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया था। यहां एमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर की लापरवाही के चलते रामहेत अनुरागी लगभग 12 घंटे तक तड़पता रहा। समय पर इलाज न मिल पाने से उसकी मौत हो गई थी। बताया कि रामहेत अनुरागी का परिवार अत्यंत गरीब है। कच्चा मकान है। उन्होंने सदर विधायक से मंडल स्तरीय जांच टीम से इस घटना की जांच कराने की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामबहादुर नयन, जिला उपाध्यक्ष रामबाबू अनुरागी व पीड़ित के भाई मौजूद रहें।

कस्बे के पेट्रोल पंपों में डीजल खत्म परेशान हो रहे लोग

सुमेरपुर (हमीरपुर)। कस्बे के अंदर बने तीन पेट्रोल पंपों में रविवार को डीजल खत्म हो जाने से किसान परेशान रहे। किसानों को डीजल की जरूरत फसलों की कटाई कतराई के लिए पड़ रही है अचानक कस्बे के पंपों में डीजल खत्म होने से किसानों को मौदहा, सिसोलर, जसपुरा आदि जाने को मजबूर होना पड़ा है।

शनिवार को देर रात तक कस्बे के अंदर बने सभी पंपों में डीजल मौजूद था। सुबह कस्बे के मंडी के समीप बने पेट्रोल पंप के साथ स्टेशन मार्ग, धर्मेश्वर बाबा मोहल्ले में बने पंप में डीजल खत्म होने से राहगीरों के साथ किसान परेशान हो उठे। कस्बे के इमिलिया थोक के किसान संजय यादव ने बताया कि डीजल के अभाव में कटाई बाधित है।

अपूरणीय क्षति | राजकीय सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार, विधायक ने पुष्पचक्र, पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 'अम्मा' को दी अंतिम विदाई

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। चिकासी गांव में शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित दीनदयाल मिश्रा की 94वर्षीय पत्नी अहिल्या देवी का निधन हो गया। रविवार को गुरुजी नगर में उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। नम आंखों के बीच उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

अहिल्या देवी का फाइल फोटो।

अहिल्या देवी के निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। विधायक मनीषा अनुरागी भी मौके पर पहुंचीं और पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि अहिल्या देवी का जीवन त्याग और संघर्ष की मिसाल रहा। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रशासन की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया गया। पुलिस बल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिसके बाद पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में चिकासी सहित आसपास के दर्जनों गांवों से सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पडी। ग्रामीणों ने नम आंखों से अम्मा को विदाई दी। लोगों ने कहा कि उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। इस दौरान उनके बेटे जगदीश शरण गुरु जी, देवीशरण, ओम शरण, रघुवीर शरण, पौत्र वरुण, अरुण, अजय, सक्षम समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अहिल्या देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं विधायक।

कार्यालय ग्राम पंचायत अमगाँव विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्रांक:—मेमो/ग्रा0पं0/गौशाला/2025—26 दिनाँक— 29 मार्च 2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद्द्वारा जनपद के समस्त भूसा/चौकर/हरा चारा/आटा चोकर / साइलेज / पशु आहार व्यवसायियों दुकानदारों एवं ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/कृषको को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमगाँव विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद हमीरपुर की गौशाला में संरक्षित गौवंशीय पशुओं के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2025—26 के लिये विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति किये जाने के लिये सील बन्द निविदाए दिनाँक 30.03.2026 से दिनांक 06.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत अमगाँव विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद—हमीरपुर में आमंत्रित की जाती है, जो उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत अमगाँव में 06.04.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओ की बिक्री दिनाँक 30.03.2026 से दिनाँक 05.04.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत अमगाँव में की जायेगी। निविदा के साथ ठेकेदारों/फर्मो की निविदा मूल्य की धनराशि नगद रूप में कार्यालय में जमा करते हुये उसकी रसीद के प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यो से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो आदि की जानकारी ग्राम पंचायत अमगाँव कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न है:—

क्र0सं0	सामग्री का विवरण	गौवंश की अनुमानित संख्या	निविदा शुल्क
1.	भूसा	145	1000 + 180
	हरा—चारा		
	साइलेज		
2.	आटा—चोकर	145	225 + 41
	पशु—आहार		

नियम व शर्ते:—
1. गौवंशीय पशुओं के भरण—पोषण हेतु संख्या 01 एवं 02 में उल्लिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा अलग—अलग डाली जा सकती है।
2. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी कियी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत—अमगाँव, विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत—अमगाँव, विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

न्यूज ब्रीफ

पीएम के कार्यक्रम को भाजपाइयों ने सुना

महोबा। सदर विधायक राकेश गोस्वामी की उपस्थिति में भाजपा जिला उपाध्यक्ष आकाशदीप सिंह के आवास पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सुना। इसके अलावा जिले के विभिन्न बूथों पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने अपने निर्धारित स्थानों पर कार्यक्रम को श्रवण किया। प्रधानमंत्री ने मन की बात के माध्यम से देश वासियों को संबोधित करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, युवाओं की ऊर्जा तथा महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने देशवासियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए प्रेरणादायक उदाहरण भी साझा किए। कार्यक्रम उपरांत उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जनजन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

नई कार्यकारिणी का किया गया गठन

बेलाताल। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल इकाई महोबा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इलेक्ट्रानिक्स व्यावसायी को महामंत्री चुने जाने पर क्षेत्र के व्यापारियों ने खुशी जताई है। वहीं संगठन ने महोबा शहर के जितेंद्र गुप्ता, अखिलेश चौबे व अन्य क्षेत्र व्यापारियों को जिला मंत्री पद के कार्य की जिम्मेदारी दी गई। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष स्वप्निल गुप्ता ने बताया कि संगठन की घोषित नई टीम में विभिन्न पदों पर व्यापारियों को जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें जिसमें अजनर निवासी आलोक नगरिया, अखिलेश चौबे, जितेंद्र गुप्ता, पिन्टू सिंह खन्ना, नीरज शर्मा पनवाड़ी को जिला मंत्री बनाया गया। नितिन नामदेव को जिला मीडिया प्रभारी, विधि सलाहकार मनोज परितोष गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष अनुज सोनी, नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष शशिकांत साहू, कबरई नगर प्रभारी सतीश गुप्ता, कबरई अध्यक्ष प्रशांत कुमार गुप्ता व खरेला नगर अध्यक्ष राजू गुप्ता को बनाया गया।

ग्रामीणों ने लाठी डंडे से मारपीट कर किया घायल

महोबा। करहराकलां गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक ग्रामीण को लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। घायल को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। बताया जाता है कि गांव करहराकला निवासी शिवचरण कुशवाहा (58) का गांव के रतन से लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि रतन की पत्नी अक्सर उसे देखकर गाली गलौज करती रहती, जिससे दोनों परिवारों में तनाव बढ़ गया और इसी बात को लेकर साजिश के तहत दबंग अपने सामने एक अन्य ग्रामीण से लाठी डंडों से हमला करवा कर घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टर ने बताया कि घायल के सिर और हाथों में चोटें आई हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

अपराधियों के विरुद्ध कठोर व प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रखें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- सैनिक सम्मेलन में एसपी ने सुनी कर्मचारियों की समस्याएं

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी के साथ उत्तरदायी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में मासिक सैनिक सम्मेलन और मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

सैनिक सम्मेलन में अधिकारियों कर्मचारियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को सुना गया और उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसपी ने बैठक में जिले में घटित विभिन्न आपराधिक घटनाओं की बिंदुवार समीक्षा कर अपराध नियंत्रण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं न्यायसंगत निस्तारण किया जाए। पुलिस बल के मनोबल को सुदृढ़ रखने, कार्यक्षमता बढ़ाने और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिए जाने पर जोर दिया। इस मौके पर माह मार्च दौरान होली, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, रमजान एवं ईद जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्वों को जिले में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल वातावरण में संपन्न कराए जाने पर एसपी ने समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की।

सम्मेलन को संबोधित करते एसपी व मौजूद एएसपी।

अपराध समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले में घटित विभिन्न आपराधिक घटनाओं का बिंदुवार व गहन विश्लेषण करते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और अपराधियों के विरुद्ध कठोर, प्रभावी एवं निरंतर कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, वांछित, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की त्वरित गिरफ्तारी कर संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। अंत में पुलिस अधीक्षक ने यह स्पष्ट किया गया कि जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश

बैठक में आगामी डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती और पंचायत चुनावों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने सभी अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में सघन निगरानी, निरंतर गश्त, खुफिया तंत्र की सक्रियता एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करने के लिए ठोस रणनीति अपनाने पर जोर दिया साथ ही चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

दुकान के बाहर रखी मशीन हुई चोरी

कुलपहाड़। कोतवाली क्षेत्र के सुगिरा गांव में दुकान के बाहर रखी भूसा बनाने वाली मशीन को अज्ञात चोर बीती रात चोरी कर फरार हो गए। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने आया तो मशीन गायब देखी और काफी खोजबीन के बाद न मिलने पर मशीन स्वामी को चोरी की जानकारी दी।

महोबा निवासी जलज वर्मा के फार्म हाउस सुगिरा में ट्रैक्टर सहित मशीनरी रखी है, जिसकी देखभाल सुगिरा निवासी राजेश यादव करते हैं। राजेश ने बताया कि शनिवार को भूसा की मशीन खराब हो गई थी, जिसे वह सही कराने डाल आए थे। दुकान के बाहर से चोर मशीन ले गए। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि जांच जारी है।

ई-रिक्शा पलटने से मासूम बच्ची की मौत, तीन घायल

घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई में कराया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। थाना कबरई क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें मां के साथ बैठी एक चार माह की बच्ची की मौत हो गई, जबकि मां सहित तीन लोग जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर घटना की जांच शुरू कर दी है। मासूम बच्चे की मौत से माता-पिता के अलावा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

थाना कबरई क्षेत्र के लिलवाही गांव निवासी लालबाबू की पत्नी हिना अपनी चार माह की बेटी मुस्कान की तबीयत खराब होने पर रविवार को उसे दवा दिलाने बघारी गांव गई थीं। उनके साथ उनका 13 वर्षीय बेटा अरमान और 15 वर्षीय भतीजी अंशु भी मौजूद थी। दवा लेने के बाद सभी लोग ई-रिक्शा पर बैठकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा गहरा गांव के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।

मुस्कान की फाइल फोटो।

ई-रिक्शा पहलटे ही सभी लोग रिक्शे के नीचे दब गए। घटना देख आसपास के लोगों ने ई-रिक्शे को सीधा कर उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक मासूम मुस्कान की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई में भर्ती कराया, जहां पर मरहम पट्टी करने के बाद सभी की छुट्टी कर दी गई। पुलिस का कहना है कि ई-रिक्शा चालक की लापरवाही के संबंध में जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

लगाया हत्या का आरोप

महोबा। थाना खरेला के सलुआ गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने विवाहिता की हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है।

पुलिस मामले की जांच पड़ताल के परिजनों में जुट गई है। मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सलुआ गांव निवासी जगभान के साथ नेहा की तीन साल पहले शादी हुई थी। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से बहन को ससुरालीजन परेशान करते थे। उसकी बहन ने कई बार अपने साथ हो रहे उत्पीड़न की घर वालों को जानकारी दी, लेकिन परिजन समझा बुझाकर उसे संतुष्ट कर देते थे। भाई ने बताया कि उसकी बहन की हत्या करने के बाद फांसी पर शव को लटका दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मैसेज आने के बाद भी उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा एलपीजी सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे युद्ध के चलते जिले में एलपीजी गैस की किल्लत दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है साथ ही अब 25 दिन के स्थान पर 35 दिन में सिलेंडर मिलेगा। हालत यह है कि बुकिंग कराने के बाद मैसेज आने पर लोग गैस एजेंसी में लाइन लगा रहे हैं, इसके बाद भी उन्हें गैस नहीं मिल पा रही है।

गैस एजेंसी पर लाइन लगाए उपभोक्ता। अमृत विचार

गैस उपभोक्ताओं का कहना है कि घंटों धूप में खड़े होने के बाद नंबर आने पर यह कहकर भगा दिया जाता है कि अब 35 दिन में सिलेंडर मिलेगा, जबकि 25 दिन में सिलेंडर मिलने के बारे में एजेंसी संचालकों द्वारा न तो कोई प्रचार प्रसार कराया गया और न ही उपभोक्ताओं को कोई जानकारी दी गई। गौरतलब है कि एलपीजी गैस एजेंसी संचालकों द्वारा 15 दिन के स्थान पर 25 दिन में गैस सिलेंडर बुकिंग करने की बात कही गई थी। 25 दिन के बाद उपभोक्ताओं ने गैस बुक कर दी। गैस बुकिंग करने के बाद उनके मोबाइल पर मैसेज आ गया। इसके बाद उपभोक्ता अगले दिन गैस सिलेंडर पाने के लिए धूप की परवाह किए बिना लंबी लाइन पर लग गए। घंटों इंतजार के बाद काउंटर पर पता चला कि अब सिलेंडर 35 दिन में मिलेगा, जिससे उपभोक्ता बैरंग लौट आए। एजेंसी संचालकों की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं में खासा आक्रोश है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस पाने के लिए कामकाज छोड़ कर सुबह से एजेंसी में पहुंच जाते हैं। घंटों बाद में नंबर आता है, इसके बाद भी बिना सिलेंडर दिए लौटा दिया जाता है। प्रशासन द्वारा सिलेंडर वितरण की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की जा रही।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 162 मरीजों का किया गया चेकअप

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। जैतपुर के आयोग्य मंदिर अजनर, खमा और अकौना में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के तहत रविवार को स्वास्थ्य शिविर लगा। शिविर में 162 मरीजों का चेकअप कर दवा दी गईं।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के तहत अजरन में आयोजित शिविर में डॉ. वैशाली सोनी, लैब टेक्नीशियन शैलेन्द्र, स्टाफ नर्स भगवती और उमेश की टीम ने 55 मरीजों की जांच की। खमा के स्वास्थ्य शिविर में डॉ. प्रेम नारायण शर्मा, डॉ. शैलेंद्र सिंह और डॉ. जेपी पारसेर के साथ स्टाफ नर्स किरन भानकुंवर, उमा और माया की टीम ने 53 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं तीसरी टीम ने अकौना में आए 57 मरीजों की जांच करने के आवश्यक दवाएं वितरित किया।

स्वास्थ्य टीम ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेले से मिलने वाली सुविधाओं के बारे जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों को उनके घर के समीप प्रत्येक रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं, प्रदान की जा रही है। यह मेला बीमारियों के शीघ्र पता लगाने, आयुष्मान कार्ड बनाने और स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में अत्यंत सहायक है। जिससे ग्रामीण अंचलों तक बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंच रही है।

मरीज का चेकअप करने के बाद फोटो लेते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

एनएसएस से युवाओं को जीवन के विभिन्न पहलुओं की मिलती सीख

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को महाविद्यालय सभागार में समापन हुआ। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा अधिकारी चित्रकूट धाम मंडल झांसी एवं प्रोफेसर सुशील बाबू रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने एनएसएस के कर्तव्यों का पाठ पढ़ाते हुए स्वयं सेवक व सेविकाओं को जागरूक किया।

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतिम दिन मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं से कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से छात्रों और युवाओं को जीवन के विभिन्न पहलुओं की महत्वपूर्ण सीख मिलती है, जो उनके व्यक्तिगत और सामाजिक विकास में सहायक है। कहा कि एनएसएस का मुख्य कार्य सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना है। इसका उद्देश्य सेवा के माध्यम से शिक्षा है, जिसके तहत स्वयंसेवक सामाजिक कार्यों को निस्वार्थ सेवा भाव के रूप में करते हैं। कहा कि विशेष शिविर से राष्ट्र सेवा की प्रेरणा के साथ नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से कर्तव्य पालन की सीख मिलती है और इससे स्वयं का विकास कर राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- वीरभूमि महाविद्यालय में हुआ सात दिवसीय एनएसएस शिविर

विशिष्ट अतिथि सुनीता ने छात्र छात्राओं से कहा कि निरीक्षर को साक्षर बनाना समाज में जागरूकता फैलाना राष्ट्रीय सेवा योजना की एक अच्छी पहल है। इस मौके पर चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों ने सात दिन की आख्या प्रस्तुत की। स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम बिहारी पांडे, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. सोवित कुमार गुप्ता, डॉ. एसएस राजपूत और महाविद्यालय के प्राध्यापक, डॉ. डीके खरे, डॉ. शक्ति सक्सेना, शैलेश तिवारी, डॉ. केसी वर्मा सहित स्वयं सेवी छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

जननी सुरक्षा योजना का शत प्रतिशत करें भुगतान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए निर्देश

अमृत विचार। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। बैठक में डीएम ने गर्भवती महिला पंजीकरण एवं जननी सुरक्षा योजना, जननी सुरक्षा कार्यक्रम, एंबुलेंस सेवा, मातृत्व मृत्यु संबंधी समीक्षा एवं टीकाकरण संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा कार्यक्रम, एंबुलेंस सेवा, मातृत्व मृत्यु संबंधी समीक्षा एवं टीकाकरण संबन्धी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिले के 102, 108 व एएलएस एंबुलेंस के मैनेजर को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में किसी मरीज को लाने और ले जाने में विलंब न हो। उन्होंने निर्देश दिए गए कि स्टेट रैंक से जिले की रैंक कम नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं की सब तक पहुंच सुनिश्चित कराएं और जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत-प्रतिशत लाभार्थियों को सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समस्त चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को बाहर की दवाई न लिखी जाए यदि किसी तरह की बाहर की दवाई लिखी पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

डीएम ने सभी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज का इलाज यथा संभव अपनी इकाई पर करें। यदि उस विधा का डाक्टर उपलब्ध न हो तो मरीज की स्थिति का आकलन करने के बाद ही मरीज को रेफर करें। कम दवाओं की उपलब्धता पर निर्देश दिए कि लोकल परचेज के माध्यम से शत-प्रतिशत दवा की उपलब्धता अस्पताल में सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कलाम कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशाराम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम

आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

विषेशज्ञों ने जोखिम प्रबंधन, आपदा में बचाव के सिखाए गुर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर डिप्टी कलेक्टर सल्तनत परवीन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री वितरण की गई साथ ही आपदा प्रबंधन से संबंधित लघु फिल्मों और वीडियो का प्रदर्शन किया गया, जिससे प्रतिभागियों को आपदाओं के दौरान 'क्या करें और क्या न करें' की स्पष्ट समझ विकसित हुई। कार्यक्रम में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजीएस) की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय कार्यक्रम में आपदा विशेषज्ञ प्रीति सिंह ने कहा कि आपदाएं अनपेक्षित होती हैं, लेकिन यदि हम पूर्व में ही जागरूक और प्रशिक्षित हों, तो जन धन की हानि को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सकता है। उन्होंने विभिन्न प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत करते हुए बचाव के वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। जिले में घटित होने वाली घटनाओं के अनुसार आपदाओं के प्रकार, संवेदनशीलता और राहत कार्यों के सरकारी मानकों पर विस्तृत जानकारी एवं आपदा जोखिम प्रबंधन में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को रेखांकित किया। आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि जमीनी स्तर पर महिलाएं कैसे एक प्रभावी फर्स्ट रिस्पॉन्डर की भूमिका निभा सकती हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी देतीं आपदा विशेषज्ञ। अमृत विचार

प्रशिक्षण दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी रेहान अली ने आगजनी जैसी आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया और बचाव कार्यों का प्रयोगात्मक ज्ञान से रूबरू कराया। चिकित्साधिकारी डॉ. सुशील खरे ने बेसिक लाइफ सपोर्ट के तहत प्राथमिक उपचार के तरीकों के बारे में जानकारी दी। सामान्य घटनाओं जैसे सर्पदंश और डूबने से बचाव के व्यावहारिक उपाय भी एसएचजीएस की महिलाओं से साझा किए। कृषि विभाग वरिष्ठ सहायक ग्रुप ए सियाराम ने फसलों के बावत जानकारी दी।

भगवान सच्चे भक्त के प्रेम, भक्ति के अधीन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। शहर के कबीर आश्रम में रविवार को संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह आठ बजे से चले तीन घंटे के सत्संग में कबीर वंदना हुई। इसके बाद कबीरी दोहे के माध्यम से प्रभु की भक्ति की व्याख्या की गई। सत्संग में कबीरी भक्तों में विशेष उत्साह दिखाते हुए संगीतमय भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय बना दिया।

सत्संग में समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि जिसके मुख में राम नाम है, वही धनवान है। राम नाम की भक्ति के बिना धनी व्यक्ति भी निर्धन के समान है। कहा कि राम नाम की भक्ति करने से मानसिक शांति, जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, तनाव से मुक्ति और पापों से छुटकारा मिलता है साथ ही आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। राम नाम की भक्ति से संकट दूर होते हैं और अंततः मोक्ष व वैकुंठ प्राप्ति का मार्ग सरल होता है। उन्होंने कबीर की साखी सुनाते हुए कहा कि कबीर सब जग निरधन धनवंता नाहिं कोय, धनवंता सोई जानिए, राम नाम धन होय। परमलाल विश्वकर्मा ने कहा कि भगवान सच्चे भक्त के प्रेम और भक्ति के अधीन हैं।

सत्संग कार्यक्रम में प्रस्तुति देते सत्संगी। अमृत विचार

पंडित अवधेश अवस्थी ने माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर, कर का मनका डार दे, मन का मनका फेर की विस्तार से व्याख्या की। पंडित जगदीश रिछारिया ने श्रीराम की वंदना सुनाई। सुरेश ने मन लागा मोर यार फकीरी में भजन प्रस्तुत किया।

कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने स्वरचित कबीर की रचना कबीर साहब भक्तों की पीड़ा हरिये, विस्वासघात का मार्ग दिखाइए प्रस्तुत किया। इस मौके पर लखलाल, पप्पू सैन, राजाराम चौरसिया, रामदीन अनुरागी सहित तमाम कबीरी भक्त मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

किसानों को मुआवजा देने के लिए सीएम को पत्र

चित्रकूट। सदर विधायक अनिल प्रधान ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर किसानों की फसल को हुए नुकसान पर मुआवजा देने का अनुरोध किया है। सपा विधायक ने पत्र में बताया है कि अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज हवा, बारिश और ओलावृष्टि से रबी की फसल प्रभावित हुई है। गेहूं की फसल गिरकर खराब हो गई है। इससे किसान काफी दुखी है। अगर मौसम साफ न हुआ तो और भी ज्यादा नुकसान होने की आशंका है। जिन किसानों का नुकसान हुआ है, उनकी फसल का सर्वे आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिए जाने का निर्देश दें।

युवक की बाइक चोरी

जालौन। भंडारे में गए युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित की शिकायत के 15 दिन बाद पुलिस ने चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी पडैया निवासी धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि उनका भतीजा आदर्श बीती 15 मार्च को शनिधाम गूढ़ा न्यामतपुर आयोजित यज्ञ के भंडारे में गया था। यज्ञ परिसर के बाहर भतीजे ने बाइक खड़ी कर दी। जब वह भंडारा खाकर वापस आया तो बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला। बाइक चोरी की सूचना यूपी 112 को दी। इसके बाद भी बाइक का पता नहीं चला तब उसने कोतवाली में तहरीर दी थी। लगभग 15 दिन बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

विवाहिता से मारपीट का मुकदमा दर्ज

जालौन। मध्यप्रदेश के जिला भिंड के गोहद थाना क्षेत्र निवासी पिता हरीशंकर ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का विवाह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी कृष्णा के साथ किया था। दामाद बेटी के साथ अक्सर किसी न किसी बात को लेकर पिटाई कर देता है। अब तो उसकी सास और ननदोई राजेश ने भी उसके साथ मारपीट करते हैं। आरोप लगाया कि बीती 13 मार्च को पति सास और ननदोई ने मिलकर बेटी की पिटाई की और उसे जान से मारने की धमकी दी। अभी जब वह बेटी के पास गए तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

जुआ खेलने के आरोप में आठ लोग गिरफ्तार

चित्रकूट। कोतवाली के उप निरीक्षक राजेश कुमार ने जुआ खेलने के आरोप में जुगुल किशोर, अब्दुल, अजमत निवासी कसहाई, रोहित, सुरेंद्र कुमार निवासी गुलाबनगर, चेतराम निवासी कुंजनपुरवा, भोला प्रसाद निवासी अनीपुर थाना राजापुर, पारसनाथ निवासी लालापुर थाना रैपुरा को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया। इनके मालफड़ से 5160 रुपये व जामा तलाशी से 2620 रुपये बरामद किए गए। एसआई अमरेंद्र सिंह, कांस्टेबिल राहुल पुरी, राहुल देव, मोहित कुमार और नीतू द्विवेदी शामिल रहे।

रिक्रूट आरक्षियों का साक्षात्कार लिया गया

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइंस में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों का साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार में एसपी द्वारा प्रशिक्षण अवधि में आउटडोर,इनडोर के संबंध में आरक्षियों से सवाल किए गए।

सुंदर घाट में चलाया गया स्वच्छता अभियान

चित्रकूट। जिला गंगा समिति बैनर तले गंगा स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत सुंदर घाट में स्वच्छता अभियान चलाया चलाया गया। इसमें गोपालकृष्ण गुप्ता जिला परियोजना अधिकारी, स्काउट गाइड के छात्र आशीष, निखिल, रामबली आदि एवं नगर पालिका की टीम तथा मां मंदाकिनी बचाओं समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार निषाद तथा सलाहकार प्रभाकर चौधरी रहे।

अलग-अलग मामलों में पांच वारंटी गिरफ्तार

चित्रकूट। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ शिवआसरे ने आबकारी अधिनियम के वारंटी मुन्ना कोल पुत्र पृथ्वीपाल निवासी ग्राम बोझ फार्म को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के एसआई राजेश कुमार एनडीपीएस एक्ट के वारंटी महेश यादव निवासी गुंजन गोल तालाब कोतवाली कर्वी, रैपुरा एसआई सुभाष राम ने वारंटी चुनकावन पुत्र बंगाली निवासी देवकली, पहाड़ी थाने के एसआई योगेंद्र बहादुर सिंह ने धर्म सिंह निवासी कहेटामाफी व मनोज पुत्र नत्थू निवासी देवल को गिरफ्तार किया।

जवारा विसर्जन को गए किशोर की यमुना में डूबने से गई जान

विसर्जन के दौरान गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

नदी किनारे पुलिस और ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मलवारा में श्रीमद्भागवत कथा के बाद जवारा व हवन सामग्री के विसर्जन के दौरान यमुना नदी में एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। इससे माहौल में शोक पसर गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतक के पिता रविशंकर ने बताया कि पुत्र कृष्ण कुमार (16) परिवार के राममिलन के घर में श्रीमद्भागवत कथा के समापन के बाद रविवार अपराह्न लगभग तीन बजे गांव की महिलाओं, पुरुषों के साथ यमुना नदी के तुलसी घाट में जवारा व हवन सामग्री विसर्जन में गया था। सभी लोग तुलसी घाट में विसर्जन के बाद स्नान कर लौट रहे थे। जब कृष्ण दिखाई नहीं दिया तो खोजबीन हुई। पाया गया कि उसके कपड़े व चप्पल घाट पर रखे हुए हैं। लोगों को उसके डूबने की आशंका हुई तो पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से कुछ ही देर बाद घाट से कुछ ही दूरी पर गहरे पानी से कृष्ण कुमार को बाहर निकाला और अस्पताल ले जाया गया। वहां पर मौजूद चिकित्सक ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। कृष्ण कुमार तीन भाइयों में मंझला था। बड़े भाई अजय व लव सिंह तथा एक बहन अंजली है। इनके साथ मां शीलू देवी व अन्य परिवारीजनों का रो रोकर कर बुरा हाल हो गया। उधर, प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पिकअप की टक्कर से आटो चालक की मौत

मानिकपुर। सरैया में शनिवार रात आटो और पिकअप टकराने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, सहसराम अपनी किराए की आटो से घर जा रहा था कि सामने से तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। इससे सहसराम बुरी तरह घायल हो गया। रविवार को उसका शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में बाइक रिपेयरिंग की दुकान के सामने पड़ा मिला। एक महिला ने शव को देख पुलिस को बताया पुलिस ने युवक की जेब से ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर परिजनों को सूचना दी। परिवारीजनों ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। रात में पुलिस के साथ ढूंढते रहे पर नहीं मिला। मृतक के पिता व पत्नी की मृत्यु पहले हो चुकी है।

महिला उत्पीड़कों पर होगी सख्त कार्रवाई : श्रीप्रकाश

मऊ चित्रकूट। नवागंतुक थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि महिला उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ कहा कि मादक पदार्थों का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

श्रीप्रकाश यादव।

नवागंतुक एसओ ने अपनी प्राथमिकताएं बताने के साथ क्षेत्र की जनता से अपील की कि भयमुक्त होकर किसी भी समस्या को पुलिस से बताएं। कोई भी शिकायत को लेकर किसी भी समय मिल सकता है, जिसका तत्काल निराकरण किया जाएगा। उन्होंने उपनिरीक्षकों एवं पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। उन्होंने बताया कि एंटी रोमियो दल को भी निर्देश दिया गया है कि संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं एवं छात्राओं को जागरूक करें, जिससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

होनहार बच्चों के साथ अध्यापिकाएं। अमृत विचार

नन्हे मुन्नों की प्रतिभा देख लोगों ने बजाई तालियां

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में समारोह का हुआ आयोजन

अमृत विचार। खोह स्थित श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में किंडरगार्टन (यूकेजी) के बच्चों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने अपने अनुभवों को आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रस्तुत किया, जिससे सभागार तालियों की गूंज से भर उठा।

समारोह के दौरान बच्चों ने नृत्य और गायन की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। बच्चे दीक्षांत परिधान में नजर आए, जिन्हें विद्यालय प्रशासन ने प्रमाणपत्र और ट्रॉफियां दीं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सौवारी मुखर्जी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही, शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इसी अवसर पर पीटीएम (पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग) में अभिभावकों को बच्चों की वार्षिक प्रगति से अवगत कराया गया तथा रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर स्वप्निल अग्रवाल एवं मैनेजमेंट अध्यक्ष अजय अग्रवाल मौजूद रहे।

शिक्षक की बिगड़ी तबीयत, थमीं सांसें

चित्रकूट। एक शिक्षक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल जा रहे थे तभी रास्ते में सांसें थम गईं। शिक्षक की अचानक मौत से घर में मातम पसर गया। जानकारी के मुताबिक, हीरालाल पुत्र राधेश्याम पहाड़ी क्षेत्र के लोहदा उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक थे। परिजनों ने बताया कि शनिवार शाम करीब छह बजे उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। उनकी बिगड़ती हालत को देख घबराए परिजन निजी वाहन का इंतजाम कर जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही शिक्षक की सांसें थम गईं। उनके निधन की खबर जैसे ही गांव और उनके कार्यस्थल पर पहुंची, शोक की लहर दौड़ गई। साथी शिक्षकों और ग्रामीणों ने इसे शिक्षा जगत के लिए एक बड़ी क्षति बताया।

क्षतिग्रस्त पुलिया और उसमें निकले सरिया। अमृत विचार

क्षतिग्रस्त पुलिया की सरिया निकलीं

जालौन। नगर के मोहल्ला नारोभास्कर में कालिंद्री टाकीज के सामने मुख्य मार्ग की पुलिया आधे महीने से ज्यादा समय से क्षतिग्रस्त है। पुलिया क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों को परेशानी हो रही है।

मोहल्ला नारोभास्कर में कालिंद्री टाकीज के सामने पुलिया बनी हुई है। यह पुलिया काफी समय से क्षतिग्रस्त है। इस रास्ते से वाहनों और लोगों का आनाजाना लगा रहता है। मुख्य मार्ग होने के चलते यहां लोगों का आना जाना लगा रहता है। पुलिया का हाल यह है कि पुलिया में सरिया तक निकल आए हैं जो मार्ग से ऊंचे हैं। यहां से निकलने पर सरिया लगने का डर लगा रहता है। रात में यहां से निकलने पर घायल होने का डर बना रहता है। मोहल्ले के दिनेश, जीतू आदि ने क्षतिग्रस्त पुलिया को बनवाने की मांग की है।

खप्टिहा गांव की बेटी बनी आर्मी स्कूल की शिक्षिका

मऊ चित्रकूट। खप्टिहा गांव की बेटी शालू द्विवेदी ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर सफलता हासिल की है। उसका चयन प्रयागराज स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल, न्यू कैंट इलाहाबाद में टीजीटी पद पर हिंदी विषय में हुआ है। शालू के पिता और खप्टिहा गांव के पूर्व प्रधान दिलीप द्विवेदी ने बताया कि बेटी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही पूरी की और लगातार मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया। शालू के भाई इलाहाबाद विवि के छात्र नेता अंकित द्विवेदी ने इस उपलब्धि को पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय बताया।

शालू द्विवेदी।

72 घंटे में हत्या का खुलासा, चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता जालौन

पुलिस की गिरफ्त में खड़े पकड़े गये हत्या के आरोपी। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले की पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्याकांड का महज 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने मिलकर युवक की बेरहमी से हत्या कर दी थी।

बीते दिनों पुलिस को सड़क किनारे एक युवक का अधजला शव मिला था, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक का आरोपी की पत्नी से अवैध संबंध था, जिससे नाराज पति ने अपने भाई व अन्य परिवारजनों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

आरोपियों ने युवक को हथौड़े और डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद पहचान छिपाने के लिए शव को पेट्रोल डालकर जला कर सड़क किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में प्रयुक्त हथौड़ा, डंडे और दो बाइकें बरामद की हैं। सभी आरोपियों को कैलिया थाना क्षेत्र के जगनपुरा रोड से सलैया खुर्द मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया है।

> टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से घटना का जल्द खुलासा संभव हो सका है। सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।
>
> -डॉ. दुर्गेश कुमार (एसपी जालौन)

अज्ञात कारणों से लगी आग, गृहस्थी राख

रामनगर। ग्राम पंचायत इटवा के मजरा महुलिया के दिनेश यादव के घर में दोपहर लगभग तीन बजे आग लग गई। इससे उसकी घर-गृहस्थी जल कर राख हो गई। घटना के समय घर के लोग बंटाई पर लिये खेत पर काम करने गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि दिनेश गरीब परिवार से है। गांव में ठेला लगा जीवन गुजार रहा है। पत्नी दिव्यांग है, दो बच्चे हैं। पीड़ित ने बताया कि खेत में काम करते समय गांव के लोगों ने बताया कि उसके घर में आग लगी है। इस पर काम छोड़कर दंपती घर की ओर भागे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक घर का सामान जलकर राख हो चुका था।

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

चित्रकूट। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने सेवा भारती के सहयोग से राजपूत शिक्षा मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन कर किया। 14 लोगों को ऑपरेशन के लिए जानकीकुंड पहुंचाया गया। इस मौके पर संस्था महामंत्री राजकिशोर, सभासद एवं शिविर संयोजक शंकर प्रसाद यादव, चिकित्सालय टीम के प्रभारी उमाशंकर शुक्ल, ईश्वरी प्रसाद राजपूत, हजारी प्रसाद राजपूत, शिवकुमार, जागेश्वर प्रसाद राजपूत, कल्पना राजपूत, प्रेमचंद यादव, कीर्ति सिंह, गीता मिश्रा रहीं।

वाहन की टक्कर से घायल युवक ने रास्ते में तोड़ा दम

चित्रकूट। जनपद के रैपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार शाम एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, रैपुरा थाना क्षेत्र के इटवा नकटी का पुरवा निवासी सोनू (24) पुत्र कमलेश शनिवार शाम बाइक से किसी काम से इटवा जा रहा था। रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। सोनू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से सोनू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां भी हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजन उसे प्रयागराज ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

बसपा ने चुनावों के लिये अभी से कसी कमर

कालपी जालौन। बहुजन समाज पार्टी द्वारा संगठन को धरातल पर मजबूत करने के लिए कालपी नगर के बौद्ध बिहार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बुंदेलखंड के मुख्य प्रभारी लालाराम अहिरवार ने कालपी नगर के विभिन्न सेक्टरों और बूथों के गठन की गहन समीक्षा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शेष बचे हुए बूथों का गठन जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इस दौरान प्रभारी ने बाकी बचे बूथों के गठन के लिए पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियां भी सौंपीं और मिशन 2027 के लिए अभी से जुटने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष हाशिम अली, संजय भदौरिया, श्याम कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय गौतम, पूर्व प्रत्याशी हरनारायण पाल, जिला महासचिव उदयवीर दोहरे और पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि जगजीवन अहिरवार मौजूद रहे। साथ ही बैठक में शाकिर हसन, परशुराम दोहरे, परवेज कुरैशी, सभासद चांद बाबू, गुड्डू, सतीश निषाद, किशुन लाल पाल, सुल्तान दीवान, आनंद, देशराज, गोल्डी, सौरभ चौधरी, अभिलाष चौधरी और राम अवतार यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉ. इलेश जैन को आशीर्वाद देते मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज।

नेत्र चिकित्सालय के नए निदेशक बने डॉ. इलेश जैन

चित्रकूट। बीते दिन श्री सद्गुरु सेवा संघ के अध्यक्ष विशद भाई एवं धर्मपत्नी रूपल बेन व अन्य ट्रस्टियों की मौजूदगी में मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज ने श्री हनुमान चालीसा के पाठ के साथ डा. इलेश जैन को सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक का पदभार ग्रहण कराया। डा. जैन ने कहा कि स्व. अरविंद भाई मफ़त लाल और स्व. डा. बीके जैन ने जो सोचा था और जो सपना देखा था उस सोच और सपने को वास्तविक रूप देना भी हम सबकी बड़ी जिम्मेदारी है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

इसरार अहमद सिद्दीकी से विवाहोपरांत मेरा नाम कौसर फातिमा से बदलकर कौसर इसरार हो गया है जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड पर भी अंकित है। कौसर फातिमा एवं कौसर इसरार दोनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरे ही है। **कौसर इसरार निवासी– सी –2706, सेक्टर–6, सपना कॉलोनी, राजाजीपुरम लखनऊ, उ.प्र.।**

सूचना

मैं **फरा पुत्री मोहम्मद आलम मोहल्ला अफसरी, गुरसहायगंज कन्नौज (उत्तर प्रदेश)** की निवासिनी हूं। मेरी जन्म तिथि 15/07/1996 है। मैं बालिग हूं और मैं बिना किसी जोर जबरदस्ती के हिन्दू धर्म स्वीकार करती हूं और आजीवन इसका पालन करूंगी। मुझे आज के बाद हिन्दू धर्म में ही मुझे माना जाए। ताकि वक्त जरूरत काम आवे। यह कि मेरा नाम उपरोक्त ही रहेगा।

चर्चा — दीपों की संख्या के दावे पर लगाया सवालिया निशान, कहा, प्रभु अपनी कोर्ट से सजा दें

पूर्व सांसद ने भगवान कामतानाथ को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



भैरों प्रसाद मिश्रा। अमृत विचार

अमृत विचार। वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने सरकारी कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए विरोध का अनोखा तरीका निकाला है। उन्होंने रामनवमी के दिन उप्र और मप्र में दीप प्रज्ज्वलन में दीपों की संख्या पर सवालिया निशान लगाते हुए कामतानाथ भगवान को पत्र भेजा है। सोशल मीडिया में इस पत्र के चर्चे हैं ।

श्री कामदनाथ जी महराज चित्रकूट धाम की सेवा में भेजे गए इस पत्र में पूर्व सांसद ने ऐसे सवाल उठाए हैं, जो सरकारी कार्यशैली पर गंभीर चोट है। उन्होंने लिखा है कि रामनवमी के दिन चित्रकूट गौरव दिवस में पूरे चित्रकूट परिक्षेत्र में दीपदान किया गया। लेकिन लक्ष्य के सापेक्ष दस प्रतिशत भी दीपदान नहीं किया गया। यह लक्ष्य पहले ही अव्यावहारिक था। जिम्मेदार लोगों ने दोनों प्रदेशों के क्षेत्रों को मिलाकर 22 लाख दीपदान होना बताया तो बहुत ही दुख हुआ। पूर्व सांसद ने लिखा है कि इससे मेरे जैसे हजारों लोगों की आत्मा को ठेस पहुंची है। जहां लाख दीपक भी मुश्किल से एक प्रांत में नहीं जले वहां दोनों प्रांतों में 22 लाख कहना बहुत ही गलत है।

उन्होंने कामतानाथ भगवान से कहा है कि आप ही सर्वव्यापी हैं और आपने हर जगह अपनी आंखों से देखा होगा और भगवानरूपी जनता जनार्दन ने भी देखा है। अस्तु आपसे प्रार्थना है कि इन फर्जी बयानबाजी व झूठे आंकड़े पेश करने में जो भी दोषी हो, उन्हें अपनी कोर्ट से दंड देने की कृपा करें।

का होई बोले से : भैरों प्रसाद मिश्र

- जब पूर्व सांसद से यह पूछा गया कि आपको अगर लगता है कि गलत आंकड़े पेश किए गए हैं तो आपने मुख्यमंत्री या किसी अधिकारी से शिकायत क्यों नहीं की। इस पर रोष भरे स्वर में भैरों प्रसाद का कहना था कि का होई बोले से...। उन्होंने कहा कि उन्होंने कई मुद्दों पर सीएम स्तर पर शिकायतें कीं। वहां से जांच के आदेश भी आ जाते हैं पर यहां जांच के नाम पर लीपापोती कर दी जाती है। कटाक्ष किया कि एसपी की शिकायत की जांच सीओ करेगा तो क्या होगा।

बच्चों की मौत पर किसी को सजा नहीं

- उन्होंने बीते साल हुई बुंदेलखंड गौरव दिवस में सीआईसी में इलेक्ट्रानिक आतिशबाजी में बच्चों की मौत का भी जिक्र छेड़ा। कहा कि चार चार बच्चों की मौत हो गई पर किसी भी व्यक्ति पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, इसे क्या कहा जाए। उन्होंने जिले में हो रहे पर्यटन विकास के कामों पर भी सवाल उठाए। कहा कि पत्थर लगाने के नाम पर वारा न्यारा किया जा रहा है पर किससे शिकायत की जाए। जब दीपदान के नाम पर हुए दावों पर रहा नहीं गया तो उन्होंने भगवान को पत्र लिख दिया कि अब तुम ही देखो।

कार्यालय ग्राम पंचायत करौंदी विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्रांक :–मेमो/ग्रा0पं0/गौशाला/2025–26 दिनाँक– 29 मार्च 2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद्द्वारा जनपद के समस्त भूसा/चौकर/हरा चारा/आटा चोकर / साइलेज / पशु आहार व्यवसायियों दुकानदारों एवं ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/कृषको को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करौंदी विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद हमीरपुर की गौशाला में संरक्षित गौवंशीय पशुओं के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति किये जाने के लिये सील बन्द निविदाए दिनाँक 30.03.2026 से दिनांक 06.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत करौंदी विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद–हमीरपुर में आमंत्रित की जाती है, जो उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत करौंदी में 06.04.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओ की बिक्री दिनाँक 30.03.2026 से दिनाँक 05.04.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत करौंदी में की जायेगी। निविदा के साथ ठेकेदारों/फर्मो की निविदा मूल्य की धनराशि नगद रूप में कार्यालय में जमा करते हुये उसकी रसीद के प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यो से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो आदि की जानकारी ग्राम पंचायत करौंदी कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न है:–

क्र0सं0	सामग्री का विवरण	गौवंश की अनुमानित संख्या	निविदा शुल्क
1.	भूसा	92	1000 + 180
	हरा–चारा		
	साइलेज		
2.	आटा–चोकर	92	225 + 41
	पशु–आहार		

नियम व शर्ते:–
1. गौवंशीय पशुओं के भरण–पोषण हेतु संख्या 01 एवं 02 में उल्लिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा अलग–अलग डाली जा सकती है।
2. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत–करौंदी
विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–करौंदी
विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

हमेशा सही काम करो, इससे कुछ लोग प्रसन्न होंगे और बाकी लोग आश्चर्यचकित रह जाएंगे।
–मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक

उपलब्धि की उड़ान

उत्तर प्रदेश के जेवर में निर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ केवल एक अवसंरचनात्मक उपलब्धि के साथ ही 'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना का सशक्त उद्घोष है। लगभग 11,200 करोड़ रुपये की लागत से बना यह हवाई अड्डा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के दबाव को कम करते हुए उत्तर भारत के एक नए एविएशन हब के रूप में उभरने की क्षमता रखता है। यह परियोजना 'विकसित भारत–2047' के लक्ष्य के अनुरूप है, जहां क्षेत्रीय संतुलित विकास, लॉजिस्टिक्स दक्षता और वैश्विक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी जा रही है।

उत्तर प्रदेश में पहले से लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या, कुशीनगर, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, आगरा, बरेली, हिंडन जैसे सक्रिय हवाई अड्डे हैं। छोटे-बड़े मिलाकर प्रदेश में एक दर्जन से अधिक सक्रिय एयरपोर्ट हो चुके हैं, जबकि कुछ हवाई पट्टियों से उड़ानें सीमित या अस्थायी रूप से बंद भी रही हैं, जिनका पुनरुद्धार 'उड़ान योजना' के तहत किया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट का कार्गो टर्मिनल विशेष महत्व रखता है। इसके संचालन से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, विशेषकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा, अलीगढ़, मेरठ के उद्योगों, कृषि-उत्पादों और ई-कॉमर्स को वैश्विक बाजार तक तेज पहुंच मिलेगी। यदि उद्घाटन के पहले आवश्यक सुरक्षा और परिचालन मंजूरियां पूरी हो जातीं हैं, तो कार्गो ढुलाई शीघ्र शुरू हो सकती थी, अब इसमें कुछ समय लगेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की मंजूरी अनिवार्य है। इसके बिना न तो नियमित टिकट बुकिंग शुरू हो सकती है और न ही पूर्ण पैमाने पर कार्गो संचालन। इन प्रक्रियाओं से पहले हुए उद्घाटन को पूर्ण संचालन की शुरुआत अथवा लोकार्पण के बजाए 'राजनीतिक-संकेतात्मक' उद्घाटन कहना बहुत अनुचित नहीं। 40 एकड़ में प्रस्तावित मेंटीनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल सुविधा इस परियोजना की सबसे दूरगामी उपलब्धियों में से एक है। भारत अब तक विमान रखरखाव के लिए विदेशों पर निर्भर रहा है। यह केंद्र उत्तर प्रदेश को एविएशन सेवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा, रोजगार सृजित करेगा और विदेशी मुद्रा की बचत भी करेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की सबसे बड़ी चुनौती कनेक्टिविटी है। दिल्ली से मात्र 70 किमी दूरी के बावजूद यदि यात्री को महंगे टैक्सी किराए पर निर्भर रहना पड़े, तो 'हवाई चप्पल वाले' आम नागरिक के लिए हवाई यात्रा महंगी हो जाएगी। फिलहाल मेट्रो विस्तार, रैपिड रेल, एक्सप्रेसवे बस सेवाएं और रेलवे लिंक प्रस्तावित हैं, लेकिन ये कब पूरी होंगी, अनुमान लगाना मुश्किल है। फिर भी, इस उपलब्धि को कम करके नहीं आंका जा सकता।

यह एयरपोर्ट न केवल निवेश आकर्षित करेगा, बल्कि पर्यटन, उद्योग, लॉजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्र में व्यापक आर्थिक गतिविधियों को गति देगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जो पहले दिल्ली पर निर्भर था, अब स्वयं एक आर्थिक केंद्र के रूप में उभर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'उत्तम प्रदेश' की परिकल्पना में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, परंतु असली परीक्षा अब शुरू होती है, कनेक्टिविटी को किफायती बनाना, मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट को जोड़ना और संचालन को पारदर्शी व कुशल बनाना।

प्रसंगवश

बातें बची हैं, पर बातचीत क्यों खत्म हो रही है!

आज हमारे पास शब्दों की कोई कमी नहीं है, कमी है उस सच्चाई, उस गहराई और उस आत्मीय स्पर्श की, जो शब्दों को साधारण 'बात' से उठाकर सच्ची बातचीत में बदल देता है। हम दिन भर अनगिनत लोगों से बात करते हैं, संदेशों का आदान-प्रदान करते हैं, प्रतिक्रियाएं देते हैं, फिर भी जब रात की खामोशी उतरती है, तो भीतर एक अजीब-सा खालीपन रह जाता है। यह खालीपन यूं ही नहीं जन्म लेता, यह इस बात का साक्षी है कि 'बातें' तो बहुत हुईं, पर 'बातचीत' कहीं खो गई, क्योंकि बातचीत केवल शब्दों का मेल नहीं, बल्कि दो मनों, दो भावनाओं और दो आत्माओं का सच्चा जुड़ाव है और जब यह जुड़ाव नहीं बनता, तो शब्द केवल शोर बनकर रह जाते हैं। आज बातचीत के खत्म होने की सबसे बड़ी वजह यह है कि हमने उसे एक औपचारिकता, एक आदत और एक रूटीन बना दिया है। 'क्या हाल है?', 'सब ठीक?', 'खाना खाया?'— ये सवाल जरूरी जरूर हैं, लेकिन ये रिश्तों में जीवन नहीं भरते, ये सिर्फ उनकी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। असली बातचीत तब जन्म लेती है, जब हम सतह से नीचे उतरते हैं, जब हम सच में जानना चाहते हैं कि सामने वाला कैसा है, उसके भीतर क्या चल रहा है, कौन-सी बातें उसे चुप कर रही हैं और सबसे जरूरी, जब हम इन सवालों के जवाब सुनने के लिए ठहरते हैं, बिना जल्दबाजी, बिना औपचारिकता, पूरी संवेदनशीलता के साथ।

कृति जैन
लेखिका

हमारी सबसे बड़ी कमी यही है कि हम सुनना भूल गए हैं। हम सिर्फ जवाब देने के लिए इंतज़ार करते हैं। जब कोई अपनी बात कह रहा होता है, तब हमारा ध्यान उसकी भावनाओं पर नहीं, बल्कि अपने अगले शब्दों पर होता है। यही कारण है कि सामने वाला सुना हुआ नहीं, बल्कि अनदेखा और अनसुना महसूस करता है। यही अनदेखापन धीरे-धीरे एक गहरी दूरी में बदल जाता है, जो बिना शोर किए रिश्तों को कमजोर कर देता है और अंततः बातचीत को खत्म कर देता है। शायद अब समय आ गया है कि हम फिर से सीखें, कम बोलना नहीं, बल्कि सच में सुनना और दिल से जुड़ना।

डर और असुरक्षा भी बातचीत को गहराई तक पहुंचने से रोक देते हैं। हम अपनी सच्ची भावनाओं, अपने भीतर छिपे सच और अपनी नाज़ुक संवेदनाओं को व्यक्त करने से कतराते हैं। कहीं हमें गलत न समझ लिया जाए, कहीं हमारी कमजोरी उजागर न हो जाए, कहीं हमारी छवि टूट न जाए, इसलिए हम सुरक्षित शब्दों का सहारा लेते हैं, सतही बातें करते हैं और अपने असली भावों को भीतर ही दबाए रखते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि जहां जोखिम नहीं होता, वहां सच्ची गहराई भी नहीं होती। बातचीत तब जीवंत और अर्थपूर्ण बनती है, जब हम अपने भीतर की सच्चाई को, अपनी अपूर्णताओं और असहजताओं के साथ, साहसपूर्वक सामने रखने का हौसला करते हैं।

तकनीक ने बातचीत को तेज़, सुविधाजनक और हर पल उपलब्ध जरूर बना दिया है, लेकिन उसे गहराई और संवेदनशीलता नहीं दे पाई। टेक्स्ट, इमोजी और छोटे-छोटे संदेशों ने भावनाओं को सीमित और संक्षिप्त कर दिया है। हम तुरंत जवाब तो दे देते हैं, लेकिन उन शब्दों को महसूस करने, उन्हें समझने और उनके पीछे छिपे भावों को पकड़ने का समय नहीं लेते, जबकि सच्ची बातचीत को समय चाहिए, ठहराव चाहिए, और एक ऐसा धैर्य चाहिए जिसमें शब्दों के बीच की खामोशी भी सुनी जा सके। जब हर चीज़ जल्दबाज़ी में हो, तो बातचीत भी उसी जल्दबाज़ी की शिकार हो जाती है और यही कारण है कि आज हम एक-दूसरे से जुड़े तो हैं, लेकिन वास्तव में समझे नहीं जाते। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

ओली की गिरफ्तारी से सवालों के घेरे में बालेन सरकार

यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में सत्ता परिवर्तन की अनुभूति का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, नेपाल की जनता ने ऐसा नहीं सोचा था। ठीक है राजनीति में 'बदले की भावना' भी एक अध्याय है, लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार ठीक था। माना कि पूर्व पीएम और कम्युनिस्ट विचारधारा के वरिष्ठ नेता केपी शर्मा ओली के खिलाफ की गई कार्रवाई कानून का हिस्सा है, लेकिन इसकी जो टाइमिंग है, वह बालेन सरकार पर सवाल खड़े करती है। अब इसे कोई नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा पर प्रहार मान रहा है, तो कोई हिंदू राष्ट्र का आगाज। सच क्या है, यह जानने के लिए कयासबाजी और शंका-आशंका से बचना होगा।

बालेन शाह को जनता ने अटूट विश्वास के साथ सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाया है। उन्हें जनता के हित को वरीयता देनी चाहिए थी। कानून तो अपना काम देर सबेर करता ही। पूर्व सांसद महेश बस्नेत और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक खड़का को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस तरह गिरफ्तारी अभियान चल रहा है, उससे ऐसा लगता है, अभी और बड़े नेताओं की गिरफ्तारी मुमकिन है।

शपथ ग्रहण के बाद जनता के हित के लिए कुछ निर्णय लिया गया होता, तो परिवर्तन की अनुभूति का यह अच्छा संकेत होता। ओली अथवा उनकी सरकार में गृह मंत्री रहे, रमेश लेखक तथा पूर्व आईजी चंद्र कुबेर खापुंग के खिलाफ कार्रवाई तय थी, क्योंकि जेन जी आंदोलन के समय हुई जनहानि और सरकारी संपत्तियों के नुकसान के कारणों की जांच के लिए गठित आयोग ने इन तीनों को जिम्मेदार ठहराया है।

> नेपाल में सत्ता परिवर्तन का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, जनता ने ऐसा तो बिल्कुल भी नहीं सोचा था। राजनीति में 'बदले की भावना' भी एक अध्याय है, लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार करना ठीक था।

सवाल केवल आंदोलन के समय नुकसान और जनहानि का ही नहीं है, ओली और उनके तत्कालीन सरकार के तमाम मंत्री और बड़े अफसरों के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। बड़े-बड़े धन्ना सेठों के करोड़ों-करोड़ बिजली बिल को भारी धनराशि वसूल कर रफा-दफा किया गया है। एक तरह से यह सरकारी खजाने की लूट है, जिसमें सत्ता दल के नेता और अफसरों ने जमकर लूट की। नकली भूटानी नागरिकता मामले में विभिन्न दलों के तमाम बड़े नेता और मंत्रियों पर आरोप लगे हैं। इनमें कई तो अभी भी जेल में हैं, जबकि कुछ जमानत पर बाहर आ गए।

नेपाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरज़ू राणा के भी इस लूट में शामिल होने की चर्चा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने ने ऐसे तमाम भ्रष्टाचार की जांच की पहल की थी, लेकिन ओली सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया। नतीजा रवि लामी छाने को गृह मंत्री पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। इस तरह देखें तो नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद, जिसके भी नेतृत्व में सरकारों का गठन हुआ, सब के सब सिर्फ अपनी जेबें भरते रहे, अपने बेटी-बेटों और रिश्तेदारों का ख्याल करते रहे। कहना न होगा कि पूर्व की लोकतांत्रिक सरकारें जनता की सरकार न रहकर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम कर रहीं थीं, बेशर्मी की हद पार करते हुए।

जिन आरोपों में ओली और उनके गृह मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है, देखें तो उसकी जद में पूर्व पीएम और माओवादी केंद्र के अध्यक्ष प्रचंड भी आ सकते हैं। राजशाही के खिलाफ चले जनयुद्ध में हजारों लोग मारे गए थे। प्रचंड ने कुछेक मौकों पर इस नरसंहार की जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ली थी। सार्वजनिक मंच से प्रचंड के इस कबूलनामे को अपराध स्वीकार करना मानते हुए ओली ने ही जांच आयोग गठित करने की बात कही थी। यदि बालेन सरकार ने ऐसा कर दिया, तो प्रचंड की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए बालेन सरकार के इस जंग में अच्छे-अच्छों की मुसीबतें बढ़नी तय है और तब ऐसा हो सकता है कि अभी जो सारे दल अलग-अलग हैं, वे एक साथ मिलकर बालेन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने को एक जुट हो जाएं। बालेन सरकार की कार्रवाई यदि ओली, रमेश लेखक की गिरफ्तारी तक ही रही, तो उन पर दुर्भावना का आरोप लग सकता है। इस तोहमत से बचने के लिए एक-एक करके सभी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई मुमकिन है। इस बीच ओली की गिरफ्तारी के बाद उपजे आंदोलन और प्रदर्शन को लेकर नेपाली कांग्रेस में अलग-अलग मत उभर कर सामने आए हैं।

बालेन सरकार को सोचना होगा कि आंदोलन और प्रदर्शनों की दशा में उनके समक्ष जनता से किए गए वादों को पूरा कर पाना मुश्किल होगा, क्योंकि फिर उन्हें कानून-व्यवस्था से निपटने में ही वक्त जाया करना पड़ेगा। ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ काठमांडू में जिस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई, जाहिर है नवनियुक्त सरकार उससे असहज हुई है। हजारों की संख्या में एमाले कार्यकर्ता राजधानी की सड़कों पर उतर कर कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए। काठमांडू की मुख्य सड़कों पर मशाल जुलूस निकाल कर बालेन और गृह मंत्री सुडान गुरूंग के स्तीफे की मांग करते रहे। यह आंदोलन कुछ दिन और चल सकता है।

एमाले के पूर्व सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता कहते हैं कि जेन जी आंदोलन के उग्र होते ही ओली और गृह मंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में सरकारी संपत्तियों के नुकसान और जनहानि की जिम्मेदारी इन पर कैसे हो सकती है। वहीं इस घटना की जांच के लिए गठित आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हामी नेपाल के संचालक सुडान गुरूंग (जो अब गृह मंत्री हैं) ने काठमांडू जिला प्रशासन से शांतिपूर्वक आंदोलन की अनुमति ली थी, फिर भी ओली सरकार उग्र और हिंसक प्रदर्शन को काबू करने में नाकामयाब रही।

आयोग ने रिपोर्ट में जिन्हें आरोपित किया है। उनके खिलाफ और गहनता से जांच की आवश्यकता बताई है, हालांकि जांच आयोग ने ओली के खिलाफ तीन साल से दस साल तक कारावास के सजा की संस्तुति की है। यह जानते हुए भी कि ओली किडनी रोग के गंभीर मरीज हैं और उनका जीवन डायलिसिस पर निर्भर है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आमने सामने

हमारे प्रदेश में (पीएम) मेहमान बनकर आए हैं, हम उनको मेहमान मानकर ही सम्मान सहित विदा करेंगे। जाने वालों की बात का बुरा नहीं माना जाता है। उम्र और पद का मान करना हमारे संस्कार में है और हमेशा रहेगा। सादर विदाई!
–अखिलेश यादव
सपा प्रमुख

प्रधानमंत्री को 'मेहमान' बताने वालों, कान खोलकर सुन लो, उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता का हर घर उनका अपना घर है। मेहमान तो वो हैं, जो पांच साल में एक बार चुनाव देखकर एसी कमरों से बाहर निकलते हैं और हार दिखने पर संस्कारों का रोना रोते हैं।
–पंकज चौधरी
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा

महिला आरक्षण विधेयक में बदलाव की तैयारी

प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार बड़े संवैधानिक बदलाव की तैयारी में जुट गई है। संसद के दोनों सदनों से पारित इस विधेयक के प्रारूप में परिसीमन की शर्त को विलोपित कर सरकार की इच्छा लोकसभा और विधानसभाओं में 2027 से ही महिलाओं को आरक्षण देने की है। परिसीमन की शर्त के साथ इस प्रावधान को लागू करना 2029 से पहले संभव नहीं है। इस विधेयक में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए संसद और विधानसभा की सीटें आरक्षित करना जरूरी है। सरकार चालू सत्र में संविधान संशोधन विधेयक कैबिनेट से पास कराकर संसद में पेश कर सकती है। यह सत्र दो अप्रैल तक ही है, इसलिए गृह मंत्री जरूरी बहुमत के लिए विपक्षी दलों से सहमति बनाने में जुट गए हैं।

केंद्र सरकार ने देश की आधी आबादी का अभिनंदन करते हुए सितंबर 2023 में 128वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित किया था। लोकसभा में 27 साल से यह विधेयक लंबित था। इस विधेयक के पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत तय कर दी गई है। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें आरक्षित हो गई हैं। इन सीटों पर महिला प्रत्याशी ही चुनाव लड़ सकेंगी। यह आरक्षण की सुविधा 15 वर्ष के लिए तय की गई है, लेकिन मांग के अनुसार इसे बढ़ाया भी जा सकता है। देश में इस समय करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं।

> महिला आरक्षण अधिनियम में केंद्र बड़े संवैधानिक बदलाव की तैयारी में है। सरकार की इच्छा लोकसभा और विधानसभाओं में 2027 से ही आरक्षण देने की है।

तकरीबन 27 साल पहले महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रारूप संयुक्त मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान गीता मुखर्जी ने तैयार किया था, लेकिन अक्सर इस विधेयक को लोकसभा सत्र के दौरान अंतिम दिनों में पटल पर रखा गया। इससे यह संदेह हमेशा बना रहा कि एचडी देवगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारें गठबंधन के दबाव और राजनीतिक असहमतियों के चलते ठोस इच्छा शक्ति नहीं जता पाईं थीं।

नौ मार्च 2010 में कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने जरूर इस विधेयक को राज्यसभा में पेश कर पास करा लिया था, लेकिन मनमोहन सिंह इसे लोकसभा से पारित नहीं करा पाए थे, जबकि उनके पास लोकसभा में स्पष्ट बहुमत था। इस सरकार को अपने ही सहयोगी दलों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। सहयोगी गठबंधन के सांसदों ने पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, इस विधेयक को अटका दिया था। यहां तक कि समर्थक दलों ने कांग्रेस को समर्थन वापसी की धमकी भी दे दी थी, हालांकि प्रजातंत्र में तार्किक असहमतियां, संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों को मजबूत करने का काम करती हैं, लेकिन असहमतियां जब मुट्ठीभर सांसदों की अतार्किक हठधर्मिता का पर्याय बन जाएं, तो ये संसद की गरिमा और सदन की शक्ति को ठेंगा दिखाने वाली साबित होती हैं।

उस समय विधेयक से असहमत दलों की प्रमुख मांग थी, '33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को विधानमंडलों में आरक्षण का प्रावधान रखा जाए,' जबकि संविधान के वर्तमान स्वरूप में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के समुदायों को आरक्षण की सुविधा हासिल है। ऐसे में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को लाभ कैसे संभव है? हमारे लोकतांत्रिक संविधान में धार्मिक आधार पर किसी भी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा इस बिना पर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की सुविधा कैसे हासिल हो सकती है? अब ऐसी जानकारी मिल रही है कि 33 प्रतिशत आरक्षित सीटों के अलावा अनारक्षित सीटों पर भी महिलाओं की उम्मीदवारी को प्राथमिकता देने का प्रावधान जोड़ दिया जाएगा। इससे एक तो संसद में महिलाओं की कुल हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से बढ़कर करीब 40 फीसदी हो जाएगी।

हमारे देश में विकास को आंकड़ों और व्यक्तिगत उपलब्धि को संख्या बल की दृष्टि से देखने-परखने की आदत बन गई है। इस नाते हम मानकर चल रहे हैं कि 543 सदस्यीय लोकसभा में 181 महिलाओं की आमद दर्ज होने और 28 राज्यों की कुल 4123 विधानसभा सीटों में से महिलाओं के खाते में 1374 सीटें चली जाने से देश की समूची आधी आबादी की शक्ल बदल जाएगी। स्त्रीजन्य विषमताएं और भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। फिलहाल लोकसभा में 74 महिलाएं सांसद हैं। यह भागीदारी लगभग 14 प्रतिशत बैठती है। वहीं राज्यसभा में 42 महिला सांसद हैं, जो मात्र 17 प्रतिशत है। एक तिहाई आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर 181 और राज्यसभा में 73 हो जाएगी। 1952 में गठित पहली लोकसभा में सिर्फ 4.4 प्रतिशत यानी 489 में से महज 22 महिलाएं सांसद थीं। विधानसभाओं में महिला विधायकों की उपस्थिति केवल 9 फीसदी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

सोशल फोरम

इलाहाबाद की स्मृतियां

इलाहाबाद लंबे समय तक साहित्य के केंद्र में था। छायावाद के तीन प्रमुख स्तंभ पंत, महादेवी और निराला की कर्मभूमि यदि इलाहाबाद था तो फ़िराक़, बच्चन, धर्मवीर भारती, कमलेश्वर, भैरव प्रसाद गुप्त, मार्कंडेय, अमरकांत, शेखर जोशी, दूधनाथ सिंह, ज्ञान रंजन, नरेश मेहता, सतीश जमाली, रविंद्र कालिया... यह फेहरिस्त बहुत लंबी है। खुशी और उत्साह के इस माहौल में पिछले दिनों अचानक मुझे इलाहाबाद से संबंधित एक किताब 'इलाहाबाद पैसेंजर' (उपन्यास) पढ़ने का अवसर मिला।

प्रतुल जोशी
स्वतंत्र लेखन

युवा लेखक संजीव राय ने अपने इस पहले उपन्यास के माध्यम से पिछली सदी के 8वें दशक के इलाहाबाद को बेहद कलात्मकता, मांसलता और सजीवता के साथ चित्रित किया है। उपन्यास की भावभूमि इलाहाबाद विश्वविद्यालय है। 'पूरब का ऑक्सफोर्ड' कहे जाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय की विशेषता रही है कि यहां इलाहाबाद के आस-पास के ज़िलों से बड़ी संख्या में छात्र विद्याध्ययन के लिए आते रहे हैं। साथ ही अखिल भारतीय सेवाओं से लेकर प्रांतीय सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इलाहाबाद के वातावरण को बेहद अनुकूल माना जाता रहा था।

'इलाहाबाद पैसेंजर' का मुख्य किरदार हरिप्रताप (एचपी) है, जो उत्तर प्रदेश के बलिया ज़िले से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ने आया है। 1988 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित हरिप्रसाद 18-19 साल का नवयुवक है। उपन्यास की भूमिका में संजीव राय लिखते हैं (यात्रा की पृष्ठभूमि) 'एचपी की अपनी जीवन यात्रा में एक से एक बकलोल, बड़े बड़े बकैत और भौकाली लोग आते हैं, जिनमें से कुछ अपने सपनों को साकार करते हैं, तो कुछ टूटे सपनों के साथ कई साल इलाहाबाद में रहने के बाद घर वापस चले जाते हैं, इस सबके बीच जिन कुछ दोस्तों को प्यार हुआ, जिन कुछ का दिल टूटा, उनको भी इन कहानियों में सहज रूप से जगह मिली है।

हॉस्टल और लल्ला चुंगी के अलावा एचपी का संसार यूनिवर्सिटी रोड की पान- चाय की टपरी, ममफोर्डगंज, कटरा में किसी दोस्त के कमरे पर अंडा करी-चावल का निमंत्रण, लक्ष्मी टॉकीज में रात के शो में फ़्री की फ़िल्म और कभी कभार सिविल लाइंस घूमने तक सीमित है। एचपी के साथ वाले कुछ आईएएस और पीसीएस में सेलेक्ट हो गए, कुछ के घर से जब पैसे आने बंद हो गए तो वे छात्र राजनीति में उतर आए और कुछ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने लगे।

–फेसबुक वॉल से

सामयिकी

गैस संकट से निपटने को ठोस उपायों की जरूरत

खाड़ी देशों में चल रहे तनाव की वजह से उपजे गैस संकट ने रसोई के बजट और ऊर्जा सुरक्षा के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। सबसे बड़ी चुनौती स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 फीसदी हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 फीसदी कच्चा तेल और 54 फीसदी एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। भारत दुनिया में एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है, जिसका उपयोग खाना पकाने के लिए किया जाता है।

गैस-तेल संकट पर पीएम मोदी ने संसद में कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील भी है, सतर्क भी है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सिलेंडर की डिलीवरी में देरी हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। देशभर में सिलेंडर की कमी दिख रही है। खान-पान का कारोबार सीधे तौर पर प्रभावित हुआ है। इन सबके बीच एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग को लेकर एक बार फिर बड़ा बदलाव किया गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के अनुसार, अब जिनके यहां दो एलपीजी सिलेंडर हैं, उन्हें 35 दिन बाद गैस सिलेंडर की बुकिंग दी जाएगी, हालांकि सिंगल सिलेंडर वालों के लिए बुकिंग की अवधि फिलहाल 25 दिन ही रहेगी। इसके अलावा, उज्जवला योजना वाले उपभोक्ताओं की 45 दिन बाद बुकिंग स्वीकार की जाएगी। कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति शासन के आदेशानुसार सिर्फ आपात सेवाओं और शिक्षण संस्थानों के लिए की जा रही है।

रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो 2014 तक देश में केवल 14 करोड़ एलपीजी कनेक्शन थे, जो अब दोगुने से भी अधिक बढ़कर 33 करोड़ हो गए हैं। भारत सरकार ने 'उज्ज्वला' या 'प्रकाश' स्वच्छ ऊर्जा योजना को बढ़ावा दिया है, जिसके तहत गरीब परिवारों को 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। बढ़ती जरूरतों के लिहाज से पिछले एक दशक में सरकार ने एलपीजी बॉटलिंग क्षमता को दोगुना कर दिया है, जबकि वितरण केंद्रों की संख्या 13,000 से बढ़कर 25,000 हो गई है।

भारत ने पिछले 11 साल में अपनी क्रूड ऑयल इंपोर्ट का डाइवर्सिफिकेशन किया है। पहले 27 देशों से एनर्जी इम्पोर्ट होता था, आज 41 देशों से इम्पोर्ट हो रहा है। वैश्विक संकट के आर्थिक असर को देखते हुए पीएम मोदी ने राज्यसभा में बताया कि भारत सरकार ने सात नए एंपावर्ड ग्रुप्स का गठन किया है। ये ग्रुप पेट्रोल, डीजल, गैस और सप्लाई चेन जैसी चुनौतियों पर 24 घंटे नजर रखेंगे। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देश भर में लगातार छापेमारी की जा रही है। भारत में रसोई गैस सिलेंडर की समस्या आज की नहीं है। पहले की सरकारों के समय भी यह समस्या रही है। इस समस्या की मूल वजह है, सरकार के पास गैस भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था न होना। चूंकि गैस का भंडारण महंगा पड़ता है, इसलिए भारत ने खुद को लगातार आपूर्ति पर ही निर्भर बनाए रखा। मौजूदा सरकार ने भी गैस के भंडारण की समुचित व्यवस्था करने की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किए। भारत में हर दिन 80 हजार टन एलजीपी की आवश्यकता है परन्तु भारत की भंडारण क्षमता सिर्फ डेढ़ लाख टन है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच इलेक्ट्रिक वाहन अब विकल्प से आगे बढ़कर बन रहे भविष्य की जरूरत बन रहे हैं। ईरान युद्ध के कारण मार्च माह में अब तक इलेक्ट्रिक कारों और दोपहिया वाहनों की बिक्री में दर्ज किया गया है बड़ा उछाल

ईंधन की महंगाई के डर ने ईवी की मांग बढ़ाई

पश्चिम एशिया में एक माह से ज्यादा समय से जारी अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार और ऑटोमोबाइल उद्योग को बुरी तरह प्रभावित किया है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और हॉर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से दुनिया भर में गहराते पेट्रोल-डीजल तथा गैस के संकट को देखते हुए लोगों की मांग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की तरफ मुड़ती नजर आ रही है। भविष्य में ईंधन की कीमतें तेजी से बढ़ने की आशंका के कारण उपभोक्ता पेट्रोल-डीजल या सीएनजी कारों का मोह छोड़कर इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि देश में पेट्रोल-डीजल या सीएनजी की खुदरा कीमतें नहीं बढ़ी हैं, लेकिन लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में दाम बढ़ाए जा सकते हैं। उनकी इस आशंका की झलक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और कार डीलरों से मिल रही है। बीते 15 दिनों में नई ईवी के लिए पूछताछ में 30 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई है। आटो सेक्टर विशेषज्ञ भी मौजूदा हालात में ईवी और प्लग-इन हाइब्रिड-इलेक्ट्रिक वाहनों (पीएचईवी) के साथ इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहनों की मांग बढ़ने से इंकार नहीं कर रहे हैं।

30%
नई ईवी की मांग में और पुरानी ईवी की मांग में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है।

20%
की वृद्धि हुई है इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए होम चार्जर की मांग में

1.38
लाख यूनिट्स हो चुकी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री मार्च माह में

2025
में लगभग 13 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बिके थे देश में

80%

बैटरी चार्ज करें, फास्ट चार्जिंग जरूरत पर ही अपनाएं

- इलेक्ट्रिक वाहन में सबसे जरूरी पार्ट उसकी बैटरी होती है। कई कार कंपनियां ईवी की बैटरी पर लाइफटाइम वारंटी देती हैं। इससे बड़ी खराबी आने पर परेशान होने की जरूरत नहीं होती है। लेकिन, फिर भी कुछ छोटी-मोटी बातों का ध्यान रखकर ग्राहक बैटरी की क्षमता और कार्यकुशलता बढ़ा सकते हैं। जैसे कार की बैटरी को हर समय 100 फीसदी चार्ज रखना जरूरी नहीं है। स्मार्ट फोन की तरह ही इसे आप 80 फीसदी तक चार्ज रख सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि बैटरी पूरी तरह डिस्चार्ज न होने पाए। 20 फीसदी से कम चार्जिंग होते ही बैटरी को चार्जर से कनेक्ट कर दें।
- कई इलेक्ट्रिक कारों में फास्ट चार्जिंग की सुविधा होती है, जिससे उन्हें आधा या पौन घंटे में ही चार्ज किया जा सकता है, जबकि साधारण चार्जर से कार को फुल चार्ज करने में सात घंटे का समय लगता है। फास्ट चार्जिंग की सुविधा अच्छी है लेकिन, इसका इस्तेमाल हमेशा नहीं करना चाहिए। फास्ट चार्जिंग में बैटरी को कम समय में बहुत ज्यादा पावर दी जाती है, जिससे हीट जेनरेट होती है और यह हीट समय के साथ बैटरी की क्षमता को प्रभावित करती है। ऐसे में समय नहीं हो और लंबी यात्रा पर जाना हो, तभी फास्ट चार्जर का इस्तेमाल करना चाहिए।

ईवी कंपनियां जल्द ला सकती बैटरी-एज-ए-सर्विस मॉडल

- ईवी निर्माता कंपनियों ने भी लोगों का रुझान देखते हुए नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। इसमें बैटरी-एज-ए-सर्विस मॉडल को अपनाने की बात कही जा रही है, जिसमें ग्राहक को बैटरी की पूरी कीमत एक साथ नहीं देनी होगी। इस कदम से ईवी खरीदना पेट्रोल कार जितना सस्ता हो जाएगा। सरकार भी युद्ध की स्थिति को देखते हुए देश में ही बैटरी सेल बनाने पर अधिक जोर दे रही है ताकि बाहरी देशों पर निर्भरता कम की जा सके। वैसे भी भारत सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक सभी नए वाहनों की बिक्री का कम से कम 30 फीसदी हिस्सा ईवी हो, ऐसे में वर्तमान संकट इस बदलाव को और गति देगा, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

23 दिन में 11 हजार इलेक्ट्रिक कारों की ब्रिकी

- कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता के कारण मार्च माह के 23 दिनों में ही इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण पिछले साल के मार्च माह के कुल आंकड़ों का 90 फीसदी से अधिक हो चुका है। आंकड़ों के अनुसार 11 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक कारों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, साल 2025 के मार्च माह में कुल 12,356 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री हुई थी। इसी अवधि में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री करीब 1.38 लाख यूनिट्स हो चुकी है, जो पिछले साल इसी महीने में कुल बिक्री 1.31 लाख से काफी अधिक है।

पिछले साल से 20% उछाल का अनुमान

- पुरानी कारों का कारोबार करने वालों की मानें तो युद्ध के कारण कार खरीदने का ट्रेंड भी बदलता नजर आ रहा है। बाजार में यूज्ड ईवी के लिए पूछताछ और मांग बढ़ गई है। युद्ध और लंबा खिंचता है, तो यह बदलाव आने वाले समय में और रफ्तार पकड़ सकता है। ऑटो बाजार के आंकड़ों के मुताबिक देश में साल 2025 में लगभग 13 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बिके थे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसदी से अधिक की वृद्धि थी। यदि खुदरा ईंधन की कीमतें बढ़ती हैं, तो इस वर्ष यह वृद्धि दर 20 फीसदी से अधिक रहने की उम्मीद लगाई जा रही है।

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

काम की बात

ड्राइविंग टिप्स

- यू-टर्न लेते समय हमेशा पहले गियर का इस्तेमाल करें। मुड़ने से पहले गाड़ी को थोड़ा बाईं ओर (सफेद पट्टी के पास) ले जाएं ताकि मुड़ने के लिए पर्याप्त जगह मिल सके। इसी तरह टर्न सिग्नल्स पर मुड़ने से पहले हमेशा इंडिकेटर का प्रयोग करें और शीशों में पीछे से आने वाले वाहनों को देखें। हाईवे पर अपनी लेन में रहें और ओवरटेक करते समय सावधानी बरतें। लंबी यात्रा के दौरान हर तीन घंटे में ब्रेक जरूर लें।

क्लच पैडल की सेटिंग



- अगर क्लच पैडल की हाइट और फ्री प्ले सही नहीं है तो कई तरह की समस्याएं हो सकती है, जैसे क्लच स्लिप होना, गियर बदलने में दिक्कत आना, इंजन पर एक्स्ट्रा दबाव और क्लच प्लेट और अन्य पार्ट्स जल्दी खराब होना। इन समस्याओं को नजरअंदाज करने पर क्लच पूरी तरह खराब हो सकता है। क्लच की लाइफ बढ़ाने के लिए बेवजह क्लच पर पैर रखकर न चलाएं, ब्रेक लगाते समय हर बार क्लच न दबाएं, सिग्नल पर गाड़ी न्यूट्रल में रखें। चढ़ाई पर क्लच की बजाय हैंड ब्रेक का इस्तेमाल करें।

इस तरह रखें ख्याल

- गर्मियों में कार को कोशिश करें कि कवर्ड पार्किंग, पेड़ या बिल्डिंग की छाया में खड़ी करें। इससे कार का केबिन ज्यादा गर्म नहीं होगा। इसी तरह धूप में तपती कार में बैठते ही तुरंत एसी न चलाएं। पहले विंडो नीचे करें या डोर खोलकर एक मिनट रुकें, ताकि अंदर की गर्मी बाहर निकल जाए, इसके बाद एसी चालू करके उसे धीरे-धीरे बढ़ाएं। इसी तरह कार की विंडो पर सनशेड भी लगाकर बाहर की गर्मी रोक सकते हैं।

गर्मियों में कार मेंटेनेंस

- कूलेंट स्तर, बैटरी, टायर प्रेशर और एसी की जांच नियमित रूप से करें। डैशबोर्ड को ढकें, और इंजन को ठंडा रखने के लिए सही कूलेंट का इस्तेमाल करें। इंजन को ओवरहीटिंग और पेंट को खराब होने से बचाएं।कूलेंट स्तर, बैटरी, टायर प्रेशर और एसी की जांच नियमित रूप से करें।

रॉयल एनफील्ड की नई गुरिल्ला-450 स्मार्ट और स्पोर्टी

मिडसाइज मोटरसाइकल सेगमेंट में दुनिया की नंबर एक कंपनी रॉयल एनफील्ड ने देश में अपनी नई गुरिल्ला-450 लॉन्च कर दी है। यह अपडेटेड मॉडल बाइक हिमालयन 450 वाले दमदार प्लेटफॉर्म पर आधारित है, लेकिन इसे सड़क पर तेज और आरामदायक राइडिंग के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने ग्राहकों के फीडबैक को ध्यान में रखते हुए इसमें कई सुधार करके इस बाइक को पहले से ज्यादा आधुनिक बना दिया है। नया मॉडल ज्यादा अग्रेसिव लुक और बेहतर टायरों के साथ नई खूबियों से लैस है। इसमें पीछे की सीट पर एक सीट काउल दिया गया है, जिसे हटाकर आप पीछे सवारी बैठा सकते हैं। इस बार कंपनी ने लाइनअप में एक नया एपेक्स वेरिएंट भी जोड़ा है। यह उन लोगों के लिए है जिन्हें स्पोर्टी लुक और आक्रामक राइडिंग पोजीशन पसंद है। यह खासतौर पर उन युवाओं को आकर्षित करेगा जो शहर के भीतर एक पावरफुल और स्टाइलिश बाइक चलाना चाहते हैं। गुरिल्ला 450 की एक्स-शोरूम कीमत 2.49 लाख रुपये से 2.72 लाख रुपये के बीच रखी गई है। इसे चार मुख्य वेरिएंट्स एनालॉग, डैश, फ्लैश और एपेक्स में पेश किया गया है। बाइक की बुकिंग शुरू हो चुकी है और बिक्री 31 मार्च से शुरू करने के लिए कहा जा रहा है।

फरारी की सुपर लग्जरी कार '849 टेस्टारोसा'

भारत में लग्जरी और सुपरकारों की तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए फरारी ने अपनी नई फ्लैगशिप सुपर कार '849 टेस्टारोसा' को देश में लॉन्च कर दिया है। यह कार कंपनी की पॉपुलर सुपरकार एसएफ 90 स्ट्राडेल की जगह लेगी। फरारी 849 टेस्टारोसा परफॉर्मेंस और लग्जरी दोनों मामलों में काफी खास रहने वाली है। इस नई सुपरकार को मॉडर्न टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ शानदार डिजाइन और पावरफुल इंजन के साथ पेश किया गया है। इस कार में 16 इंच का बड़ा डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जिससे ड्राइवर को सारी जरूरी जानकारी आसानी से मिल जाती है। इसके अलावा इसमें 9 इंच का टचस्क्रीन डिस्प्ले भी है। यह सिस्टम वायरलेस एन्ड्रायड ऑटो और एपल कारप्ले को सपोर्ट करता है, जिससे स्मार्टफोन आसानी से कनेक्ट किया जा सकता है। कार में 7 स्पीकर वाला ऑडियो सिस्टम भी दिया गया है, जो बेहतरीन साउंड क्वालिटी का अनुभव कराता है। प्रीमियम इंटीरियर, मॉडर्न डिजाइन और एलईडी हेडलाइट्स जैसे शानदार फीचर्स इस सुपरकार को लग्जरी और टेक्नोलॉजी का बेहतरीन कॉम्बिनेशन बनाते हैं। रफ्तार के मामले यह कार यह सिर्फ 2.3 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड पकड़ लेती है। इसकी टॉप स्पीड 330 किलोमीटर प्रति घंटा है। माना जा रहा है कि फरारी 849 टेस्टारोसा का भारत में मुकाबला लैंबॉर्गिनी रेव्यूल्टो से होगा। फिलहाल फरारी ने अपनी इस कार की एक्स-शोरूम कीमत 10.38 करोड़ रुपये के आसपास रखी है। कार की डिलीवरी अगले दो माह के भीतर शुरू कर दी जाएगी।

मारुति लाएगी नई मॉडर्न व स्टाइलिश 7-सीटर ई-कार

मारुति सुजुकी अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा के बाद अब एक नई 7-सीटर इलेक्ट्रिक कार उतारने की तैयारी में जुट गई है। यह नई मॉडर्न और स्टाइलिश कार MPV सेगमेंट में उतारी जाएगी। कंपनी की योजना साल 2030 तक देश के बाजार में अपने मॉडल्स की संख्या बढ़ाकर बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने की है, जिसमें इलेक्ट्रिक कारों का बड़ा हिस्सा होगा। अपनी नई 7-सीटर ईवी को कंपनी YMC कोडनेम दिया गया है और यह 27पीएल प्लेटफॉर्म पर तैयार की जा रही है। माना जा रहा है कि इस कार में जापान में बिकने वाली सुजुकी स्पेसिया की झलक देखने को मिलेगी। इस नई इलेक्ट्रिक MPV का डिजाइन थोड़ा बॉक्सी हो सकता है, ताकि लोगों को अंदर थोड़ी ज्यादा जगह मिल सके। इसके लिए तीन पंक्तियों में इस तरह सीटिंग दी जाएगी, जिससे 7 लोग आराम से बैठ सकें। इस कार के बारे में जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक चौकोर हेडलाइट्स, बड़ी ब्लैक ग्रिल पर क्रोम फिनिश और बड़ा मजबूत बंपर दिया जाएगा। भले ही इस कार में स्लाइडिंग डोर न दिए जाएं, लेकिन डिजाइन में बलेनो और फ्रांक्स के कुछ फीचर्स देखने को मिल सकते हैं। इस कार में 49kWh और 61kWh बैटरी पैक के विकल्प मिल सकते हैं। छोटी बैटरी के साथ 440 किमी और बड़ी बैटरी के साथ 543 किमी की रेंज मिलने की उम्मीद है। इसमें वही पावरट्रेन इस्तेमाल किया जाएगा जो ई-विटारा में दिया गया है। मारुति की यह कार अगले साल लॉन्च होने की उम्मीद जताई जा रही है।

केटीएम 350 ड्यूक और एडवेंचर अगले माह होंगी लॉन्च

आस्ट्रियाई मोटरसाइकिल ब्रांड केटीएम एक बार फिर बाइक बाजार में हलचल मचाने को तैयार है। नई केटीएम 350 ड्यूक और 350 एडवेंचर अगले माह लॉन्च होने वाली है। देश में 350 सीसी इंजन वाली मोटरसाइकिलों की मांग पिछले साल लागू किए गए संशोधित जीएसटी ढांचे के कारण अचानक बढ़ी है। नए कर कानूनों में 350 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों को विलासिता की वस्तु माना जाता है, और उन पर 40 फीसदी कर लगता है, जबकि 350 सीसी या उससे कम इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर 18 फीसदी कर देय है। केटीएम 390 ड्यूक में 399 सीसी का इंजन लगा होने से यह 40 फीसदी कर के दायरे में आती है। ऐसे में इंजन का डिस्प्लेसमेंट घटाकर 350 सीसी से थोड़ा नीचे लाकर केटीएम ने कर में 22 फीसदी की बचत की है। इससे कंपनी को कीमतों के मामले प्रतिस्पर्धी रुख अपनाने का मौका मिला है। कंपनी का कहना है कि दमदार परफॉर्मेंस बनाए रखकर, लागत कम की है। फिलहाल एक्स शो रूम कीमत 2.60 लाख से 2.80 लाख कर होना संभावित है। कंपनी का दावा है कि पॉवर क्षमता कम होने के बावजूद ये बाइक्स दिखने और चलाने में मौजूदा 390सीसी बाइक्स से काफी मिलती-जुलती होंगी। कंपनी स्टाइल, आक्रामक लुक और दमदार इंजन की खूबियां बरकरार रहने का भरोसा दिला रही है। बस इंजन का आकार थोड़ा छोटा (शॉर्ट स्ट्रोक) होगा, लेकिन केटीएम का मूल अनुभव बरकरार रहेगा। माना जा रहा है कि केटीएम ड्यूक 350 एडवेंचर बाइक प्रेमियों के लिए वह बेहतरीन विकल्प साबित हो सकती है, जिसकी उन्हें जरूरत थी।

36 हजार करोड़ से ज्यादा का ऑटो रिक्शा बाजार

कॉम्पैक्ट डिजाइन, संकरी गलियों में सुगमता और कम दूरी की यात्रा में उपयोगिता के कारण ऑटो रिक्शा (थ्री व्हीलर) अब देश के छोटे-छोटे शहरों में परिवहन का महत्वपूर्ण सर्व सुलभ साधन बन चुके हैं। बड़े शहरों में भी यातायात जाम वाले तथा बड़े वाहनों के लिए प्रतिबंध वाले इलाकों में आवाजाही और माल ढुलाई में ऑटो रिक्शा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों के चलते देश में ऑटो रिक्शा का बाजार जो कि साल 2025 में लगभग 36,000 करोड़ रुपये था, इसके 2031 तक 70,000 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। इस बढ़ती मांग में मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा की हिस्सेदारी 2030 तक 65-75% तक होने का अनुमान है। बजाज ऑटो इस बाजार का अग्रणी ब्रांड है, जो 60% से अधिक हिस्सेदारी रखता है। इसके बाद महिंद्रा और पियाजियो का स्थान है। पिछले वित्त वर्ष में ऑटो रिक्शा की बिक्री ने करीब 8 लाख यूनिट्स के साथ एक नया रिकॉर्ड बनाया था। इस आंकड़े के साथ भारत दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बाजार बन गया है। 2025 में वैश्विक इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बिक्री में भारत की हिस्सेदारी करीब 60% रही है।

दुनिया को 'ऑटो रिक्शा' शब्द भारत ने दिया

- ऑटो रिक्शा से हर किसी की यादें जुड़ी हैं। दुनिया को 'ऑटो रिक्शा' शब्द भारत की ही देन है। वर्ष 1947 में भारत को अंग्रेजों से आजादी मिली और कई उद्योगपतियों ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम शुरू किया। वर्ष 1948 में फिरोडिया ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को अपना ऑटो-रिक्शा दिखाया। फिरोडिया ने इसके लिए उस समय बछराज ट्रेडिंग कारपोरेशन के के साथ जॉइंट वेंचर बनाया था, बाद में यही कंपनी बजाज ऑटो के नाम से जानी गई। उस समय देश में उत्पादन के लिए लाइसेंस लेना होता था।

बीएसपीटीसीएल को सूचीबद्ध कराने की योजना

नयी दिल्ली। बिहार सरकार अपनी बिजली पारेषण कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रही है। बिहार के बिजली सचिव मनोज कुमार सिंह ने साक्षात्कार में कहा कि हम अपनी पारेषण कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की योजना बना रहे हैं और मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति के लिए रुचि पत्र (ईओआई) जारी किया है।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार ,30 मार्च 2026
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

जीवन और साधारण बीमा क्षेत्र में उतरेगी जियो फाइनेंशियल

मुंबई। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएफएस) इस साल साधारण बीमा और जीवन बीमा कारोबार क्षेत्र में उतरने की योजना बना रही है। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी की बिना गारंटी वाले ऋण और टिकाह उपभोक्ता सामान (जैसे टीवी, फ्रिज आदि) के ऋण बाजार में तत्काल उतरने की कोई योजना नहीं है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक हितेश सेठिया ने कहा कि हम 2026 में बीमा व्यवसाय शुरू करने की उम्मीद कर रहे हैं, बशर्ते कि सभी नियामकीय मंजूरियां मिल जाएं। उन्होंने बताया कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज अपनी समान संयुक्त उद्यम साझेदार कंपनी आलियांज के साथ मिलकर साधारण और जीवन बीमा कारोबार क्षेत्र में काम करेगी।

एनएसई 13 अप्रैल से शुरू करेगा ब्रेंट कच्चा तेल वायदा अनुबंध

नयी दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चे तेल (प्लैट्स) का वायदा कारोबार शुरू करेगा। इससे एक्सचेंज के वैश्विक तेल बेंचमार्क से जुड़े जिंस वायदा पेशकश का विस्तार होगा। यह अनुबंध, एसएंडपी ग्लोबल एनर्जी (प्लैट्स) दिनांकित ब्रेंट मूल्यांकन पर आधारित होगा, और इसका कारोबार बीआरक्रूडऑयल के रूप में किया जाएगा। एनएसई ने एक परिपत्र में कहा- भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिलने के बाद वह 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चा तेल (प्लैट्स) वायदा अनुबंध शुरू करने जा रहा है।

इंटेलियस रिकोड ने सेबी पर जमा कराए आईपीओ दस्तावेज

नयी दिल्ली। इंटेलियस रिकोड लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष शुरुआत दस्तावेज दाखिल किए हैं। आईपीओ दस्तावेजों (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित निर्गम में 117 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 12 .9 लाख शेयरों तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

इंडिगो शुरू करेगी 30 से अधिक नये मार्गों पर उड़ानें

नयी दिल्ली। देश की प्रमुख विमान सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो ने 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नये मार्गों पर उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बताया कि नये मार्गों में नवी मुंबई से आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, चंडीगढ़, दीव, कन्नूर, कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम् के लिए उड़ानें शामिल होंगी।

संकट प्रभावित क्षेत्रों के लिए और राहत पैकेज पर विचार कर रही सरकार

खासकर लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए ला सकती है और राहत पैकेज

नयी दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की स्थिति में सरकार अर्थव्यवस्था के कमजोर वर्गों, खासकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए और राहत पैकेज ला सकती है।

सूत्रों के अनुसार, सरकार पहले ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे कई कदम उठा चुकी है और जरूरत पड़ने पर आगे भी राहत उपाय करने से पीछे नहीं हटेगी। सरकार ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल को इस कर से मुक्त कर दिया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर आम लोगों पर कम पड़े।

साथ ही, देश में उपलब्धता बढ़ाने के लिए डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर फिर से शुल्क लगाया गया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इस महीने की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमत 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। इससे पहले सरकार ने निर्यातकों को उनकी निर्यात प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए कुछ रियायतें दी थीं।

पश्चिम एशिया संकट के बाद से कारोबारी समुदाय की दिक्कतें बढ़ी हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि मौजूदा हालात में सरकार को सबसे अधिक प्रभावित व्यवसायों और परिवारों को तुरंत राहत देने की जरूरत है।

एटीएफ पर टैक्स कम कराने के प्रयास में मंत्रालय

नयी दिल्ली,एजेंसी। नागर विमानन मंत्रालय एयरलाइन कंपनियों पर पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए कई विकल्प तलाश रहा है। इसमें एक विकल्प राज्य सरकारों के साथ मिलकर विमान ईंधन (एटीएफ) पर कर को कम करना है। पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। उसके बाद हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधों के चलते एयरलाइन कंपनियों की परिचालन लागत बढ़ रही है। एक उच्चस्तरीय सूत्र ने कहा कि मंत्रालय बड़े प्रयासों के हिस्से के रूप में एयरलाइंस पर पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रहा है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और मंत्रालय ने जेट ईंधन पर कर कम करने की संभावना को लेकर मुख्यमंत्रियों और राज्य सरकारों के साथ चर्चाएं शुरू की हैं। एयरलाइन की कुल परिचालन लागत में एटीएफ का हिस्सा करीब 40% होता है। विभिन्न राज्यों में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर टैक्स अलग-अलग होता है।

पश्चिम एशिया संघर्ष और कच्चे तेल के दाम तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

- विदेशी निवेशकों का प्रवाह, रुपये का उतार-चढ़ाव और वृहद वैश्विक बाजार रुख तय करेंगे धारणा : विश्लेषक

नयी दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा रुपये-डॉलर का रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में धारणा को प्रभावित करेंगी।

शेयर बाजार मंगलवार को महावीर जयंती और शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कह कि इस सप्ताह वैश्विक वृहद घटनाक्रम खासकर कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्षविराम को लेकर बातचीत की प्रगति से बाजार की दिशा प्रभावित होगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बढ़ाने के लिए रुपये की स्थिरता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर, फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और मार्च का एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई महत्वपूर्ण रहेगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कमजोर होते रुपये के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने घरेलू शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.3 अरब डॉलर) निकाले हैं।

पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया। वहीं ईरान ने इसके जवाब में अमेरिका के सहयोगी देशों और तेल अवीव पर हमले किए। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि आगे देखें तो, बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है और भूराजनीतिक घटनाक्रम इसकी प्रमुख वजह हैं। निवेशकों की निगाह पश्चिम एशिया की स्थिति पर रहेगी। संघर्ष बढ़ने या घटने का धारणा पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

विदेशी निवेशकों का प्रवाह, रुपये का उतार-चढ़ाव और वृहद वैश्विक बाजार रुख निकट भविष्य में धारणा तय करेंगे। बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 949.74 अंक या 1.27 प्रतिशत नीचे आया। वहीं एनएसई निफ्टी 294.9 अंक या 1.27 प्रतिशत के नुकसान में रहा।लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा-आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक वैश्विक रुख से तय होने की उम्मीद है।

ईंधन, एलपीजी आपूर्ति के लिए सरकार ने तेज किए प्रयास

पश्चिम एशिया संकट के चलते घबराहट में खरीदारी से बचने की लोगों से की अपील

नयी दिल्ली, एजेंसी

होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बीच सरकार ने देश में ईंधन और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम तेज कर दिए हैं। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर ज्यादा खरीदारी से बचने की अपील की है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने बयान में कहा कि देश में रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता भी पूरे देश में पर्याप्त है और पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

मंत्रालय ने बताया कि कुछ राज्यों में अफवाहों के कारण लोगों ने घबराकर ज्यादा खरीदारी की, जिससे कुछ पेट्रोल पंप पर भीड़ और बिक्री में अचानक बढ़ोतरी देखी गई। हालांकि, देश के सभी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। साथ ही डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क भी लगाया गया है।

गैस क्षेत्र में घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) और सीएनजी के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जबकि उद्योगों को उनकी सामान्य जरूरत का करीब 80 प्रतिशत गैस मिल रही है। उर्वरक कारखानों को 70-75 प्रतिशत गैस दी जा रही है और अतिरिक्त एलएनजी की व्यवस्था भी की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि शहरों में गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार तेज किया जा रहा है और एलपीजी की जगह पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मार्च में 2.9 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन जोड़े गए हैं।

बयान में कहा गया कि एलपीजी की आपूर्ति पर अंतरराष्ट्रीय हालात का असर पड़ा है, लेकिन फिलहाल किसी तरह की कमी की सूचना नहीं है। रोजाना 55 लाख से अधिक सिलेंडर की डिलिवरी हो रही है और दुरुपयोग रोकने के लिए सख्ती बढ़ाई गई है।

मंत्रालय ने बताया कि व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और इसमें होटल, खानपान सेवाओं और जरूरी उद्योगों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार ने मिट्टी के तेल (केरोसिन) की आपूर्ति भी बढ़ाई है और जमाखोरी व कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई तेज की है। हाल ही में करीब 2,900 छापे मारे गए और लगभग 1,000 सिलेंडर जब्त किए गए।

बयान में कहा गया कि राज्यों को निगरानी बढ़ाने, रोजाना जानकारी देने, अफवाहों पर रोक लगाने और गैस से जुड़े ढांचे के काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की अनावश्यक खरीदारी से बचें।

प. एशिया संकट पर सरकार की प्रतिक्रिया भरोसेमंद : सीआईआई

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट से पैदा हुई समस्याओं पर सरकार की तेज, समन्वित और संतुलित प्रतिक्रिया की सराहना की। साथ ही, उद्योग मंडल ने भारत के उद्योग जगत के लिए 12-सूत्रीय योजना भी पेश की, ताकि सरकार के प्रयासों को और मजबूत किया जा सके।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि हालांकि नीतिगत प्रतिक्रिया ने तात्कालिक जोखिमों को कम कर दिया है, लेकिन बदलती स्थिति के लिए सरकार और उद्योग के बीच निरंतर समन्वय की आवश्यकता है। बनर्जी ने कहा कि नीतिगत दृष्टिकोण ने उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने और व्यवहार्य उद्यमों का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

बनर्जी ने कहा कि सरकार की प्रतिक्रिया समय पर, संतुलित और भरोसेमंद रही है। यह सरकार के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुचारू रखना, निर्यातकों का समर्थन करना, परिवारों की सुरक्षा करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखना है।

दिल्ली-एनसीआर में आवास बिक्री में 17 फीसदी की गिरावट: एनारॉक

नयी दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण नकारात्मक धारणा के चलते जनवरी-मार्च की अवधि में दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री तिमाही आधार पर 17 प्रतिशत घटकर लगभग 16,000 इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी एनारॉक ने यह जानकारी दी।

हालांकि, सालाना आधार पर मांग में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसका कारण पिछले साल का निचला आधार प्रभाव है। एनारॉक के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-मार्च की मौजूदा अवधि के दौरान घरों की बिक्री 15,985 इकाई रही, जो इससे पिछली तिमाही के 19,250 इकाई की तुलना में 17 प्रतिशत कम है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री पिछले वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 11,120 इकाई की तुलना में 44 प्रतिशत बढ़ी है। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि भारत के आवास क्षेत्र के दीर्घकालिक बुनियादी सिद्धांत मजबूत बने हुए हैं, लेकिन ईरान युद्ध के अल्पकालिक प्रभाव पहली तिमाही में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए।

ओला इलेक्ट्रिक को ग्राहक का स्कूटर बदलने या पैसा लौटाने का निर्देश

मुंबई, एजेंसी। ठाणे के एक उपभोक्ता आयोग ने ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज को खराब इलेक्ट्रिक स्कूटर बदलने या पूरा पैसा ग्राहक को लौटाने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि यह कंपनी की ओर से 'गंभीर खामी' का मामला है।जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (अतिरिक्त ठाणे) ने हाल ही के एक आदेश में कहा कि बेंगलुरु की यह विनिर्माता कंपनी अनुचित व्यापार व्यवहार में शामिल है। आयोग ने कहा कि मामले को देखने पर पता चलता है कि उपयुक्त वाहन सही स्थिति में नहीं था और इसमें कई तरह की खामियां थीं।

एआई से नहीं जाएंगी नौकरियां, काम होगा आसान

भारत में 50,000 लोगों की भर्ती की योजना पर काम कर रही है डेलॉयट

बेंगलुरु, एजेंसी

- सीओओ ने बताया-जल्द ही शुरू करेंगे क्वांटम उत्कृष्टता केंद्र

कृत्रिम मेधा (एआई) से बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए डेलॉयट के दक्षिण एशिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नितिन केनी ने कहा है कि कंपनी भारत में 50,000 लोगों की भर्ती की योजना पर काम कर रही है और इसमें कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकी के अनुरूप कौशल बढ़ाने पर खास जोर दिया जा रहा है। एक साक्षात्कार में केनी ने बताया कि डेलॉयट देश में तेजी से विस्तार और निवेश की योजना पर काम कर रही है और जल्द ही 'क्वांटम उत्कृष्टता केंद्र' शुरू करने की तैयारी है।

उन्होंने कहा कि एआई के कारण नियुक्तियों पर असर पड़ने की चिंता सही नहीं है। डेलॉयट एआई को नौकरियां कम करने वाला साधन नहीं मानती, बल्कि काम को ज्यादा आसान और प्रभावी बनाने का जरिया मानती है। केनी ने कहा कि नौकरियों में कटौती करना कोई समाधान नहीं है। जरूरी है कि लोगों के कौशल को बढ़ाया जाए, ताकि वे नई प्रौद्योगिकी के साथ मिलकर अधिक मूल्य वाले और जटिल काम कर सकें। उन्होंने बताया कि कंपनी अब तक करीब 30,000 कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण दे चुकी है, जबकि लगभग 20,000 कर्मचारी कंपनी के अपने मंच पर काम करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि डेलॉयट के कुल वैश्विक कर्मचारियों में से लगभग एक-तिहाई भारत में काम करते हैं, जिससे भारत कंपनी के लिए एक अहम बाजार है। केनी ने कहा कि कंपनी अपनी आय का करीब नै प्रतिशत हिस्सा कौशल विकास, क्षमता बढ़ाने और नए प्रयोगों पर खर्च करती है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**

केरल: पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो कहा-अगली सरकार हमारी

एलडीएफ और यूडीएफ ने केरल को लूटा है, इनसे सावधान रहें

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

केरल के त्रिशूर में रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। साथ में प्रत्याशी पद्मजा वेणुगोपाल।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रचार अभियान के तहत रविवार को यहां एक रोड शो किया। वहीं पलक्कड़ में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि केरल में अगली सरकार राजग ही बनाएगा।

रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोग उनकी एक झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। रोड शो की शुरुआत जिला अस्पताल के निकट हुई। भीषण गर्मी की परवाह किये बिना, लोग कई घंटे पहले सड़क के किनारे एकत्र हो गए थे और नारे लगा रहे थे और अपने मोबाइल फोन से उन पलों की फोटो खींच रहे थे जब प्रधानमंत्री ने एक खुले वाहन से उनका अभिवादन स्वीकार किया। त्रिशूर जिले में राजग के प्रमुख उम्मीदवारों पद्मजा वेणुगोपाल और लोकसभा में त्रिशूर का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने रोड शो में हिस्सा लिया। पलक्कड़ में चुनाव रैली को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूडीएफ और एलडीएफ दोनों पर निशाना साधते हुए उन पर दशकों तक भ्रष्टाचार करने और राजनीतिक अवसरवादिता में लिप्त होने का रविवार को आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि दशकों से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने मिलकर केरल को लूटा है... इस व्यवस्था में हमारा केरल फंसा रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी... आपको दोनों से सावधान रहना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और आपके सहयोग से हम यहां सरकार बनाएंगे और केरल की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

रैली में धुआं से दहशत

पलक्कड़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली में उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई जब एक एम्पलीफायर से धुआं निकलता देखा गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह घटना प्रधानमंत्री के रैली स्थल कोट्टामैदानम पहुंचने से कुछ ही समय पहले घटी। ध्वनि प्रसारक का प्रबंधन करने वालों और पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और एम्पलीफायर को हटा दिया।

पुराने कृत्यों के लिए शाह पर चार्जशीट होनी चाहिए: ममता

पुरुलिया (पश्चिम बंगाल),एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ राजनीतिक चार्जशीट (आरोपत्र) जारी किए जाने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि खुद शाह के खिलाफ उनके पुराने कृत्यों के लिए चार्जशीट दाखिल होनी चाहिए। बनर्जी ने पुरुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि यदि भाजपा सत्ता में आती है तो वह महिलाओं के लिए शुरू की गई लक्ष्मीर भंडार योजना बंद कर देगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि यदि भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो लोगों की खानपान संबंधी पसंद पर पाबंदियां लगा दी जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर के जरिये 1.2 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

आयोग ने किया 83 अफसरों का तबादला

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले एक नए फेरबदल में चुनाव आयोग ने रविवार को राज्य भर में प्रखंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) सहित 83 अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश दिया। आयोग जारी आदेश के अनुसार, सबसे अधिक स्थानांतरण पूर्वी मिदनापुर जिले से हुए हैं, जहाँ 14 बीडीओ और एआरओ का तबादला किया गया है।

हटाए गए मतदाताओं के लिए ट्रिब्यूनल पोर्टल शुरू

कोलकाता। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की शिकायतों के समाधान के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद एक विशेष ट्रिब्यूनल प्रणाली और ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है, जिसके तहत प्रभावित मतदाता रविवार से अपील दर्ज कर सकेंगे। ट्रिब्यूनल जल्द ही काम करना शुरू करेंगे, जिससे जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उन्हें औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराने और निवारण का अवसर मिलेगा। इससे पहले आयोग ने राज्य के 23 जिलों में ट्रिब्यूनल गठित किए थे, जिनकी देखरेख के लिए 19 पूर्व न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।

असम: भाजपा लगाएगी हैट्रिक, लगातार तीसरी बार सत्ता में आएगी : नितिन नबीन

तिनसुकिया (असम), एजेंसी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को दावा किया कि पार्टी असम में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगाएगी। मार्गेरिटा से उम्मीदवार एवं मौजूदा विधायक भास्कर शर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नबीन ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर राज्य के विकास के बजाय वोट बैंक की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस काले अध्याय को याद रखना जरूरी है।

कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा हैट्रिक लगाने वाली है। हमने पहली बार सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सरकार बनाई थी, इसके बाद हिमंत विश्व शर्मा का कार्यकाल रहा। इस बार हम मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में अपनी तीसरी सरकार बनाएंगे। नवीन ने कहा कि वह 2009-10 से विभिन्न पार्टी कार्यों के सिलसिले में असम आते रहे हैं और राज्य भर में व्यापक दौरे कर चुके हैं। उस समय विकास की कोई चर्चा ही नहीं होती थी। जब मैं एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना चाहता था तो तनाव बना रहता था। जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने के बाद पूरी स्थिति बदल गई और पूरा देश असम के विकास की बात करने लगा।

हर अवैध प्रवासी को वापस भेजना होगा : शाह

ढेकियाजुली (असम), एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में असम में घुसपैठ को रोका है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि प्रत्येक अवैध प्रवासी को उनके देशों में वापस भेजा जाना चाहिए। सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध किया है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहते हैं। शाह ने गोगोई से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

भाजपा ने असम को धोखा दिया: सैकिया

गुवाहाटी, एजेंसी। असम विधानसभा में निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष देवब्रत सैकिया ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग को न्याय दिलाने में नाकाम रही है और इसने कई मोर्चों पर जनता के साथ विश्वासघात किया है। सैकिया ने भरोसा जताया कि नौ अप्रैल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दल बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा के विश्वासघातों की सूची लंबी है, लेकिन अंतिम और सबसे गंभीर विश्वासघात जुबिन गर्ग के मामले में न्याय सुनिश्चित न कर पाना है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार मांग करता रहा कि इस मामले की कार्यवाही की सार्वजनिक निगरानी हो, लेकिन सरकार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सैकिया ने कहा- असम की जनता शुरू से ही नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ थी, लेकिन भाजपा ने उनकी भावनाओं की अनदेखी करते हुए इसे लागू किया।

वर्ल्ड ब्रीफ

लेबनान में पत्रकारों की हत्या वैश्विक चेतना के लिए चेतावनी : ईरान

तेहरान/बेरूत। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जताते हुए इसे सिर्फ मीडिया जगत की बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेज्जीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन की पत्रकार फातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई। यह हमला इजराइल रक्षा बल द्वारा किया जाना बताया जा रहा है। अराघची ने इस हमले को स्पष्ट रूप से लक्षित हत्या करार दिया और कहा कि यह सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश है।

गैस संकट: महाराष्ट्र के मंत्री के घर पर रिक्शा चालकों का प्रदर्शन

छत्रपति संभाजीनगर। पश्चिम एशिया युद्ध के कारण ऑटो रिक्शा के लिए ईंधन की आपूर्ति बाधित होने का आरोप लगाते हुए कई चालक रविवार को महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट के आवास के बाहर एकत्रित हुए। रिक्शा चालकों ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें ईंधन नहीं मिल रहा है। इसी वजह से उन्होंने शिरसाट को अपनी परेशानी से अवगत कराने के लिए इस तरह का विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया। इसके जवाब में, शिरसाट ने जिला आपूर्ति अधिकारी को फोन किया और उन्हें ऑटो रिक्शा चालकों की मदद के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। शिरसाट ने जिला आपूर्ति अधिकारी से कहा, इन ऑटो रिक्शा चालकों को पिछले चार दिनों से ईंधन नहीं मिला है।

विजयपत सिंघानिया का मुंबई में किया गया अंतिम संस्कार

मुंबई। उद्योगपति और रेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का रविवार को मुंबई में अंतिम संस्कार किया गया। वर्ष 1980 से 2000 तक कंपनी की कमान संभालने वाले सिंघानिया का शनिवार शाम निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थे। वह 87 वर्ष के थे। पद्म भूषण से सम्मानित सिंघानिया की अंतिम यात्रा दक्षिण मुंबई स्थित उनके आवास से शुरू हुई। उनके बेटे गौतम सिंघानिया और मधुपति ने अंतिम संस्कार का नेतृत्व किया। वर्तमान में रेमंड की कमान गौतम सिंघानिया के हाथों में है। अंतिम संस्कार चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान गौतम सिंघानिया की पत्नी नवाज मोदी भी मौजूद रहीं। नवाज मोदी ने बताया कि उन्होंने विजयपत सिंघानिया के साथ लंबा समय बिताया।

नेपाल में पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड्का को भी किया गिरफ्तार

- धनशोधन के मामले में गिरफ्तारी पहले से थे भ्रष्टाचार के आरोप

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल पुलिस ने पूर्व ऊर्जा मंत्री और नेपाली कांग्रेस के नेता दीपक खड्का को धन शोधन के मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

'द हिमालयन' ने नेपाल पुलिस के के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ के हवाले से बताया कि सीआईबी ने रविवार सुबह खड्का को हिरासत में ले लिया। पिछले साल जनरेशन जी के विरोध प्रदर्शन के दौरान ऐसी तस्वीरें और वीडियो सामने आए जिसमें खड्का और पूर्व प्रधानमंत्रियों शेर बहादुर देउबा एवं पुष्प कमल दहल प्रचंड के आवास पर जले नोटों के टुकड़े दिख रहे थे। बाद में फोरेंसिक प्रयोगशाला से इन निष्कर्षों की पुष्टि की गई।

ओली की गिरफ्तारी पर देशभर में प्रदर्शन

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को रविवार को काठमांडू जिला न्यायालय ने पांच दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी गिरफ्तारी के विरोध में देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन जारी हैं। ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए जेन जी आंदोलन को दबाने में संलिप्तता के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। ओली की पार्टी शनिवार से ही देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। पार्टी अपने अध्यक्ष ओली को तत्काल रिहा करने की मांग कर रही है।

केंद्र के अभियान की उपलब्धियां

नक्सलवाद के खात्मे के लिए वैसे तो यूपीए की पूर्ववर्ती केंद्र सरकार के कार्यकाल में भी अभियान चलाए गए लेकिन एनडीए सरकार की ओर से वर्ष 2017 में शुरू किए गए अभियान 'समाधान' के काफी हद तक ठोस नतीजे सामने आए हैं। इस अभियान के तहत नक्सलमुक्त भारत का लक्ष्य तय करते हुए इसकी मियाद 31 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई थी। दो दिन अभियान का समय पूरा होने जा रहा है। इस बीच सुरक्षा बलों ने सैकड़ों माओवादियों को मार गिराया है, साथ ही सैकड़ों को गिरफ्तार भी किया है। काफी संख्या में माओवादियों ने हथियार डालने की घोषणा करते हुए आत्मसमर्पण भी किया है। इसके बाद तमाम नक्सल प्रभावित जिले नक्सलमुक्त हो गए हैं और उनमें घटनाएं शून्य हो गई हैं। नक्सलवाद के खिलाफ इस लड़ाई में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय ही सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा।

नक्सलमुक्त भारत

बड़ा अभियान... समाधान

- मई 2017 में तत्कालीन गृह मंत्री ने इस व्यापक अभियान की घोषणा की थी। इस अभियान में एक बहुआयामी दृष्टिकोण निहित किया गया था। इसमें आठ बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया गया था।
- अभियान में कुशल नेतृत्व, आक्रामक रणनीति, प्रोत्साहन और प्रशिक्षण, सटीक सूचनाएं, प्रगति की निगरानी, तकनीक, प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग कार्ययोजना और फंडिंग रोकने के बिंदु तय किए गए थे।

अभियान के मुख्य लक्ष्य

- शून्य सहिष्णुता के तहत नक्सलियों के हिंसक हमलों को पूरी तरह रोकना सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य था।
- उन इलाकों में नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए जाने थे जहां पहले अक्सर पुलिस नहीं पहुंच पाती थी।
- सड़क निर्माण, मोबाइल टावर, बैंक और पोस्ट ऑफिस खोलना ताकि लोग मुख्यधारा से जुड़ सकें।
- नक्सलियों को अपने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के लिए मदद करना और प्रोत्साहित देना।

ऑपरेशन ग्रीन हंट

यह वर्ष 2009 में यूपीए सरकार के दौरान शुरू किया गया एक बड़ा सैन्य अभियान था जिसके तहत नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा के जंगलों से नक्सलियों का सफाया कर प्रशासनिक नियंत्रण स्थापित किया जाना था।

2024 के शुरुआती 10 महीनों में छत्तीसगढ़ में 190 से अधिक नक्सली मारे गए थे। नक्सलियों के सुरक्षित गढ़ माने जाने वाले अबूझमाड़ जैसे इलाकों में अब सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित हो चुके हैं।

अभियान की उपलब्धियां

- सरकारी आंकड़ों के मुताबिक करीब 1,500 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए जो छत्तीसगढ़, झारखंड और महाराष्ट्र में सक्रिय थे।
- सरकार की पुनर्वास नीति के कारण 10,000 से अधिक नक्सलियों ने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया।
- सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर और इंटेलिजेंस के आधार पर 15,000 से अधिक माओवादियों को इस अभियान में गिरफ्तार किया।
- नक्सली हिंसा की घटनाओं में 73% की गिरावट और आम नागरिकों और सुरक्षा बलों की मृत्यु दर में लगभग 86% की कमी आई।

नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, इनकी संख्या अब घटकर 38 रह गई है। | प्रभावित इलाकों में हिंसा की घटनाओं में करीब 70–80% तक की गिरावट दर्ज की गई है। | नक्सलवाद अब छत्तीसगढ़ के बस्तर जैसे देश के कुछ इलाकों तक सीमित रह गया है।

पश्चिम एशिया में विश्वविद्यालय भी निशाने पर

तेहरान विश्वविद्यालय पर अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने दी जवाबी हमले करने की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान के तेहरान विश्वविद्यालय पर अमेरिकी हमले के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में दूसरे विश्वविद्यालयों के भी हमलों का निशाना बनने की आशंका पैदा हो गई है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर 30 मार्च दोपहर 12 बजे तक अमेरिका और इजराइल ने ईरान के शिक्षण संस्थानों पर हुई बमबारी की निंदा नहीं की तो वे पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजराइली विश्वविद्यालयों पर जवाबी हमले करेंगे।

ईरानी अधिकारियों ने मार्च महीने में विश्वविद्यालय और कई शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों पर अमेरिकी-इजराइली हमलों की जानकारी दी है, जिसमें 28 मार्च को तेहरान में साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय पर हुआ हमला भी शामिल है। ईरानी मीडिया ने बताया कि वैज्ञानिक और अनुसंधान के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है और करीब पांच लोग मारे गए हैं। आईआरजीसी ने एक बयान में ईरानी विश्वविद्यालय पर हुई बमबारी की निंदा करते हुए इसके बाद पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी और इजराइली विश्वविद्यालयों को अपना वैध लक्ष्य बताया है।

आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिकी और इजराइली सेनाओं ने तेहरान साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय पर बमबारी करके एक बार फिर ईरानी विश्वविद्यालय को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि अमेरिका को यह पता होना चाहिए कि अब से पश्चिम एशिया में मौजूद सभी अमेरिकी और इजराइली विश्वविद्यालय हमारे लिए वैध लक्ष्य होंगे। ईरानी विश्वविद्यालय के बदले में दो विश्वविद्यालयों पर हमला किया जाएगा। आईआरजीसी ने इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, प्रोफेसरों और छात्रों, साथ ही आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को भी सलाह दी कि वे अपनी जान बचाने के लिए बताए गए विश्वविद्यालय से कम से कम एक किलोमीटर दूर रहें।

आईआरजीसी ने यह भी कहा है कि अगर अमेरिकी प्रशासन चाहता है कि इस क्षेत्र में उसके विश्वविद्यालय उन दो विश्वविद्यालयों में शामिल न हों जिन्हें जवाबी हमले के लिए निशाना बनाया जाएगा तो उसे सोमवार, 30 मार्च को दोपहर 12 बजे (तेहरान समय) तक ईरानी विश्वविद्यालय पर हुई बमबारी की निंदा करते हुए एक आधिकारिक बयान जारी करना होगा। आईआरजीसी ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका चाहता है कि उसके बाद इस क्षेत्र में उसके विश्वविद्यालय पर हमला न हो, तो उसे अपनी सेनाओं को विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्रों पर हमला करने से रोकना होगा, अन्यथा यह चेतावनी लागू रहेगी और इसे अंजाम दिया जाएगा।

ईरान में जमीनी युद्ध की तैयारी

वाशिंगटन। अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान में जमीनी अभियान की तैयारी कर रहा है जो कई हफ्तों तक जारी रह सकती है। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट दी है कि किसी भी संभावित जमीनी अभियान में विशेष ऑपरेशन बलों और पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई शामिल होगी। हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पेंटागन की उन योजनाओं में से किसी को मंजूरी देंगे। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली के पहुंचने की घोषणा की थी।

ईयू की चेतावनी, यमन जलक्षेत्र में न जाएं जहाज

हूती विद्रोहियों के हमले की आशंका

ब्रसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से जहाजों को यमन के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में प्रवेश न करने की चेतावनी देते हुए ईरान समर्थित हूती विद्रोही समूह की ओर से व्यापारिक जहाजों पर हमले फिर शुरू करने की आशंका जताई गई है। हूती विद्रोहियों ने शनिवार को इजराइल पर मिसाइल हमले किए और आगे भी इन्हें जारी रखने की घोषणा की थी। यूरोपीय संघ नौसैनिक बल 'एस्पिडीज' मिशन ने कहा कि विशेष रूप से लाल सागर और अदन की खाड़ी में खतरा बना हुआ है। रिपोर्ट में इजराइली हितों से जुड़े जहाजों के लिए उच्चस्तर का खतरा आंका गया है, जबकि अमेरिका या इज़रायल से असंबद्ध जहाजों के लिए यह मध्यम स्तर का है।

इरबिल में हमले तेज, अमेरिकी ठिकाने निशाने पर

दुबई। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच उत्तरी इराक के अर्ध–स्वायत्त कुर्द क्षेत्र की राजधानी इरबिल में शनिवार रात भर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास एवं अन्य स्थानों को निशाना बनाकर कई ड्रोन हमले किए गए। हालांकि उन्हें उनके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले की रोक दिया गया। इस बीच पूरी रात तेज धमाके सुनाई देते रहे और एक ड्रोन को अमेरिकी ठिकानों की ओर बढ़ते देखा गया। इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों ने हाल के दिनों में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले तेज कर दिए हैं। इरबिल भी लगातार इन हमलों का निशाना बन रहा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी हालात और अधिक संवेदनशील हो गए हैं। अमेरिका ने शनिवार को जारी एक बयान में ईरान समर्थित सशस्त्र समूहों के हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें घृणित आतंकी हमले बताया।

बिना मुकदमा जेल सजा के समान : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुनवाई शुरू न होने पर दो साल से जेल में बंद शख्स को किया रिहा

सुप्रीम कोर्ट ने बिना मुकदमे के कारावास को सजा के समान बताते हुए हत्या के प्रयास के मामले में पंजाब के एक व्यक्ति को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि यह व्यक्ति दो साल से जेल में है, जबकि मुकदमे की सुनवाई तक शुरू नहीं हुई है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पीवी वराले की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रदीप कुमार उर्फ बानू के खिलाफ फरवरी 2024 में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अभियोजन पक्ष ने अभी तक मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी कोई सवाल-जवाब नहीं किए हैं। पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के 11 जुलाई, 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पीठ ने 13 मार्च के अपने आदेश में कहा, अभियोजन पक्ष ने अपीलकर्ता के खिलाफ आरोपों को साबित करने के लिए मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी सवाल-जवाब नहीं किए हैं। इसलिए, मुकदमे को पूरा होने में कुछ समय लग सकता है।

मामले का समग्र रूप से अवलोकन करते हुए, न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि मुकदमे की सुनवाई तक अपीलकर्ता को आगे हिरासत में रखना आवश्यक नहीं है।

पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरू से गुजरने की मंजूरी

नई दिल्ली। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने रविवार को कहा कि ईरान ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को व्यस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दो जहाज इस क्षेत्र से गुजरेंगे। डार ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ईरान सरकार ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई है।

अमेरिका तक मार करेंगी उत्तर कोरिया की मिसाइलें

सियोल, एजेंसी

- किम जोंग उन की मौजूदगी में मिसाइल के इंजन का परीक्षण
- कहा- नए परीक्षण से सर्वोच्च स्तर पर पहुंची सामरिक ताकत

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने हथियारों के लिए उन्नत, उच्च-शक्ति वाले, ठोस ईंधन चालित इंजन के परीक्षण का जायजा लिया और इसे देश की सामरिक सैन्य क्षमता को मजबूत करने वाला बताया। इस मौके पर दावा किया गया कि इस इंजन से युक्त मिसाइलें मध्य अमेरिका तक मार करने में सक्षम होंगी।

यह परीक्षण अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बनाने वाली उन्नत मिसाइलें हासिल करने के किम के घोषित लक्ष्य के अनुरूप है लेकिन कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्तर कोरिया ने इस परीक्षण के बारे में बढ़ा-चढ़ाकर दावा किया है। 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के यह जानकारी देने से कुछ दिन पहले ही, किम जोंग उन ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया को स्थायी तरीके से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे और सबसे बड़े दुश्मन दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रहेंगे। किम ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था।

केसीएनए के अनुसार, किम ने मिश्रित कार्बन फाइबर सामग्री से बनाए गए नए उन्नत इंजन का ग्राउंड जेट परीक्षण देखा। एजेंसी ने बताया कि इंजन का अधिकतम थ्रस्ट 2,500 किलोटन है, जो सितंबर में इसी तरह के ठोस ईंधन चालित इंजन के एक परीक्षण में बताए गए लगभग 1,971 किलोटन से अधिक है।

केसीएनए की खबर में बताया कि यह परीक्षण देश के पांच वर्षीय सैन्य विस्तार कार्यक्रम के तहत किया गया। इस योजना के उद्देश्यों में सामरिक हमले के साधनों को उन्नत करना शामिल है। केसीएनए की खबर के अनुसार किम ने कहा कि नवीनतम इंजन परीक्षण का देश की सामरिक सैन्य ताकत को सर्वोच्च स्तर पर पहुंचाने में बहुत महत्व है।

रूसी वायु रक्षा बलों ने रात भर में नष्ट किए 200 यूक्रेनी ड्रोन

- यूक्रेन ने रूस के अलग-अलग इलाकों में दागे थे ड्रोन

मॉस्को। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूसी वायु रक्षा बलों ने शनिवार रात रूसी क्षेत्रों के ऊपर मंडरा रहे 203 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट करने में सफलता हासिल की है।

मंत्रालय ने मीडिया एजेंसी मैक्स को बताया, पिछली रात वायु रक्षा चेतावनी तंत्र ने बेलगोरोड, ब्रायन्स्क, वोल्गोग्राद, वोरोनेज, कलुगा, कुर्स्क, लेनिनग्राद, नोवगोरोड, ओरयोल, पेन्जा, प्सकोव, रोस्तोव, समारा, सारातोव, स्मोलेंस्क, टवर, तुला क्षेत्रों, मॉस्को क्षेत्र, क्रास्नोदार क्षेत्र, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर 203 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट कर दिया। यह भी कहा गया है कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है और इन्हें नष्ट कर सुरक्षा बलों ने काफी उपलब्धि हासिल की है। यूक्रेन कई दिन से लगातार रूसी इलाकों में ड्रोन दागकर हमले कर रहा है।

गुजरात के अमरेली में आया 3.1 तीव्रता का भूकंप

- सौराष्ट्र में छह दिन के अंदर दूसरी बार महसूस किए गए झटके

अमरेली(गुजरात)। गुजरात के अमरेली जिले में रविवार को 3.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, इससे किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि गांधीनगर स्थित भूकंपीय अनुसंधान संस्थान के अनुसार, भूकंप का यह झटका शाम 4.10 बजे दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि भूकंप का केंद्र सौराष्ट्र क्षेत्र में अमरेली से लगभग 42 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में सतह से 11.6 किमी की गहराई पर स्थित था। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से न तो कोई घायल हुआ और न ही संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सौराष्ट्र क्षेत्र के राजकोट जिले में भी इसी तरह का 3.2 तीव्रता का भूकंप आया था।

सावरकुंडला विधानसभा के सदस्य महेश कसवाला ने कहा, पिछले कुछ दिनों में अमरेली में कई हल्के झटके महसूस किए गए हैं। मित्याला गांव के सरपंच ने कहा कि रविवार का झटका काफी तेज महसूस किया गया था।

इस्लामाबाद में पश्चिम एशिया तनाव पर चर्चा

- पाकिस्तानी विदेश मंत्री की मिस्र और तुर्किये के समकक्षों से वार्ता

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने चतुर्भुज शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को यहां मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों से मुलाकात कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और क्षेत्र में शांति वार्ता के प्रयासों पर चर्चा की। विदेश कार्यालय ने बताया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती, डार के निमंत्रण पर इस्लामाबाद की यात्रा पर हैं।

विदेश कार्यालय ने रविवार को कहा कि डार और अब्देलत्ती के बीच हुई बैठक के दौरान पाकिस्तान और मिस्र ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा, दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग सहित द्विपक्षीय तंत्रों को सक्रिय करने और व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में तनाव पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और संयम बरतने, तनाव कम करने और संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से विवादों के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

डार ने फिलिस्तीनियों के लिए पाकिस्तान के अटूट समर्थन की पुष्टि की और गाजा और वेस्ट बैंक में इजराइली सेनाओं की आक्रामकता की कड़ी निंदा की। विदेश कार्यालय के अनुसार, डार ने तुर्किये के विदेश मंत्री फिदान से भी मुलाकात की। उसने बताया, दोनों नेताओं ने पाकिस्तान-तुर्किये के मजबूत संबंधों की पुष्टि की, ईरान सहित क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की और शांति एवं स्थिरता के लिए संवाद, तनाव कम करने, कूटनीति और समन्वय पर जोर दिया।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष – आज नया काम शुरू न करें। भाई–बहनों से सहायता लेने में संकोच न करें। व्यापार के विस्तार में कुछ रुकावट आ सकती है।

तुला – आज यदि आपने एकाग्रचित्त होकर कार्य किया तो आप काफी शानदार परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

वृष – आज कार्यक्षेत्र में आप बोरियत महसूस कर सकते हैं। तकनीक के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय बहुत ही अच्छा है।

वृश्चिक – आज काम की अधिकता के बावजूद ऊर्जावान रहेंगे। राजनीतिक लोग अपने विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

मिथुन – आज केवल अपने काम पर फोकस करें। चतुराई के कारण आप व्यापार में अच्छा लाभ कमायेंगे। नकारात्मकता में कमी आयेगी।

धनु – आज कामकाज में आपका अधिक मन नहीं लगेगा। किन्तु दूरदर्शी सोच के कारण आपको व्यापार में लाभ मिलेगा।

कर्क – आज किसी पुरानी बात को याद करके आप खुश होंगे। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। उल्टी व दस्त के कारण डिहाइड्रेशन जैसी समस्या हो सकती है।

मकर – आज जीवनसाथी के साथ मतभेद उभर सकते हैं। अहंकार की वजह से अपने संबंधों को खराब न करें। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

सिंह – आज आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहेंगे। मन में नये–नये विचार आते रहेंगे। विद्यार्थी अपनी शिक्षा को लेकर अत्यन्त जागरूक रहेंगे।

कुंभ – आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक व्यवस्थित रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप अत्यन्त सरलता से अपने काम करेंगे।

कन्या – आज विरोधियों से सावधान रहना चाहिए। बहुत आवश्यक न हो तो लोगों से अपनी बातें एवं सूचनाएं शेयर करने से बचें।

मीन – आज नए कारोबार की आप शुरूआत कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। बच्चों को ऑनलाइन गतिविधियों से दूरी बनाकर रखें।

आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी



आज की ग्रह स्थिति : 30 मार्च, सोमवार 2026 संवत–2083, शक संवत 1948 मास– चैत्र, पक्ष–शुक्ल पक्ष, द्वादशी 07.09 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

दिशाशूल– पूर्व, **ऋतु**– वसंत।
चन्द्रबल– मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–मघा 14.48 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

सुडोकू - 103 का हल

1	3	8	4	5	7	2	9	6
4	7	6	2	9	8	5	1	3
5	2	9	3	1	6	8	4	7
9	5	4	7	3	2	6	8	1
2	8	3	1	6	5	9	7	4
6	1	7	9	8	4	3	5	2
7	6	1	8	2	9	4	3	5
8	4	2	5	7	3	1	6	9
3	9	5	6	4	1	7	2	8

सुडोकू -104

				6		4		2
2	7				3		9	
		5					7	
	9			5		8		1
			9		7			
3	4	6		2			5	
	8		1			6		
			3				2	5
9		7		4				

अभियान | अधिकारियों ने किया दावा, कहा– खत्म हो चुका है नक्सलवादियों का शीर्ष नेतृत्व

एक दशक में 10,000 से ज्यादा माओवादियों ने डाले हथियार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुरक्षाबलों के दबाव और पुनर्वास योजनाओं के चलते पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों ने हथियार डाले हैं, इसके साथ नक्सलियों का शीर्ष नेतृत्व खत्म कर दिया गया है। नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान से खत्म होने से पहले अधिकारियों ने यह दावा किया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए 31 मार्च तक की समयसीमा निर्धारित कर रखी है। वर्ष 2025 में 2,300 माओवादियों ने हथियार डाले और 2026 के पहले तीन महीनों में 630 से अधिक नक्सलियों ने सशस्त्र विद्रोह के बजाय मुख्यधारा में लौटने का विकल्प चुना। ये आंकड़े 2014 से 2026 की शुरुआत तक माओवादियों के आत्मसमर्पण से संबंधित हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एकीकृत, बहुआयामी और निर्णायक रणनीति अपनाई है। इसका एक उदाहरण रेड कॉरिडोर में सड़कों का निर्माण है।

केंद्र ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) के प्रभाव वाले क्षेत्रों में सड़कें बनाने का काम सौंपा, जिसमें नक्सलवाद के इन गढ़ों में पांच प्रमुख सड़कों और छह महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि भाकपा (माओवादी) के प्रभाव वाले क्षेत्रों में 15,000 किमी से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया, जिनमें से 12,250 किमी सड़कें पिछले 10 वर्षों में पूरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में इन क्षेत्रों में सिर्फ 66 थाने थे जबकि पिछले 10 साल में 586 थानों का निर्माण किया गया।

नक्सलप्रभावित इलाकों में पहुंचा योजनाओं का लाभ

अधिकारियों के अनुसार, जिन क्षेत्रों में शासन व्यवस्था कमजोर थी और माओवादियों ने अपना दबदबा बनाया हुआ था, वहां सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचने लगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत घरों की संख्या मार्च 2024 में 92,847 से बढ़कर अक्टूबर 2025 में 2,54,045 हो गई। इसी अवधि में आधार पंजीकरण भी 23.5 लाख से बढ़कर 24.85 लाख हो गया और 21.44 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। पिछले 10 वर्षों में 250 से अधिक एकलव्य विद्यालयों को मंजूरी दी गई, जिनमें से 179 चालू हैं, साथ ही 11 केंद्रीय स्कूल और छह नवोदय स्कूल भी खोले गए हैं।

“विराट कोहली का अभी और भी बहुत कुछ आना बाकी है। पूरी पारी के दौरान कोहली अभी भी थोड़े रस्टी लग रहे थे। जैसे-जैसे वह और सेट होंगे, उनसे बहुत कुछ और देखने को मिलेगा।
-अंबाती रायुडू

IPL 2026

आज का मुकाबला

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स

समय - शाम 7:30 बजे

रहाणे और रघुवंशी की अर्धशतकीय पारियों से केकेआर ने बनाए 220 रन

आईपीएल-2026 : मुंबई इंडियंस के लिए शार्दुल ठाकुर ने हासिल किए तीन विकेट

गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले मैच से एक दिन पहले बारिश के कारण मैदान को कवर कर दिया गया। एजेंसी

मुंबई, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान अजिंक्य रहाणे (67) और अंगकृष रघुवंशी (51) के अर्धशतकों की बदौलत रविवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चार विकेट पर 220 रन बनाए।

सपाट पिच पर मुंबई इंडियंस के गेंदबाज अपने पहले ही मैच में दबदबा नहीं बना पाए, लेकिन शार्दुल ठाकुर (39 रन देकर तीन विकेट) ने टीम को अहम सफलता दिलाई। टीम के दोनों सीनियर तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह को कोई विकेट नहीं मिला। हालांकि भारत के मुख्य तेज गेंदबाज के 18वें और 20वें ओवर की किफायती गेंदबाजी ने केकेआर को 250 रन के करीब पहुंचने से रोक दिया। रहाणे ने पहले ओवर में बोल्ट की गेंद पर लांग ऑन के ऊपर से छक्का लगाकर पारी की शुरुआत की।

कप्तान हार्दिक पंड्या (39 रन देकर एक विकेट) की चौथे ओवर में लाइन और लेंथ की लगातार गलतियों का फायदा उठाकर केकेआर ने 26 रन बना लिए। रहाणे ने लेग साइड में दो 'पिक-अप' शॉट खेलकर लगातार दो छक्के जड़े, जबकि फिन एलेन (17 गेंद में 37 रन) ने पंड्या की गेंद पर चौका जड़ा और फिर विकेटकीपर व शॉर्ट फाइन लेग के ऊपर से स्कूप शॉट खेलकर तीसरा चौका लगाया। इससे पहले एलेन ने पदार्पण कर रहे अल्लाह गजनफर (51 रन देकर कोई विकेट नहीं) के तीसरे ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाकर कुल 17 रन बटोरे थे। हालांकि ठाकुर ने अपनी दूसरी ही गेंद पर फिन को आउट करके मुंबई को सफलता दिलाई, जिनका कैच तिलक वर्मा ने लपका। इसके बावजूद पावरप्ले खत्म होने के बाद केकेआर का स्कोर एक विकेट पर 78 रन था। केकेआर ने आठवें ओवर में ही 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया था और एक समय ऐसा लग रहा था कि रहाणे तिहरे अंकों (शतक) तक पहुंच जाएंगे। वह 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे। लेकिन ठाकुर ने अपने दो अलग-अलग स्पैल में दो विकेट लेकर मेहमान टीम की लय तोड़ दी। नौवें ओवर में ठाकुर ने कैमरन ग्रीन को आउट किया। फिर अपने तीसरे और पारी के 14वें ओवर में ठाकुर ने धीमी क्रॉस-सीम गेंद डालकर रहाणे को चकमा दे दिया, और वह कवर पर खड़े रोहित शर्मा को कैच देकर पवेलियन लौट गए। रहाणे ने 40 गेंद की पारी में तीन चौके और पांच छक्के जमाए। उनका मयंक मारकंडे के सिर के ऊपर से लगाया गया शॉट बेहद शानदार था, जो छक्के के लिए गया। गजनफर की गेंद पर रहाणे ने घुटनों के बल बैठकर मिड-विकेट के ऊपर से एक और जोरदार छक्का लगाया।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे। एजेंसी

केकेआर

220/4 (20 ओवर)

अजिंक्य रहाणे का हार्दिक बो शार्दुल	67
फिन एलेन का तिलक बो शार्दुल	37
कैमरन ग्रीन का रदरफोर्ड बो शार्दुल	18
रघुवंशी का तिलक बो हार्दिक	51
रिंकू सिंह नाबाद	33
रमनदीप सिंह नाबाद	04

गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 4-0-38-0, हार्दिक पंड्या 3-0-39-1, एएम गजनफर 4-0-51-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-35-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-39-3, मयंक मार्कंडेय 1-0-16-0

डीआरएस रेफरल के लिए ऑटोमैटिक डबल चेक नहीं होगा

मुंबई। बीसीसीआई ने आईपीएल की टीमों से कहा कि कि डीआरएस रेफरल के दौरान कोई भी ऑटोमैटिक डबल चेक नहीं होगा। खास तौर पर, रिव्यू केवल अपील के मूल बिंदु तक ही सीमित रहेगा, और कोई भी अतिरिक्त चेक तभी किया जाएगा जब दूसरी टीम ने तय समय के अंदर रिव्यू किया हो। अगर गेंदबाजी करने वाली टीम कैच-बिहाइंड के लिए रिव्यू करती है, तो अंपायर उसके बाद वाइड के लिए चेक नहीं करेंगे। यह तभी चेक किया जाएगा जब बल्लेबाजी करने वाली टीम रिव्यू का विकल्प चुने। बीसीसीआई के विशेषज्ञ कहते हैं कि हाइट वाइड के लिए कोई ऑटोमैटिक चेक नहीं होगा। अब से, इसका रिव्यू तभी किया जाएगा जब बल्लेबाज़ी करने वाली टीम तय 15 सेकंड के अंदर रिव्यू का विकल्प चुने।

धोनी के बिना उतरेगी चेन्नई सैमसन पर रहेंगी निगाहें

- राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला आज

गुवाहाटी, एजेंसी

पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिए खेलते नजर आएंगे।

पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे, लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिए खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे।

सैमसन ने टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों में 50 से अधिक रन बनाकर भारत की खिताबी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। वह चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरुआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पायेंगे। चोट के कारण एमएस धोनी टीम के साथ गुवाहाटी नहीं आये हैं। उनकी गैर मौजूदगी में सैमसन व गायकवाड़ पर नजरें रहेंगी।

टीम

चेन्नई सुपर किंग्स : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी।

राजस्थान रॉयल्स : रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

हाइलाइट

कोको गाफ को हराकर एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन जीता

मियामी गार्डन्स। एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन महिला एकल फाइनल में कोको गाफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराकर खिताब जीता। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका चौथी रैंकिंग वाली गाफ को हराकर 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाली पिछले चार साल में पहली खिलाड़ी बनी। उन्होंने इंडियल वेल्स खिताब भी जीता था। मियामी ओपन में यह उनकी लगातार दूसरी जीत है।

विश्व वुशू चैंपियनशिप में भारतीय चमके

तियानजिन (चीन)। भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को यहां 10वीं विश्व वुशू चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीते जबकि चार अन्य भी अलग-अलग वर्ग में फाइनल में पहुंच गए। भारत की अनु लड़कियों के वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की झांग लिनिंग के सामने थीं लेकिन वह कड़े मुकाबले में हार गईं जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। वहीं लड़कों के सेमीफाइनल में गौतम मनकास अपने प्रतिद्वंद्वी से हार गए, जिससे उन्हें भी कांस्य पदक मिला। इसके अलावा चार भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। उपेंद्रो थौगम ने मिस्र के अहमद मोहम्मद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पामा हेइबा सिंह ने सेनेगल के अलीमौ सी को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।

दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को हराया

क्राइस्टचर्च। अयाबोंगा खाका (छह विकेट) के बाद एनरी डर्कसन (72), सुने लूस (53) और कायला रेनेके (नाबाद 42) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पहले दिनरात्रि एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को दो विकेट से शिकस्त दी। कायला रेनेके को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 269 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 30 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। तेजमिन ब्रिट्स (शून्य) और लॉरा वुलफॉर्ट (10) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद एनरी डर्कसन और सुने लूस की जोड़ी ने पारी को संभाला। मैच की आखिरी गेंद पर कायला रेनेके ने छक्का लगाकर टीम को दो विकेट से जीत दिलाई।

ब्रेक से तरोताजा होकर वापसी में मदद मिली : विराट कोहली

बेंगलुरु, एजेंसी

आईपीएल के 2026 सत्र की शुरुआत नाबाद अर्धशतक से करने वाले महान बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि नियमित अंतराल पर खेल से ब्रेक लेने से उन्हें थकान से बचने और मानसिक रूप से तरोताजा होकर वापसी करने में मदद मिली।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के इस सत्र के पहले मैच में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से मिली जीत में कोहली ने 38 गेंद में पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए। कोहली ने मैच के बाद कहा वापिस यहां आकर अच्छा लग रहा है। आखिरी मैच मैने पिछले साल आईपीएल फाइनल खेला था लेकिन हाल ही में वनडे श्रृंखलाओं में जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे मुझे लय हासिल करने में मदद मिली। अंतरराष्ट्रीय टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके कोहली ने कहा मैं वह शॉट्स नहीं खेल रहा था जो आम तौर पर नहीं खेलता। मुझे पता है कि मैं लय में हूं और मैने फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है तो प्रदर्शन अच्छा ही रहेगा। हमारे पास अच्छी शुरुआत का मौका था और हमने वही किया। सिर्फ एक ही प्रारूप खेलने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा पिछले 15 साल से जिस तरह का कार्यक्रम रहा है और हमने जितनी क्रिकेट खेली है, मेरे लिये तैयारी की कमी की बजाय जरूरत से ज्यादा खेलने की थकान का जोखिम अधिक रहा है।

हमने देवदत्त, कोहली को रन बनाने के मौके दिए : कोच विटोरी

बेंगलुरु। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अपनी टीम की गेंदबाजी को खराब बातते हुए कहा कि गेंदबाजों ने आईपीएल के पहले मैच में विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिए। सनराइजर्स ने सत्र के पहले मैच में नौ विकेट पर 201 रन बनाये लेकिन आरसीबी ने लक्ष्य 15 .4 ओवर में ही हासिल कर लिया। विटोरी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा आपको गेंदबाजी से अच्छी शुरूआत की जरूरत थी जो फिल साल्ट का विकेट लेकर की भी, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके।

इस उम्र में कोहली की ऊर्जा और जोश बेजोड़ : अश्विन

बेंगलुरु। विराट कोहली की जमकर तारीफ करते हुए भारत के पूर्व आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि टेस्ट और वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद अपनी बेजोड़ ऊर्जा और जोश के दम पर जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं।

पिछले साल तीन जून को आईपीएल फाइनल जीतने के बाद पहली बार टी20 प्रारूप खेलते हुए कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 38 गेंद में नाबाद 69 रन बनाये जिसकी मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने आईपीएल 2026 के पहले मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की। अश्विन ने एक शो पर कहा वह जो कहते हैं, करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा ऐसा लगता है कि वह लोगों को दिखा रहे हैं कि कैसे खेला जाता है। इसे जोरदार ढंग से खेलो और वैसे ही खेलो, जैसे खेला जाना चाहिए। विराट ने जो कुछ भी किया, उस लिहाज से यह बात मेरे लिए सबसे खास रही। कोहली ने आईपीएल से पहले जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 93, 23 और 124 रन बनाए थे।

पिछली जीत को हम पीछे छोड़ चुके : पाटीदार

- आरसीबी के कप्तान बोले-हम कुछ बचाने के लिए नहीं खेल रहे

बेंगलुरु, एजेंसी

कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पिछले साल आईपीएल में मिली जीत को पीछे छोड़ चुकी है और अब फोकस इस साल फिर खिताब जीतने के लिये बेहतरीन प्रदर्शन पर है। आरसीबी ने इस सत्र के पहले मैच में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की। पाटीदार ने कहा कि वह टीम के अभियान को खिताब बचाने की मुहिम नहीं मानते।

उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम इस मानसिकता के साथ नहीं खेल रहे हैं कि कुछ बचाना है। हमने 2025 में जो किया, वह बीती बात है। हम इस बार फिर खिताब जीतने के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से खेल रहे हैं।

आरसीबी की जीत में विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल और जैकब डफी का अहम योगदान रहा। पाटीदार ने कहा लक्ष्य का पीछा करने में कोहली नंबर एक हैं। मुझे हमेशा से उनकी बल्लेबाजी पसंद है और डगआउट से उन्हें खेलते देखना बहुत शानदार रहता है। उन्होंने कहा कोच एंडी फ्लावर की तरह मुझे भी लगता है कि वह अपने खेल के शिखर पर है। उसकी पारी को बयान करने के लिये मेरे पास समय नहीं है। वह मेरे आदर्श है और मैने उन्हें नेट्स पर उसी ऊर्जा और तत्परता के साथ खेलते देखा है। मैं उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखकर बहुत कुछ सीख रहा हूं। सनराइजर्स के शीर्ष तीन विकेट लेने वाले डफी के बारे में उन्होंने कहा वह टी20 का विशेषज्ञ गेंदबाज है और हमें उस पर काफी भरोसा है । जिस तरह से वह खेल रहा है, जबर्दस्त है ।



मर्सिडीज के एंटोनेली ने लगातार दूसरी एफवन रेस जीती

सुजुका। मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने रविवार को जापानी ग्रांप्री में मैकलारेन के ऑस्कर पियास्त्री को पछाड़ते हुए लगातार दूसरी फॉर्मूला वन (एफ1) रेस जीत ली।

इटली के एंटोनेली ने ऑस्ट्रेलिया के ड्राइवर को 13.7 सेकंड के अच्छे अंतर से पछाड़ा। फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर्क तीसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल चौथे स्थान पर रहे। मैकलारेन के लैंडो नॉरिस पांचवें और फेरारी के लुईस हैमिल्टन छठे स्थान पर रहे। एंटोनेली ने अपने करियर की पहली एफवन रेस दो सप्ताह पहले चीन में जीती थी और वह इतिहास के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता हैं। सबसे कम उम्र के विजेता का रिकॉर्ड मैक्स वेरस्टैपेन के नाम है। उन्होंने 2016 में 18 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

एंटोनेली ने चीन में भी पोल पोजीशन से जीत दर्ज की थी। तीन रेस में एंटोनेली के 72 अंक हैं। वह अब सत्र की ड्राइवर की तालिका में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।

मिले मौका

पूर्व महिला मुक्केबाज मैरी कॉम ने बढ़ावा देने की मांग की

आदिवासी खिलाड़ियों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने की क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व महिला मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने रविवार को भारत के आदिवासी समुदायों के बीच खेलों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि इन समुदायों के लोगों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने के लिए जरूरी शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता मौजूद है।

एआईबीए महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छह बार स्वर्ण पदक जीतने वाली कॉम ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग कॉम्प्लेक्स में आयोजित फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम के दौरान यूनीवार्ता को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि अगर आदिवासी खिलाड़ियों (पुरुष और महिला दोनों) को सही तरह का सहयोग मिले, तो वे निश्चित रूप से बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, मैं खुद कॉम समुदाय से आने वाली एक आदिवासी महिला हूं। आदिवासी लोग ऐसे इलाकों में रहते हैं जहां की परिस्थितियां काफी कठिन होती हैं, उनमें जबरदस्त शारीरिक और मानसिक दृढ़ता होती है और उन्हें अपने रोजमर्रा के जीवन में बहुत अधिक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आदिवासी लोग स्वभाव से ही मजबूत होते हैं, और मुझे लगता है कि अगर उन्हें सही मात्रा में सहयोग और जागरूकता मिले, तो वे खेलों के क्षेत्र में निश्चित रूप से बहुत आगे बढ़ेंगे। 2012 के लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली इस खिलाड़ी ने छत्तीसगढ़ में चल रहे पहले खेलो इंडिया आदिवासी खेल 2026 की जमकर सराहना की। इन खेलों में 30 राज्यों के आदिवासी एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। चुने गए खिलाड़ियों को खेलो इंडिया केंद्रों में शामिल किया जाएगा, और वहां से जो सबसे बेहतरीन खिलाड़ी होंगे, उन्हें नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए चुना जाएगा।

मैरी ने कहा उन्हें मुफ्त में ट्रेनिंग मिलेगी, इससे बेहतर और क्या हो सकता है। आदिवासियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन उनमें जागरूकता की बहुत बड़ी कमी है। हमें उम्मीद है कि ये खेल आदिवासी एथलीटों को आगे आने के लिए एक बहुत बड़ा मंच प्रदान करेंगे। जिन्हें अक्सर मैग्निफिसेंट मैरी (शानदार मैरी) के नाम से पुकारा जाता है, ने बताया कि वह फिलहाल प्रोफेशनल बॉक्सिंग में कदम रखने की योजना बना रही हैं और उनका लक्ष्य 2027 में अपना प्रोफेशनल डेब्यू करना है। उन्होंने कहा मैंने शौकिया बॉक्सिंग में वह सब कुछ हासिल कर लिया है, जो हासिल किया जा सकता था।

उतर सकती हैं पेशेवर मुक्केबाजी में

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने रविवार को कहा कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी 43 वर्ष की मैरी कॉम ने कहा कि अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिये अब उनकी उम्र निकल चुकी है। उन्होंने कहा छह विश्व चैम्पियनशिप जीतना खास रहा। अब मैं उस उम्र में हूं कि देश के लिये अमैच्योर सर्किट पर नहीं खेल सकती। पेशेवर मुक्केबाजी एक नया मौका हो सकता है।

भगवान महावीर स्वामी
जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर
अमृत विचार का E-Paper Subscription
Subscribe करने के लिए Scan करें
03 महीने के लिए FREE
BAREILLY I LUCKNOW I KANPUR I MORADABAD I AYODHYA I HALDWANI